फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -201, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला **16**



## अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है।

### एमआईआरवी तकनीक क्या है?

एमआईआरवी तकनीक के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे सड़क मार्ग से कहीं भी ले जाया जा सकता है। नए टेस्ट के साथ भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता वाले देशों की खास सूची में आ गया है।

### अग्नि-5 क्या है?

अग्नि-5 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करने से पहले अंतरिक्ष में जाती है। अग्नि-5 मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है। इस तरह से अग्नि-5 की मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक हो सकती है।

**5,000** किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है अग्नि-5 मिसाइल

# 24 घंटे में दें चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की समयसीमा बढ़ाने की मांग**
- **निर्वाचन आयोग 15 मार्च तक जानकारी वेबसाइट पर डाले**

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

### विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा- कोर्ट के आदेश से असलियत से पर्दा हटेगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। खरगे ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय द्वारा एसबीआई की याचिका खारिज किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब कम से कम चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची सामने आ जाएगी जिससे पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। हम और आप जान पाएंगे या नहीं।

## कांग्रेस के प्रत्याशियों की दूसरी सूची जल्द होगी जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के वास्ते सोमवार को उत्तराखंड, राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाने के लिए बैठक की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और समिति में शामिल कई अन्य नेताओं, संबंधित राज्यों के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में शिरकत की। पार्टी की सीईसी की यह दूसरी बैठक है। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची अगले एक-दो दिन के भीतर जारी हो सकती है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

### एक नजर

#### महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी है। सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ करेगी। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।

#### पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया गया। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है।

केंद्र सरकार ने सीएए-2019 लागू करने के लिए जारी की अधिसूचना

# नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

## 31 दिसंबर 2014 तक भारत में आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

नई दिल्ली, ब्यूरो



- **अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए शरणार्थी ही पा सकेंगे नागरिकता**
- **हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को मिलेगी सुविधा**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का एलान किया है। 4 वर्ष 3 माह पूर्व इस अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। लेकिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। अब पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता देने के लिए एक पोर्टल का सृजन किया गया है। उसमें आवेदन करने के बाद सरकार की एक एजेंसी आवेदन कर्ता के सारे दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। 6 धर्मों के व्यक्तियों को नागरिकता मिलेगी। जिसमें हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी एवं ईसाई शामिल है। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में नागरिकता कानून में संशोधन करने का प्रस्ताव था। 2019 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने नागरिक संशोधन विधेयक तैयार किया और 10 एवं 11 दिसंबर को इसे लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करवा दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी।

### प्रदेश में पुलिस फोर्स की छुट्टियां रद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग की सभी छुट्टियां रद कर दी हैं। छुट्टी पर गए जवानों को तत्काल वापस बुलाने के निर्देश हैं। जिलों अथवा परिक्षेत्रों के पुलिस प्रमुखों के स्तर से भी सोमवार को जारी आदेश में कानून-व्यवस्था और त्योहारों का हवाला दिया गया है। सीएए को लेकर भी पुलिस शांति-व्यवस्था बनाए रखने में कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती।

### भाजपा ने ऐतिहासिक वादा पूरा किया : भट्ट



**हल्द्वानी।** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार जनता से किया हर वादा पूरा करती है। 11 मार्च को फिर एक और ऐतिहासिक वादा पूरा किया है।

### मानवता को आह्लादित करने वाला निर्णय : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू करने का स्वागत करते हुए मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने एक्स पर निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। योगी ने लिखा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता क़ानून लाने से क्या होगा? सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गए? - **अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख



केन्द्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को ठीक चुनाव से पहले लागू करने के बजाय, इसको लेकर लोगों में जो संदेह, असमंजस व आशंकाएं हैं उन्हें पूरी तरह से दूर करने के बाद ही इसे लागू किया जाना ही बेहतर होता। - **मायावती**, बसपा सुप्रीमो

### चुनाव से पहले सीएए लाना ध्रुवीकरण का प्रयासः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीएए को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले देश और खासकर पश्चिम बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड पर शीर्ष कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

## एचटी लाइन की चपेट में आई बस, 5 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **गाजीपुर में बरातियों बस हुई हादसे का शिकार, 10 गंभीर**
- **मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना, आर्थिक मदद देने की घोषणा**

**अमृत विचार :** गाजीपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस के अचानक हाइवोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आई बस में धू-धू कर जल गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 10 बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की हालत नाजुक है। बस में उतरा करंट इतना तेज था कि लोग बचाव के लिए बाहर तक नहीं कूद पाए। बस में 38 यात्री सवार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों के निशुल्क समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और अनिल राजभर गाजीपुर पहुंचे। मऊ के रानीपुर क्षेत्र के खीरियां खाजा की रहने लड़की की शादी जनपद के मुहम्मदाबाद के महमूदपुर गांव में तय थी। सोमवार को शादी महाहर धाम के समीप भैरो मंदिर पर होनी थी। लड़की पक्ष के लोग मऊ से भैरो मंदिर पर आ रहे थे। दुल्हन को उतारने के बाद बस के अन्य रूट से जाते समय यह हादसा हुआ।

### एक्सईएन सहित 3 निलंबित लाइनमैन को किया बर्खास्त

**लखनऊ।** उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हादसे में कार्रवाई करते हुए पावर कारपोरेशन के एक अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। साथ ही, लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया। मौके पर पहुंचे मंत्री ने मृतकों के परिजनों और घायलों को ढांढस बंधाया और राहत दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को लापरवाही पर निलंबन के साथ लाइनमैन नरेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी।

## संदेशखालि : ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई ही करेगी

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को किए गए हमले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के पांच मार्च के आदेश में राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की इस दलील पर गौर किया कि यदि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच हस्तांतरित करने के अंतिम आदेश को यथावत रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए। पीठ ने पूछा कि तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को पांच जनवरी के हमले के बाद क्यों तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया और मामले की जांच में विलंब क्यों हुआ।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय ''अनूप बरनवाल'' मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिसंबर 2023 में लागू नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है।

## भोजशाला परिसर का होगा वैज्ञानिक सर्वेक्षण

इंदौर, एजेंसी

- **मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने एएसआई को दिए निर्देश**
- **विवाद : हिंदू मानते हैं वाग्देवी का मंदिर, मुस्लिम बताते हैं मस्जिद**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को धार जिले के विवादास्पद भोजशाला परिसर का छह सप्ताह के भीतर एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का सोमवार को निर्देश दिया। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को की गई एक व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति एसए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्र ने सभी संबद्ध पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद जारी एक आदेश में कहा कि इस अदालत ने केवल एक निष्कर्ष निकाला है कि भोजशाला परिसर का जल्द से जल्द एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन कराना एएसआई का संवैधानिक और कानूनी दायित्व है।

## राजग से 10 और सपा से तीन नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### एमएलसी चुनाव

- **सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय, 21 मार्च को होगी अधिकृत घोषणा**
- **सपा ने खेला पीडीए कार्ड, प्रदेश अध्यक्ष को नहीं मिली तरजीह**

**अमृत विचार :** विधान परिषद की 13 सीटों के लिए सोमवार को राजग से 10 प्रत्याशियों ने विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नामांकन किया। इसमें भाजपा के सात और सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद और सुभासपा के एक-एक प्रत्याशी हैं। जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीडीए कार्ड खेलते हुए पूर्वमंत्री बलराम यादव (पिछड़ा), पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप (अति पिछड़ा) और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली (अल्पसंख्यक) का नामांकन कराया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को इस बार मौका नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी विजय बहादुर पाठक, डा. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनिवाल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह व रामतीरथ सिंघल समेत सहयोगी अपना दल (एस) से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा के बिच्छेलाल राजभर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां से 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय आदि की उपस्थिति में सभी ने बारी-बारी से रिटर्निंग अफसर बृजभूषण दुबे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। राजग 10 सीटें निर्विरोध जीतने की स्थिति में है।

### अखिलेश ने ऐन मौके पर तय किए प्रत्याशी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सुबह से दोपहर तक विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम तय किए। इसके बाद तीनों प्रत्याशी विधानभवन पहुंचे और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल गया।

## तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, बरेली



- **समन तामील न करने पर अदालत ने जताई कड़ी नाराजगी**

**अमृत विचार :** शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के हाजिर न होने पर अदालत ने सोमवार को उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। उसे समन न तामील करने पर भी कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी को इंस्पेक्टर प्रेमनगर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। अब सीओ फर्स्ट को समन तामील कराने के साथ तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। अदालत ने छह अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी किए हैं।

फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने पांच मार्च को केस की सुनवाई करते हुए तौकीर को मुख्य अभियुक्त करार देने के साथ उसे 11 मार्च को कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने तौकीर रजा के हाजिर न होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

## तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को वाराणसी के पुलिस आयुक्त समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस कड़ी में कमिश्नर वाराणसी मुथा अशोक जैन को अपर महानिदेशक (एडीजी) उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर एडीजी एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस) मोहित अग्रवाल को तैनाती दी गई है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजनिंग) पीएसी मुख्यालय, लखनऊ नीलाब्जा चौधरी को उसी पद पर एटीएस में स्थानांतरित किया गया है।

तैयारी

फलों की गुणवत्ता सुधारने के साथ फ्रूट बैग तकनीक का उपयोग करेंगे बागवान

## आम की सेहत सुधारकर यूपी से बढ़ाएंगे निर्यात

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **अमेरिका, जापान, दुबई व ओमान आदि से आई एक हजार टन निर्यात की मांग**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में आम की पैदावार तो अधिक है, लेकिन मौसम के विपरीत प्रभाव से गुणवत्ता खराब होती जा रही है। इस कारण दो साल से मांग के अनुसार देशों में आम का निर्यात प्रदेश नहीं कर पा रहा है। इस बार भी एक हजार टन आम के निर्यात की मांग लखनऊ के रहमान खेड़ा में मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आई है। इसकी पूर्ति करने के लिए मैंगो पैक हाउस पहले से फल पट्टी क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार पर काम करेगा और बागवानों को उद्यान विभाग, फल संरक्षण, कृषि रक्षा व कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से पैदावार, सुरक्षा और गुणवत्ता पर विशेष प्रशिक्षण देगा। साथ ही पैक हाउस बागों में फ्रूट कवर बैग तकनीक का उपयोग कराएगा। इसमें फलों को छोटी अवस्था पर बैग से कवर किया जाएगा। जो फलों को मक्खी, फंगस, कीटरोग आदि के प्रकोप से बचाएगा और खराब मौसम का असर नहीं पड़ेगा।

**पैक हाउस देगा 2 रुपये में फ्रूट बैग :** मैंगो पैक हाउस निर्यात के लिए बागवानों का चयन कर आम खरीदेगा। उन्हें पहले से 2 रुपये प्रति फ्रूट कवर बैग उपलब्ध कराएगा।

### आज उन्नाव से होगी प्रशिक्षण की शुरुआत

पहले चरण में प्रशिक्षण के लिए लखनऊ के आसपास के जिले उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, प्रतापगढ़ चयनित किए गए हैं। शुरुआत आज उन्नाव के हसनगंज से होगी। प्रशिक्षण में किन चीजों का इस्तेमाल कब और कैसे करना है व किन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना है यह पूरी विधि बताई जाएगी। पैक हाउस तक सुरक्षित आम पहुंचाने की पैकिंग भी सिखाई जाएगी।



### अमेरिका में पहली बार निर्यात की तैयारी

पिछले माह दुबई के गल्फ फूड एक्सपो में अमेरिका, जापान, ओमान व दुबई आदि देशों ने उत्तर प्रदेश से एक हजार टन मलिहाबादी दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि की मांग की है। निर्यात जून से शुरू होगा। अमेरिका में पहली बार आम वहां के मानकों पर पूरा कर भेजा जाएगा। जबकि पिछले वर्ष एक हजार टन में 50 टन आम ओमान, दुबई, रसिया व लंदन निर्यात हो पाया था। बेमौसम बारिश और आंधी से गुणवत्ता खराब हुई थी। जबकि उत्पादन अधिक हुआ था।

प्रदेश में निर्यात की दृष्टि से आम की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। इस कारण देशों में मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इस बार पहले से संबंधित विभागों के सहयोग से गुणवत्ता सुधार पर काम करेंगे। किसानों को प्रशिक्षित करने के साथ बागों में फ्रूट बैग तकनीकी का उपयोग करेंगे।
– **अकरम बेग**, महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, लखनऊ

# तीन दोस्तों की एक साथ उठीं अर्थियां, हर आंख नम



रोती-बिलखती प्रांशु की मां को संभालती रहीं महिलाएं। अमृत विचार



तीन बच्चों की मौत की खबर सुनकर घर के बाहर जुटी भीड़। अमृत विचार

**सरयू में डूबने का मामला**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा विश्व बैंक के आई ब्लाक की एक गली में खेलकर बड़े हुए थे बचपन के दोस्त
- बेटों की अर्थियां उठती देखकर बेसुध हुए परिजन, भैरव घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** एक बार मेरे लाल का चेहरा तो देख लेने दो... अब कभी नहीं देख पांएगे। मेरे बाबू मम्मी को छोड़ कर मत जाओ... इस तरह से कोई जाता है क्या। अब किसके सहारे जियेंगे मेरे बच्चे। ऐसे ही चीत्कार और करुण क्रंदन के बीच सोमवार सुबह जब एक ही मोहल्ले विश्व बैंक आई ब्लाक से बचपन के तीन दोस्तों अध्ययन, रवि और हर्षित की एक साथ अर्थियां उठीं तो परिजनों का कलेजा फट गया और पूरा मोहल्ला विलाप कर उठा। सैकड़ों लोग मृत बच्चों की अंतिम विदाई में शामिल हुए। अपने बच्चों के शव जाते देख परिजन बेसुध होकर गिर पड़े।

बर्रा विश्वबैंक आई ब्लॉक निवासी छह दोस्त हर्षित, शुभम उर्फ रवि, अध्ययन उर्फ प्रांशु, अमन शर्मा, कृष्णा सहगल और तनिष्क पाल बीते शनिवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने गए थे। रविवार सुबह सरयू में स्नान करने के दौरान रवि, प्रांशु और हर्षित की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। रविवार देर रात 11 बजे तीनों बच्चों के शव घरों में आए तो परिजनों की चीत्कार से पूरा मोहल्ला दहल उठा। सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे तीनों साथियों के शव एक साथ उठे तो कोहराम मच गया।

**प्रांशु के शव के पीछे दौड़ती मां बेसुध होकर गिरीं**

जैसे ही तीनों बच्चों की अर्थियां उठीं मृतक प्रांशु की मां अनीता सिंह चौहान बेटे की आखिरी झलक के लिए पीछे दौड़ती हुई बेसुध होकर गिर पड़ीं। आसपास की महिलाओं ने सहारा देकर उन्हें किनारे पर बैठाया। बिखलते हुए अनीता ने कहा कि मेरा जिगर का टुकड़ा जा रहा है, कोई तो उसे रोक लो, एक बार जी भरकर उसे देख लूं, अब कभी नहीं देख पाऊंगी।

जिस किसी ने यह मंजर देखा उसके मुंह से हाय-हाय के साथ आंखों से आंसू छलक पड़े। हर जुबान में बस यही बात थी कि भगवान यह दिन किसी को न दिखाए। तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार भैरव घाट पर किया गया। मृतक रवि को उसके बड़े भाई राजन और हर्षित व प्रांशु को रिश्तेदारों ने मुखाग्नि दी।



बर्रा विश्व बैंक में सोमवार को एक साथ उठीं तीनों दोस्तों की अर्थियां। अमृत विचार

**हर्षित की मां का विलाप, हम भी जाएंगे उसके साथ**

काल के गाल में समाए एकलौते बेटे हर्षित की मौत पर रोते हुए उसकी मां अनीता देवी अपनी बेटियों से बोलीं, हम भी जाएंगे उसके साथ, अब किसके सहारे जिंदा रहेंगे। दिल पर पत्थर रख कर हर्षित के पिता ललित नारायण ने कहा कि सहारा तो चला गया, अभी दो बेटियों की जिम्मेदारी है कंधे पर, इसलिए घुट-घुटकर जीना तो पड़ेगा ही।

**बाप को देना पड़ा एकलौते बेटे को कंधा इससे बड़ी क्या बेबसी**

मृतक रवि की अर्थी को कंधा देने से पहले रुंधे गले से पिता मोहन मिश्रा बोले कि जिसको मुझे कंधा देना था आज उसे अपना कंधा देना पड़ रहा है। उधर, इकलौते बेटे हर्षित का शव देखकर पिता ललित नारायण सदमे में चले गए। लोगों ने उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारे, होश आने पर ढांढस बंधाया।

**बड़े भाई के शव पर फूल चढ़ाते, पैर छूते कांपने लगे हाथ**

बड़े भाई प्रांशु का शव देख छोटा भाई सार्थक बिलखते हुए बोला कि अब मेरे साथ कौन खेलेगा। रिश्तेदारों ने सार्थक के हाथों से प्रांशु के शव पर फूल चढ़वाए तो उसके हाथ कांपते रहे। इसके बाद सार्थक ने भाई के पैर छूकर अंतिम विदाई दी, जिस पर रिश्तेदार बोले कि अब सारी जिम्मेदारी बेटा तेरे हाथों में है।





रोते-बिलखते परिजनों को देख हर किसी की आंख नम हो गई। अमृत विचार

**क्या हुआ बताओ तो, मेरा भाई चला गया**

हर्षित की मौत पर बिलखती बहनें उसके दोस्त कृष्णा सहगल के घर पर पहुंची। कृष्णा का हाथ पकड़ कर बहन आरती व मांशु ने रोते हुए पूछा कि आखिर ऐसा क्या हुआ था, जो मेरा भाई मौत के मुंह में चला गया, कुछ तो बताओ। बहनों के सवाल सुनकर कृष्णा की आंखों से आंसू छलकते रहे। भयावह मंजर याद करते हुए कृष्णा खौफ से भर गया। वह बोलने का प्रयास करता रहा, लेकिन उसके मुंह से एक शब्द नहीं निकला।



रवि की बदहवास मां। अमृत विचार

## स्नान घाट से दूर खींच ले गई मौत नदी में उतरे और समाते चले गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अमन व कृष्णा के मुंह से बोल नहीं फूटे, तनिष्क ने बताया हादसे का मंजर
- रवि नदी में उतरा और पैर आगे बढ़ाया तो पानी गले तक पहुंच गया
- हर्षित व प्रांशु उसे डूबते देख बचाने के लिए उतरे तो फिर नहीं लौटे

**अमृत विचार।** सरयू नदी में तीन दोस्तों की डूबकर मौत होने की दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी साथी तनिष्क, अमन व कृष्णा घर आने के बाद से बुरी तरह से सहमे हुए हैं। दहशतजदा अमन और कृष्णा ने तो हादसे को लेकर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। दोनों के मुंह से बोल नहीं फूटे।

डरे- सहमे तनिष्क ने बताया कि सरयू के तट पर भारी भीड़ होने की वजह से रवि ने दूसरे स्थान पर नहाने के लिए कहा, इस पर सभी साथी तट से दूर चले गए। अभी हम लोग आपस में बातचीत कर ही रहे थे कि इसी दौरान रवि सरयू नदी में उतर गया।

उसने पैर आगे बढ़ाया कि देखते ही देखते पानी उसके गले तक पहुंच गया। हर्षित और प्रांशु उसे बचाने के लिए नदी के पानी में उतरे और वो भी डूब गए।

**दोस्तों के आखिरी सफर में हम भी साथ जाएंगे**

कानपुर। सोमवार सुबह जब तीनों दोस्तों की अर्थियां उठी तो कमरे में बंद दहशतजदा कृष्णा व तनिष्क भी घर से बाहर निकल पड़े। परिजनों से जिद करने लगे कि वे भी साथियों के साथ उनके आखिरी सफर में शामिल होने जाएंगे, लाख मना करने के बावजूद नहीं मानने पर परिजन बच्चों को लेकर जाने लगे, लेकिन इलाकाई लोगों के समझाने-बुझाने के बाद दोनों दोस्त विवश होकर बुझे मन से घर की ओर वापस लौट गए।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से क्रास मुकदमा दर्ज किया है। चंदन नगर निवासी मजदूर अनुज वर्मा ने बताया कि सात साल पहले पारिवारिक शादी समारोह में इलाके में रहने वाले सनी से विवाद हो गया था। सनी ने रवि, मीना, नवल किशोर और शिवम के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने बीच-बचाव करने पहुंचे मनोज और बबलू को पीटकर लहूलुहान कर दिया। वहीं सनी का आरोप है, कि मनोज, बबलू, छोटू ने साथियों के साथ मिलकर नशेबाजी के विरोध में मारपीट की। इस संबंध प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## रामादेवी फ्लाईओवर के नीचे कब्जे पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थाना क्षेत्र में रामादेवी फ्लाईओवर नौबस्ता वाले रूट पर अवैध स्टैंड संचालक ने अपने गुर्गों के साथ फ्लाईओवर के नीचे लगी ग्रिल को काटकर कब्जा करने का प्रयास किया। इस पर इलाके के लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस पर सांठगांठ का आरोप लगाया।

रामादेवी चौराहे पर नौबस्ता वाले रूट पर अवैध टेंपो स्टैंड वर्षों से सफेदपोशों के संरक्षण में संचालित हो रहा है। फ्लाईओवर के नीचे ग्रीनबेल्ट की जगह पर कब्जा कर स्टैंड चलाया जा रहा है। लेकिन अब संचालक और उसके गुर्गे उसी रूट पर एचएएल कॉलोनी की तरफ फ्लाईओवर के नीचे भी कब्जा करना चाहते हैं। इसके लिए सोमवार को कुछ लोग फ्लाई ओवर के नीचे लगी ग्रिल काटने लगे। लोगों ने विरोध किया तो ग्रिल काटने वालों ने नगर निगम की ओर से सुंदरीकरण के लिए काम होने की बात कहते हुए आदेश होने की बात कही। लोगों ने आदेश दिखाने को कहा तो आरोपी बहस करने लगे। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। पार्षद पति मनोज यादव भी पहुंचे। उन्होंने कब्जा किए जाने का विरोध किया। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि कब्जे का आरोप लगाकर लोगों ने विरोध किया था। मामला शांत करा दिया गया है।

## लुटेरी दुल्हन के खिलाफ चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थाना का मामला सिपाही ने फेसबुक के माध्यम से की थी शादी

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में पिछले वर्ष नवंबर में सिपाही जितेंद्र को शादी करके फंसाने वाली फर्जी आयकर इंस्पेक्टर लुटेरी दुल्हन शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता के खिलाफ पुलिस ने साक्ष्य संकलन के साथ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने इस मामले में पहले दुल्हन के प्रेमी सोनू को विवेचना में नाम शामिल किया था। लेकिन चार्जशीट में किसी अन्य को आरोपी नहीं बनाया गया है।



लुटेरी दुल्हन शिवांगी सिसोदिया उर्फ सविता।

मूलरूप से झांसी के पूंछ निवासी सिपाही जितेंद्र ने पुलिस को बताया था कि वर्ष 2016 में उनकी दोस्ती झांसी निवासी शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता से फेसबुक के माध्यम से हुई थी। सविता ने श्याम नगर के एक होटल में मुलाकात के दौरान खुद को आयकर इंस्पेक्टर बताया था। इसके बाद वर्ष 2021 में दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद सिपाही शिवांगी को लेकर रंजीत नगर के एकता अपार्टमेंट में रहने लगा था। शादी के दौरान सविता ने कई झूठ बोले। वह पहले से विवाहित थी। उसके बच्चे भी थे। सिपाही जितेंद्र के साथ शादी में बुलाए गए रिश्तेदार फर्जी निकले थे। शादी में कार दिलाने के बहाने सविता ने जितेंद्र से 6.21 लाख की ठगी की थी। 12 सितंबर 2023 को घर में सविता के साथ उसके प्रेमी सोनू को पाकर जितेंद्र को सच्चाई पता चली। जिस पर जितेंद्र ने सविता के खिलाफ नजीराबाद थाने में धमकी देकर पैसा ऐंठने, अमानत में खयानत, धोखाधड़ी और शादी शुदा होते हुए दूसरी शादी करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने अपने हिसाब से मामले की जांच की तो पता चला कि शिवांगी सविता देवी, पिंकी गौतम, सविता शास्त्री बताकर लोगों को ठगती थी। मामले में नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फर्जी आयकर इंस्पेक्टर लुटेरी दुल्हन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

## साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए दो लाख

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने वरिष्ठ नागरिक के दो क्रेडिट कार्डों से लगभग दो लाख रुपये यूरो करेंसी में उड़ा दिए। पीड़ित ने जब अपनी ई-मेल देखी, तब घटना की जानकारी हुई। उन्होंने मामले की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई।

कल्याणपुर आवास विकास फर्स्ट निवासी विक्रांत हंडा वरिष्ठ नागरिक हैं। विक्रांत ने पुलिस को बताया कि उनके पास एसबीआई और स्टैंडर्ड चार्टेड का क्रेडिट कार्ड है। कुछ दिन पूर्व जब उन्होंने अपनी ई-मेल चेक की तो उसमें दोनों क्रेडिट कार्डों से यूरो करेंसी में लगभग दो लाख रुपये कई बार में निकलने के कई मैसेज आए हुए थे। जानकारी करने पर पता चला कि एसबीआई से लगभग 80 हजार रुपये व स्टैंडर्ड चार्टेड से 1.17 लाख रुपये निकले हैं। उन्होंने संबंधित बैंको से सपंर्क कर क्रेडिट कार्ड बंद करवाए। कल्याणपुर पुलिस साइबर सेल से मदद लेकर मामले की जांच कर रही है।

## बेकाबू लोडर की टक्कर से छात्र की मौत, पिता घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थाना क्षेत्र के गज्जूपुरवा मोड़ पर हादसा मृतक इंटर का छात्र था

**अमृत विचार।** सचेंडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इंटर में पढ़ने वाले छात्र की मौत हो गई। पिता का इलाज किया गया। बेटे की मौत की जानकारी जैसे ही परिवार को हुई तो चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



अंबुज (फाइल फोटो)।

सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के सेन पूरब पारा निवासी रामलखन ने बताया कि वह अपने 17 वर्षीय पुत्र अंबुज सिंह के साथ सचेंडी थानाक्षेत्र में स्थित कला का पुरवा बाइक से गए थे। बताया कि शाम चार बजे वह बेटे के साथ लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार लोडर ने गज्जूपुरवा भीमसेन मोड़ के पास पीछे से टक्कर मारते हुए भाग निकला। इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन लोगों को हैलट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इकलौते पुत्र की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पिता ने बताया कि बेटा घर के पास पारितोष इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। घटना के बाद मां मोनी और पांच वर्षीय बहन आराध्या का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डंपरों की भिड़ंत में चालक-क्लीनर जख्मी

**कानपुर।** लखनऊ गुरघुली तालाब थाना काकोरी निवासी चालक सतीश उर्फ सोनू उन्नाव के नवाबगंज कुंजपुर निवासी क्लीनर अनीश के साथ हमीरपुर गिट्टी लादने जा रहे थे। बिधनू थाने के सामने सतीश ने स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो दिया। इस कारण घाटमपुर की ओर से आए मौरंग लदे डंपर के पिछले हिस्से से उनके डंपर का अगला हिस्सा टकरा गया। हादसे में सतीश और अनीश घायल हो गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ककवन वि0ख0 ककवन कानपुर नगर।**

पत्रांक: 26/पंचम वित्त/15वित्त/ग्राम निधि/निविदा 2023–24 दिनांक: 11/03/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ककवन विकास खण्ड ककवन में कार्यदाता एजेन्सी व सामग्री आपूर्तिकाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतू निविदाएं दिनांक 14/03/2024 को अपरान्ड 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 14/03/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09/03/2024 से दिनांक 13/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्नपूर्णा माडल शॉप | 200000.00 | – | 2 माह |
| 2 | प्रेम चौहान के घर से कैलाश चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण 60 मी0 | 3.00 लाख | – | – |
| 3 | पंचायत भवन के पास मेन रोड से शेर बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण– 76 मी0 | 3.50 लाख | – | – |
| 4 | राधेश्याम राठौर के घर से छोटेलाल पाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण– 45 मी0 | 2.50लाख | – | – |

**नियम व शर्तें :–**

1– उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।
2– निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 13/03/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना टिन नम्बर व पेन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4– दिनांक 14/03/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार्य अथया निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत ककवन**
**कानपुर नगर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ककवन**
**कानपुर नगर**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अपने छोटे पुत्र हर्षित कुमार मिश्रा के खराब चाल–चलन व गलत कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य व अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। **राजकुमार मिश्रा पुत्र स्व0 गार्गी प्रसाद मिश्रा, निवासी– ग्राम ओरीपुर मजरे भिरिया, तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी।**

**आवश्यकता है**

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
**रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या**
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी भादर अमेठी**

**आवश्यकता है**
**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो–979336781

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित व बहू निधी पत्नी अंकित को उसके गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **–श्यामलाल पुत्र प्रभू , निवासी– ग्राम–नजरनगर, थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला–लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र नन्हे, निवासी– ग्राम बंदरहिया, पोस्ट फुलई, थाना मल्लावां, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई** मेरे पुत्र सिबलू व पुत्रवधू किस्मतुन बानो दोनों आपस में लड़ते झगड़ते हैं। आत्महत्या करने की धमकी देते हैं। चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी कुल चल–अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा अच्छे बुरे किए गए कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा वह मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं **सुभाष चन्द्र पाण्डेय पुत्र हसं राज व सुभद्रा पाण्डेय पत्नी सुभाष चन्द्र पाण्डेय, निवासीगण –130/34 बगाही भट्ठा थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर,** हम अपने पुत्र प्रिन्स पाण्डेय को उसके व्यवहार से क्षुब्द होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं तथा उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्यो तथा लेन देन से हमारी कोई जिम्मेदारी न है और न ही भविष्य में होगी।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी स्व. पत्नी राजवन्ती एसबीआई उमरन शाखा खाता संख्या 35699361825 में मेरा नाम अंग्रेजी में PRATHVHI PAL अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में PRITHVPAL अंकित है। दोनो मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है। – **पृथ्वीपाल पुत्र राज बहादुर, निवासी – मुरारमऊ, पो.– हमीदपुर बड़ागांव ,परगना – सलोन, तहसील व थाना– ऊंचाहार,जिला – रायबरेली**

आज का मौसम
आसमान साफ रहेगा, बारिश की कोई संभावना नहीं

29.0° अधिकतम तापमान
12.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 21
सूर्यास्त 06 : 16

# हंगामे के बीच हर पार्षद को विकास के लिए 50 लाख रुपये

## नगर निगम सदन : भाजपा के पार्षद हॉट मिक्स प्लांट के टेंडर को लेकर भिड़े, अधिकारियों पर कई बार बिफरीं महापौर, ठेकेदारों पर कसी लगाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर निगम सदन हंगामे के बीच शुरू तो हुआ लेकिन खत्म होते-होते वार्डों को बहुत कुछ दे गया। पार्षदों की मांग और महापौर प्रमिला पांडेय के हस्तक्षेप पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट से पार्षद निधि के रूप में 50 लाख रुपये का बजट देने पर सहमति दे दी। इसके बाद पार्षदों ने सदन में महापौर जिंदाबाद के नारे लगाए और टेबल बजाकर धन्यवाद दिया। अब नगर निगम बजट में संशोधन कर उसे फिर से पास कराने के लिए कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी। बजट पर मुहर लगने के बाद पार्षद अपने वार्डों में 50 लाख रुपये तक के काम और करा सकेंगे। नगर निगम सदन आधा घंटे देरी से मध्याह्न 1.30 बजे शुरू हुआ। महापौर प्रमिला पांडेय ने पार्षद अरुण गर्ग के प्रतिनिधि संदीप अग्रवाल और पार्षद पति उमेश शुक्ला को सदन से बाहर निकालते हुए चेतावनी दी कि सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बाहरी व्यक्ति बाहर निकल जाया करें, नहीं तो कार्रवाई होगी। वार्ड 32 के पार्षद आकर्ष बजापेयी ने कहा कि 2024-25 के बजट में पार्षद निधि को भी जोड़ा जाए। इसका प्रावधान है। इसके बाद पार्षदों ने एकमत होकर प्रस्ताव दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि बजट में पार्षद निधि को जोड़ने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन कुल वसूली पर हम कितना दें, यह बात पार्षदों की ओर से स्पष्ट नहीं है। इसके बाद 50 लाख रुपये हर पार्षद को देने की घोषणा हुई। निगम का इस बार बजट 1866.10 करोड़ रुपये का है।

**नदारद रहे अधिकारियों पर करें कार्रवाई:** सदन में मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, अधिशाषी अभियंता आरके तिवारी समेत कई अधिकारी नहीं पहुंचे। इसपर महापौर ने कहा कि सदन को मजाक समझ लिया है। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि जो अधिकारी नहीं आये हैं उनपर वेतन रोकने के साथ विभागीय कार्रवाई करें।



वार्ड 55 की समस्या को लेकर बात रखती हुई पार्षद अंजुलि दीक्षित। अमृत विचार



सदन को संबोधित करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

### परस्पर हूटिंग और नारेबाजी

- वार्ड 15 बेनाझाबर से पार्षद सौरभ देव ने 15वें वित्त के तहत 31.88 करोड़ के हॉट मिक्स प्लांट से होने वाले कार्यों में अनियमितता का मुद्दा उठाया। पार्षद अभिनव शुक्ला ने भी प्लांटों के कार्यों की हकीकत सदन के सामने रखी। इस दौरान सौरभ देव ने टेंडर निरस्त करने की मांग की तो भाजपा वार्ड 58 जाजमऊ के पार्षद कैलाश चंद्र पांडेय ने विरोध में कहा कि चुनाव सिर पर हैं टेंडर कैसे निरस्त हो सकते हैं। दोनों तरफ से हूटिंग शुरू हो गई। महापौर ने टेंडर की जांच के आदेश देते हुये कहा, अगर ठेकेदारों ने अनियमितता की है तो कार्रवाई होगी, काम नहीं रुकेगा।

### पार्षदों ने उठाई यह मांगें

- वार्ड 47 के पार्षद निर्देश सिंह चौहान ने हर वार्ड को एक डीप फ्रीजर शव रखने के लिए देने की मांग की। शास्त्री नगर वार्ड 91 के पार्षद विनोद गुप्ता ने पिंक ट्वॉयलेट घनी बस्ती में ही बनाने की मांग की। वार्ड 76 हरबंश मोहाल के पार्षद कौशिक बाजपेयीने कहा कि मालरोड पर महिलाओं की सुरक्षा का सवाल है, मार्गप्रकाश ठीक करा दें। पार्षद पप्पू पांडे ने पेयजल और कौशल किशोर मिश्रा ने जवाब न मिलने का मुद्दा उठाया तो पवन गुप्ता ने जय जवान चौक से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

### 2.5 करोड़ के मार्ग प्रकाश के टेंडर निरस्त

**कानपुर।** शहर में मार्गप्रकाश व्यवस्था ठीक करने के लिये पिछले सदन में 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए थे। सदन में मार्गप्रकाश के लिये नगर आयुक्त द्वारा 2 .5 करोड़ रुपये के टेंडर अलग से आमंत्रित करने का मुद्दा पार्षदों ने उठाया तो महापौर ने कहा, किससे पूछकर और किसके प्रस्ताव पर यह टेंडर हो रहे हैं, पार्षद को भनक तक नहीं है। इसे तुरंत निरस्त करिये। पार्षद अंजुलि दीक्षित, वार्ड 18 की पार्षद अनीता त्रिपाठी समेत कई पार्षदों ने वार्डों में लाइटें लगवाने की मांग की।

### झाड़ू लेकर पहुंची कांग्रेस पार्षद का हुआ निष्कासन

**कानपुर।** सदन शुरू होते ही वार्ड 14 की कांग्रेस पार्षद शालू कनौजिया सदन में झाड़ू लेकर पहुंच गईं, उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उनके वार्ड के साथ भेदभाव किया जा रहा है, विरोध स्वरूप यह कदम उठाना पड़ा है। इस पर महापौर प्रमिला पांडेय गुस्सा गईं और कहा कि सदन की मर्यादा लांघने का हक किसी को नहीं है। महापौर ने पार्षद शालू कनौजिया को अगले छह महीने के लिए सदन से निष्कासित कर दिया और पुलिस बुलाकर बाहर निकाल दिया। महापौर ने कहा कि पार्षद की शिकायत का ध्यान रखा जाएगा, अगर नगर निगम अधिकारी भेदभाव कर रहे हैं तो उन पर कार्रवाई होगी।



झाड़ू लेकर पहुंची पार्षद शालू कनौजिया को सदन से बाहर निकालती पुलिस व गार्ड। अमृत विचार

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को फिर से पास कराने के लिये बुलाई जायेगी कार्यकारिणी
- सदन में मुख्य अभियंता के खिलाफ लगे नारे, पार्षदों ने नगर आयुक्त को भी घेरा, बिना बताए आमंत्रित मार्ग प्रकाश के टेंडर महापौर ने निरस्त कराये



पार्षद प्रतिनिधि को बाहर निकालते भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित। अमृत विचार

## ‘सदन से बढ़कर नहीं आप ब्लैक लिस्ट करें ठेकेदार’

**कानपुर।** सदन में 30 से 40 फीसदी कम दरों पर टेंडर डालने और ठेकेदारों के घटिया काम करने का मुद्दा भी उठा। पार्षदों ने कहा कि हम कार्य कराने जाते हैं तो नगर आयुक्त कहते हैं सिस्टम से आओ, इसपर महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि सांसद-विधायक 15-15 काम करा ले जाता है। लेकिन पार्षद चौखट-चौखट भटकता है। सारे पार्षद मेरे हैं, आप भी मेरे है राज्य और केंद्र में भी हमारी सरकार है। नगर आयुक्त जी दुर्भावना से काम न करिये, मेरा पार्षद आपसे उन्नाव और घाटमपुर का काम नहीं करवा रहा है, जो काम होगा शहर में ही होगा। सदन ने 15 फीसदी से कम दर पर टेंडर न करने का प्रस्ताव पास किया है, फिर भी 40 फीसदी बिलो टेंडर डाले जा रहे हैंआप बताइये क्या काम होगा। नगर आयुक्त जी सदन से बढ़कर आप नहीं हैं, तुरंत घटिया कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें। महापौर ने बर्रा में घटिया काम करने वाले ठेकेदार पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

### 13 मई अम्मा गईं नहीं आ गईं

- महापौर ने एक सांसद का नाम लिए बिना कहा कि कल्याणपुर में पिछले कार्यकाल में मैंने 1.5 करोड़ से नाला निर्माण का शिलान्यास किया था। चुनाव नजदीक था तो एक सांसद ने मेरे नाम का बोर्ड हटाकर अपना लगा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर निगम के कामों में महापौर और पार्षदों को बोर्ड में छोटी सी जगह दी जाती है, ऐसा न करें, नगर निगम का पैसा है। हमें सांसद अपनी निधि नहीं देते हैं। 13 मई अम्मा गईं, नहीं आ गईं है, 24 घंटे में बोर्ड हटवाकर दोबारा लगवा दें।

## लखनऊ की तर्ज पर मोहल्लेवार किया जा सकता गृहकर निर्धारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जो टैक्स बड़े होटलों से वही गरीब जनता से भी वसूल रहे

**अमृत विचार।** महापौर जी, नगर निगम पनकी इंडस्ट्रियल एरिया से जो टैक्स वसूल रहा है वही गोविंद नगर बस्ती से भी वसूला जा रहा है। लैंडमार्क होटल से भी उसी दर पर वसूली हो रही है। यह कहां का न्याय है। लोगों को दुकान, बिल्डिंग सीज करने के नाम पर डराया जा रहा है। गरीब जनता कहां से पैसे लाये। म्यूटेशन के नाम पर टहलाया जा रहा है। यह बात सदन में कई पार्षदों ने कही। नवीन पंडित ने कहा कि 2016 में बढ़ा बिल अब दिया जा रहा है। इसमें किस हिसाब से ब्याज लगाया गया है। जनता कहां से पैसे लाये। इस पर महापौर ने कर निर्धारण अधिकारी अनिरूद्ध सिंह को बुलाया। जोन-5 के जोनल अधिकारी विनय सिंह चौहान ने कहा कि दादा नगर और गोविंद नगर बस्ती में एक समान कर का निर्धारण हुआ है। पार्षद सही कह रहे हैं। नगर निगम ने वार्ड वार कर निर्धारण किया है। इसी वजह से यह दिक्कत है। इसमें संशोधन होना चाहिए। महापौर के समाधान पूछने पर जोनल अधिकारी ने बताया कि लखनऊ नगर निगम के तर्ज पर मोहल्ले वार कर निर्धारण करने से लोगों को राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि गृहकर की पर कैंप लगाएं।



हेलो डाक्टर
कान, नाक व गले से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
कम सुनाई देना, कान से मवाद आना, साईनस की बीमारी, नाक की हडडी टेढी होना, टांन्सिल का बड़ा होना एवं थाइरायड से सम्बन्धित समस्याओं के निवारण लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नाक, कान व गला विभाग की आसिस्टेंट प्रोफेसर डा0 रूचि सिंह से करें सवाल
दिनांक 12 मार्च दिन मंगलवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं.: 9219805718

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



रमज़ान मुबारक

| इफ्तार(मंगलवार) | सहरी(बुधवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :15 | सुन्नी-05 :04 |
| शिया-06 :28 | शिया-04 :50 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कृषि क्षेत्र में शोध जरूरी

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सोमवार को शोध दिवस मनाया गया। शोध दिवस की शुरुआत विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि कृषि शोध जलवायु परिवर्तन, मृदा में पोषक तत्वों के क्षरण, नए-नए उत्पन्न हो रहे कीट व बीमारी और जल संरक्षण को लेकर शोध जरूरी है। विवि के शिक्षक व शोधार्थी हर विषय पर रिसर्च कर रहे हैं। कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस समेत अत्याधुनिक तकनीक को जोड़ना जरूरी है। कुलपति ने उत्कृष्ट शोध कार्य शोध प्लांट के रखरखाव, प्लांट की साफ-सफाई की प्रशंसा की।

### तीन तलाक देने का आरोप

**कानपुर।** रेलबाजार की एक विवाहिता ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालीजनों पर मारपीट और पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र का दायरा 10 और चौराहों पर बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** शहर के नागरिकों की सुरक्षा सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर की ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर पहल रंग ला रही है। पुलिस कमिश्नर ने शहर के सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुडकर महत्वपूर्ण चौराहों और तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी के स्थापन में सहयोग करने की अपील की गई थी। इसी क्रम में सोमवार को एएफपीएल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड और केज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत शहर को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए अपने हाथ आगे बढाए। सोमवार ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजेन्द्र के जलान और केज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक डॉ रवी कपूर ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिष्टाचार भेंट की गई और अपनी-अपनी कंपनी की तरफ से प्रथम चरण में 5-5 चौराहों को गोद लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कैमरों के स्थापन के लिए गोद लिए हुए चौराहों की नामावली सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया गया।

पुलिस कमिश्नर ने इस अवसर पर त्रिनेत्र एम्बेसडर डॉ रवी कपूर व राजेन्द्र के जलान की प्रशंसा करते हुए पुलिस एवं नगर निगम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि उनके सहयोग से निश्चित तौर पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।



पुलिस कमिश्नर को नामावली सूची प्रदान करते डॉ रवी कपूर। अमृत विचार

## सपा विधायक इरफान सोलंकी की सत्यापन में 26 संपत्तियां और मिलीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। ईडी की छापेमारी के दौरान पूर्व में सीज की गईं दो कारें घर में खड़ी मिलने के बाद संपत्तियों का दोबारा सत्यापन कराने पर सपा विधायक की 26 संपत्तियां और सामने आई हैं। अब तक तीन विवेचक इस मामले की विवेचना कर रहे थे। अब अकेली जिम्मेदारी फीलखाना इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। मामले में पुलिस की लापरवाही कहां रही, इसकी जांच एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा को दी गई है। जल्द ही वह रिपोर्ट कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों को सौंपेंगी।

फरवरी, 2023 में इरफान और उनके भाई रिजवान सोलंकी, हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान और हिस्ट्रीशीटर हाजी अज्जन की संपत्तियां सीज करने के आदेश दिए गए थे। इसी में लापरवाही की बात सामने आई है। पुलिस ने तीन वाहन, नौ बैंक खाते, नौ प्लॉट, एक फ्लैट, दो असलहे और दो बिल्डिंग सत्यापित की हैं। इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि इन 26 संपत्तियों को पुराने विवेचकों ने शामिल नहीं किया था।

चार दिन पहले ईडी ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, स्व. हाजी मुस्ताक सोलंकी, सपा नेत्री नूरी शौकत, बिल्डर हाजी वसी और अज्जन के घर छापेमारी की थी। बंद कमरों में सभी के परिवारीजनों से अलग-अलग पूछताछ की गई थी। इरफान के घर कटर मशीन, फोटो कॉपी मशीन, रुपये गिनने की मशीन ले जाई गई थी। सुबह से लेकर रात तक चली छापेमारी में रुपये और कुछ जरूरी चीजें बरामद हुई थीं। इरफान का परिवार उस दिन महराजगंज गया हुआ था लिहाजा उनसे पूछताछ नहीं हो पाई थी। अब ईडी आय से ज्यादा संपत्ति को लेकर उनसे पूछताछ करेगी।



**03** वाहन, नौ बैंक खाते, नौ प्लॉट, एक फ्लैट, दो असलहे और दो बिल्डिंग की गईं सत्यापित

“26 संपत्तियां सत्यापित कराई गई हैं। एक इंस्पेक्टर ही जांच कर रहे हैं। पुराने तीन इंस्पेक्टरों ने इसे क्यों नहीं जांच में शामिल किया, इसकी जांच की जा रही है।

–एसके सिंह, डीसीपी पूर्वी



परेड पर पैदल मार्च करते डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम व अन्य अफसर। अमृत विचार

## सीएए कानून को लेकर शहर अलर्ट, चौकसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाके में पुलिस ने किया पैदल मार्च
- अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली तो कार्रवाई
- वर्ष 2019 में सीएए व एनआरसी को लेकर शहर में हुई थी जमकर हिंसा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव और रमजान से एक दिन पहले केंद्र सरकार ने सोमवार शाम सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थानेदार फोर्स और पैरामिलेट्री के साथ अलर्ट होकर सड़कों पर आ गए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। लोगों को किसी प्रकार की अफवाह के साथ सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट डालने पर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए।

शाम पांच बजे के बाद जैसे ही नोटिफिकेशन जारी हुआ उसके बाद शहर की सड़कों पर पुलिस का रूट मार्च शुरू हो गया। सद्भावना चौकी बेकनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत डीसीपी आरएस गौतम पहुंच गए। पैरा मिलिट्री फोर्स और पुलिस ने रूट मार्च शुरू कर दिया। यतीम खाने चौराहे से पुलिस रूट मार्च दादा मियां चौराहा से होता हुआ रूपम चौराहे की तरफ निकाला। वर्ष 2019 में सीएए और एनआरसी को लेकर शहर में हिंसा हुई थी। इसी कारण पुलिस अधिकारियों ने नोटिफिकेशन होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी।

संयुक्त पुलिस आयुक्त व कानून व्यवस्था हरीश चन्दर ने पहले ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि अफवाह फैलाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए टीम बनाई गई है। खुफिया पुलिस मुस्तैद कर दी गई है। संवेदनशील इलाकों को विशेष तौर से चिन्हित किया गया है।

### छुट्टियां अगले आदेश तक निरस्त की गईं

- पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक निरस्त कर दी गई हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश के बाद पुलिस कमिश्नर ने कमिश्नरेट में तैनात सभी की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। छुट्टी पर गए सभी पुलिस कर्मी और अफसर वापस बुला लिए गए हैं।

**कंसल्टेंट टीम की ढिलाई** | ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड को जोड़ने के लिए होना है टनल का निर्माण , पुल के लिए पर्याप्त जगह न होने से बनी योजना

# आचार संहिता के फेर में न फंस जाए गंगा टनल का प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज-शुक्लागंज मार्ग पर स्थित ट्रांसगंगा सिटी को वीआईपी रोड से सीधी कनेक्टिविटी देने के लिए गंगा नदी में टनल बनाने की योजना आचार सहिंता के फेर में फंसती नजर आ रही है। कंसल्टेंट टीम का चयन होने के करीब दो माह बीतने के बाद भी अब तक टीम शहर नहीं आ सकी है।

सेतु निगम अधिकारियों ने कई बार संपर्क करने का प्रयास भी किया, लेकिन अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। लोकसभा चुनाव के चलते जल्द ही आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है, ऐसे में शुक्लागंज को शहर से जोड़ने की योजना एक बार फिर अधर में लटकती नजर आ रही है।

वर्ष 2018 में शुक्लागंज, उन्नाव को शहर से जोड़ने के लिए सेतु निगम ने 275 करोड़ की लागत से सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक पुल बनाने की योजना तैयार की थी। पुल निर्माण में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने पुल निर्माण से हाथ खींच लिए थे, जिसके बाद योजना अधर में लटक गई थी। तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने सीडीओ सुधीर कुमार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की थी।

जिसके बाद पुल निर्माण की संभावनाओं में तेजी आई थी। निरीक्षण के दौरान समिति को बाबा घाट के पास संकरी जगह मिली थी, जिस कारण पुल का घुमाव संभव नहीं था।

इसके बाद सेतु निगम ने गंगा नदी के नीचे 15 मीटर गहराई में दो किलोमीटर लंबा टनल बनाने की योजना तैयार की थी। जिसके लिए सेतु निगम ने गुड़गांव की कसल्टेंट का चयन भी कर लिया था। टीम को शहर आकर मृदा परीक्षण के साथ कम चौड़ाई वाले स्थान का भी चयन कर डीपीआर तैयार करनी थी। दो माह से भी अधिक समय बीतने के बाद अब तक कार्यदायी संस्था निरीक्षण को नहीं आ पाई है। जिससे योजना एक बार फिर अधर में लटकती नजर आ रही है।

### भूमि अधिग्रहण से मिलती राहत, तीन जगह हुई थी चयनित

- सरसैया घाट पुल के निरीक्षण के दौरान गुजरने वाले स्थान पर बड़ी बिल्डिंगे अड़ंगा बन रही थी। इसके साथ ही सेतु निगम को भूमि अधिग्रहण करना पड़ता, जिससे बजट बढ़ने की संभावना थी। कम बजट में पुल निर्माण के लिए टनल निर्माण की योजना तैयार की गई थी। टनल को शहर से जोड़ने के लिए बाबा घाट, टैफ्को व ग्रीनपार्क चौराहा विकल्प के रुप में तय किए गए थे।

“टनल निर्माण के लिए गुड़गांव की कंसल्टेट टीम का चयन किया गया था। टीम को निरीक्षण के लिए आना था। किसी कारणवश टीम नहीं आ सकी है, संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। आचार संहिता लागू होने से पहले टीम के शहर आने की संभावना है।

डीके यादव- जीएम, सेतु निगम



“प्रोजेक्ट के परीक्षण के लिए कंसलटेंट क्यों नहीं आ रहा है इस संबंध में उप्र सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों से बात करूंगा। गंगा पर पुल बने या टनल जो भी होना है हो। शहर के लोगों को सुविधाएं मिलें यही मेरी प्राथमिकता है। इस कार्य में यदि कोई लापरवाही करेगा तो कार्रवाई कराऊंगा।

– सत्यदेव पचौरी, सांसद



भाजपा सरकार में सिर्फ सपने दिखाए जाते हैं। यहां काम नहीं होता है। सपा सरकार में जो काम शुरू हुए थे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री सिर्फ उन्हीं का लोकार्पण कर रहे हैं। उनके अपने कोई कार्य नहीं हैं। सरसैया घाट पर पुल बने या टनल जो भी कराना है सरकार कराए।

– अमिताभ बाजपेई, विधायक”

## एक नजर

### खुले नाले में गिरकर अधेड़ की हुई मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के रतनपुर कालोनी निवासी 53 वर्षीय रमेश मिश्रा की खुले नाले में गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। बताया कि सोमवार शाम वह घर से निकले थे लेकिन लौटे नहीं। मंगलवार सुबह उनका शव नाले में मिलने की सूचना मिली। शिनाख्त के बाद पनकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी पूनम और बेटे विशाल, विपिन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के रतनपुर के रहने वाले 25 वर्षीय राजेश राजपूत पुताई का काम करता था। सोमवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह शराब के नशे में घर आया था। कमरे के पास बनी कोठरी में जाकर फांसी लगा ली। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। राजेश के चाचा की बेटी की मंगलवार को बरात आनी थी। शादी की तैयारियों के बीच उसके आत्महत्या करने से परिवार में कोहराम मचा है।

### देसी कट्टे के साथ शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** हरबंश मोहाल पुलिस ने देसी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान काशीराम कालोनी चकेरी निवासी शालू उर्फ कुरैशी के रूप में हुई है। उसके पास से तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया अभियुक्त के खिलाफ चोरी संबंधी धारा में मुकदमे दर्ज हैं।



नवीन मार्केट के अंदर वाहनों की अवैध पार्किंग। अमृत विचार



बाजार में सड़क पर अतिक्रमण। अमृत विचार

# पार्किंग अव्यवस्था से नवीन मार्केट में घटा कारोबार

**बेजार बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की सबसे प्रतिष्ठित नवीन मार्केट बाजार मूलभूत सुविधाओं से जूझ रही है। रोज लाखों रुपये राजस्व देने वाले बाजार में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। पार्किंग व्यवस्था व पिछले पांच साल से चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के कारण व्यापार आधा हो चुका है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बाजार में बनाए गए रैंपों पर स्ट्रीट वेंडर्स ने कब्जा कर रखा है। नालियां चोक होने के कारण सीवर का पानी बाजार में भरा रहता है।

1948 में करीब 25 दुकानों से स्थापित हुई नवीन मार्केट बाजार में आज करीब 550 से अधिक सोने-चांदी, फुटवियर, कॉस्मेटिक, गारमेंट, महिलाओं की एसेसरीज की दुकानें है। बाजार में आम दिनों में रोज 20 से 25 हजार ग्राहक आते हैं, त्योहारों के सीजन में यह संख्या एक लाख पार कर जाती है। लेकिन रोजाना अनुमानित दो करोड़ से अधिक का टर्नओवर करने वाली बाजार अव्यवस्थाओं का दंश झेल रही है। सबसे बड़ी मुसीबत पार्किंग की है। पार्किंग व वर्ष 2019 से मेट्रो के निर्माण कार्य के चलते व्यापारियों का कारोबार पहले की अपेक्षा आधा रह गया है। बाजार में छह फिट का फुटपाथ है, अतिक्रमण के कारण पूरी तरह से गुम हो चुका है। दुकानदारों ने 10-10 फिट तक अतिक्रमण का जाल फैला रखा है। इससे 40 फिट चौड़ी सड़क पर निकलना मुश्किल होता है। नवीन मार्केट शॉपकीपर एसोसिएशन के मुताबिक परेड चौराहे के पास क्रिस्टल पार्किंग मंट गाड़ी खड़ी कर बाजार में आने से ग्राहकों को असुविधा होती है। परेड चौराहे पर धमाचौकड़ी करने वाले ई-रिक्शा अक्सर ग्राहकों को टक्कर मार देते है। बाजार में व्यापार बढ़ाने का मूलमंत्र पार्किंग की सुविधा देना है। ग्राहक दुकानों के बाहर पार्किंग कर खरीदारी करना चाहता है, लेकिन ऐसी सुविधा न होने से बाजार आने से कतराता है। पदाधिकारियों के मुताबिक नवीन मार्केट को नो पार्किंग जोन बनाया गया था, लेकिन मेट्रो निर्माण कार्य के कारण बाजार में पार्किंग की सुविधा दी गई। जिस पर सोमदत्त प्लाजा के व्यापारी भी अब मार्केट में दोपहिया वाहनों की पार्किंग करने लगे हैं। बाजार में सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए एसोसिएशन की तरफ से छह गार्डों की व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर बनाए गए रैंप पर बाहर के स्ट्रीट वेंडर्स ने कब्जा कर रखा है, जिससे ग्राहकों को दुकानों में आने में असुविधा होती है। विरोध करने पर स्ट्रीट वेंडर्स विवाद करने पर आमादा हो जाते है।



बाजार में पड़ी नाले की सिल्ट। अमृत विचार

- आधी सड़क तक दुकानदारों का कब्जा, रखरखाव न होने से यूरिनल पड़े बेकार
- जल निकासी का इंतजाम न होने से जलभराव की रहती है समस्या

## क्या बोले व्यापारी



मार्केट में जल निकासी की समस्या प्रमुख है। नालों की सफाई न होने व नालियों पर कब्जा होने से सीवर का गंदा पानी भर जाता है। यूरिनल की रखरखाव के लिए नगर निगम व्यापार मंडल को सौंप दे, तो व्यवस्था और बेहतर हो सकती है।

–अरुण त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष



जर्जर भवनों के बारे में नगर निगम अधिकारियों से कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। दुकानदार जान जोखिम में डालकर व्यापार करते हैं। रैंप से अतिक्रमण खाली कराया जाए।

–रोहित अरोड़ा, व्यापारी



बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। पार्किंग व्यवस्था न होने से व्यापार काफी प्रभावित होता है। क्रिस्टल पार्किंग से आसपास के रहने वाले लोगों को सुविधा होती है। बाजार में आने वाला ग्राहक वहां वाहन खड़ा करने में कतराता है। बाजार में पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

–विनय अरोड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष



फुटपाथ पर कब्जे के साथ-साथ दुकानदारों ने सड़क तक कब्जा कर लिया है, ग्राहकों का बाजार में पैदल निकलना मुश्किल है। सोमदत्त प्लाजा में आने वाले ग्राहक दोपहिया वाहनों की पार्किंग बाजार में करते हैं। बाजार की आधी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं। अधिकारियों से शिकायत पर भी सुनवाई नहीं होती है।

–अश्वनी कोहली, व्यापारी

### यूरिनल में भरता गंदा पानी, स्ट्रीट लाइट जलती नहीं

नवीन मार्केट में 12 यूरिनल बने हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में खराब होते जा रहे है। इन यूरिनल में पानी की कोई सुविधा नहीं है। सीवर सफाई न होने से गंदा पानी ओवर फ्लो होकर यूरिनल में भर जाता है। वहीं बाजार में करीब 24 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनमें 12 खराब पड़ी हैं। बाजार में जल निकासी की कोई सुविधा नहीं है। अतिक्रमणकारियों ने नालियों पर कब्जा कर रखा है, जिससे बारिश के समय जलभराव होता है।

### नगर निगम की बनाई दुकानें हो चुकीं जर्जर

मार्केट की पहली मंजिल पर बनी दुकानों में वर्षों से मरम्मत न होने के कारण दुकानें जर्जर हो रही हैं। करीब 25 दुकानें ऐसी है, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। दुकानदारों के मुताबिक किराया देने के बावजूद बाजार में मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है।

# मानदेय के लिए थाने का घेराव, हंगामा

## केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए 100 युवक-युवतियों से कराया गया था काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए डाटा एक्सपर्ट कंपनी ने करीब सौ युवक और युवतियों से काम कराया। जब मानदेय देने का समय आया तो कंपनी प्रबंधन ने टारगेट पूरा न किए जाने की बात कहते हुए टेली कालिंग में लगे सभी युवक- युवतियों को मानदेय नहीं दिया। इससे नाराज कर्मियों ने सीसामऊ थाने का घेराव कर हंगामा किया। आखिरकार कंपनी प्रबंधन को पुलिस के सामने मानदेय का भुगतान करना पड़ा। इसके बाद आक्रोश शांत हुआ।

सीसामऊ क्षेत्र के पी रोड पर स्थित डाटा एक्सपर्ट कंप्यूटर सेंटर में पिछले एक माह सात दिन से केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताने के लिए टीडीएस कंपनी की तरफ से डाटा एक्सपर्ट कंप्यूटर सेंटर के परिसर में काल सेंटर चलाया जा रहा है। इसमें लगभग 100 युवक व युवतियां काम कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के देखते हुए अब काम बीच में ही रोक दिया गया। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने लक्ष्य पूरा न किए जाने की बात कहते हुए काम पर लगे युवक और युवतियों का मानदेय रोक दिया। इससे नाराज कर्मी सोमवार को सीसामऊ थाने पहुंच गए। थाने में अंदर से लेकर बाहर तक घेराव कर हंगामा किया। हंगामा बढ़ा तो फोर्स सड़क पर उतर आया। पुलिस ने आक्रोशित युवक-युवतियों को समझाया। एसीपी श्वेता कुमारी ने दोनों पक्षों की बात सुनी। सीसामऊ थानाध्यक्ष हिमांशू चौधरी ने बताया डाटा सेंटर में टेली कॉलिंग के लिए सौ की संख्या में युवक-युवतियां काम करते हैं। आगामी चुनाव और आचार संहिता के मद्देनजर संस्थान ने चुनाव होने तक काम बंद कर दिया है। कुछ लोगों के रुपये बकाया रह गए थे। इसी मांग को लेकर युवक-युवतियां सोमवार सुबह संस्थान पहुंचीं और हंगामा किया। भीड़ की जानकारी पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को थाने लाया गया। जहां संस्थान संचालक रुपये देने पर राजी हो गया। संचालक ने सभी कर्मचारियों को वेतन दे दिया है। किसी प्रकार की तहरीर नहीं है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। भीड़भाड़ से हंगामे जैसी स्थिति थी।



थाने का घेराव कर हंगामा कर रहे युवक - युवतियों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- कंपनी प्रबंधन ने पुलिस के सामने युवक-युवतियों को दिया मानदेय

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग और अधेड़ की मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के काशीराम कालोनी निवासी 70 वर्षीय कांक्षा की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बताया वह मंगलवार सुबह घर से निकले थे। घंटाघर के पास स्थित मंदिर के पास शव पड़ा मिला। हरबंश मोहाल पुलिस ने सूचना दी तो मौके पर पहुंच कर शिनाख्त की। पुलिस ने बताया कि वह सुबह घर से टहलने के लिए निकले थे। तभी घंटाघर रेलवे ओवरब्रिज पर हनुमान मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी जान चली गई। इसी प्रकार हनुमंत विहार बिनगवां निवासी 54 वर्षीय प्रेम नारायण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। भाई केशव ने बताया कि वह अर्रा स्थित शराब ठेके के पास खड़े थे, तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस की मदद से नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## थाने के पास दुकान का ताला काटकर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन हो रही वारदातें पुलिस के गश्त की पोल खोल रही है। मामला काकादेव थानाक्षेत्र का है, जहां थाने से कुछ दूरी पर फुटपाथ पर रखे लोहे की गुमटी का ताले काटकर चोरों ने नकदी और माल समेत सवा लाख की चपत लगा दी। दुकानदार को टूटे ताले मिले तो होश उड़ गए। पुलिस ने जांच शुरू कर मामला पंजीकृत कर लिया है।

पॉश इलाके पांडु नगर बीमा अस्पताल गेट के बाहर सूरज पान शॉप के नाम से बाल्मिकी वर्मा अपनी दुकान कई वर्षों से चला रहे हैं। रोज की तरह बाल्मिकी शनिवार को भी अपनी परचून की दुकान अपने समय पर बंद करके अपने घर चले गए थे। रविवार सुबह जब वह अपनी दुकान पहुंचे तो उन्हें देखा की उनकी दुकान का ताला और इंटरलॉक काटा हुआ था। जब वे दुकान के अन्दर गए तो उन्होंने देखा कि सामान फैला पड़ा था। कैश काउंटर खाली था। सवा लाख रुपये का सामान चोरों ने पार कर दिया था। दुकानदार ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। काकादेव थाना प्रभारी केपी गौड़ ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से जांच की जा रही है।



चोरी की घटना के बाद कटा ताला दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

# चेन लूट अस्सी फीट रोड की ओर भागे थे

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थानाक्षेत्र के जवाहर नगर में बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया था अंजाम
- सीसीटीवी फुटेज में नजर आए बदमाश, पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का दावा किया

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के जवाहर नगर में अधिवक्ता की मां के साथ चेन लूटने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने अब तक आसपास क्षेत्र के कई कैमरे खंगाले हैं, जिनमें लुटेरे वारदात अंजाम देने के बाद अस्सी फीट रोड की ओर भागते कैद हुए हैं। थाना प्रभारी ने संबंधित चौकी इंचार्ज को जल्द से जल्द मामले के खुलासा के कड़े निर्देश दिए हैं। पुलिस लगातार दुकान व घरों में लगे सीसी कैमरे खंगाल रही है।

नजीराबाद राम कृष्ण नगर निवासी अधिवक्ता सकंल्प तिवारी ने बताया कि पांच फरवरी की शाम को उनकी मां अनीता तिवारी घर के पास ही स्थित मंदिर दर्शन करने गई थी। रात में मंदिर से घर लौटते वक्त रास्ते में पहले से घात लगाए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारते हुए गले में पड़ी चेन लूटकर फरार हो गए थे। शोर मचाने पर इलाके लोग एकत्र हुए और वारदात की सूचना पुलिस को दी थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच में जुट गई। लूट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। आठ फरवरी को सुबह से वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और पुलिस अलर्ट हुई। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया।

इस संबंध में नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है। घटनास्थल से लेकर आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। लुटेरे घटना को अंजाम देने के बाद सीधे भदौरिया चौराहे होते हुए अस्सी फीट रोड होते हुए भागे हैं। आगे के सीसी कैमरे देखे जा रहे हैं। जल्द से जल्द लुटेरों को दबोच लिया जाएगा।



## एडीसीपी अपराध ने वॉलीबॉल में जीते मेडल

**कानपुर।** 72 वां अखिल भारतीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर 2023-24 पुलिस कमिश्नरेट नागपुर, महाराष्ट्र में 26 फरवरी से दो मार्च के मध्य आयोजित हुई। इसमें कानपुर कमिश्नरेट में तैनात अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) मनीष चन्द्र सोनकर को टेबल टेनिस की 03 कैटेगरी टीम्स, डबल्स, 40 प्लस डबल्स में सिल्वर और 01 कैटेगरी सिंगल्स में ब्रांज मेडल प्राप्त हुआ।

## युवती बरामद, दर्ज होंगे मजिस्ट्रेटी बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थानाक्षेत्र में युवती का मोबाइल तोड़कर घसीट ले गया था पार्किंग की ओर

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में तीन दिन पूर्व दुकान से काम खत्म करके घर लौट रही युवती को युवक ने उसका फोन तोड़कर कार पार्किंग की ओर घसीट लिया था। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पूरी रात युवती की तलाश के बाद दूसरे दिन परिजन थाने पहुंचे और अपहरण किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए सोमवार दोपहर युवती को खोज निकाला। युवती ने बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस ने परिजनों से नाराज होकर सहेली के घर जाने की बात कही है।

स्वरूपनगर थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती नजीराबाद थानाक्षेत्र में कपड़े की दुकान में काम करती है। मां ने बताया कि नौ मार्च को वह घर से काम के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं पहुंची। काफी ढूंढ़ने के बाद भी नहीं मिली तो परिजनों ने दूसरे पक्ष के युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। माता पिता का आरोप था कि उनकी बेटी को गैर समुदाय का युवक परेशान करता था। कई बार पूर्व में उसने रास्ता रोका है। घर के पास रहने वाले गैर समुदाय युवक को कई बार उन्होंने बेटी से दूर रहने की हिदायत दी थी। इसके बाद वह बेटी को मेट्रो स्टेशन के पास से खींचते हुए कार के पीछे ले गया। जिसका वीडियो पुलिस के पास है।

**आयोजन** मर्चेंट चेंबर सभागार में चार दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का हुआ समापन

# दिल से नहीं निभाए रिश्ते, रह जाते अधूरे

विशेष संवाददाता, कानपुर

**कानपुर।** सावित्री अपने वैवाहिक रिश्तों से संतुष्ट नहीं है, वह अपने बेहतर जीवन साथी की तलाश मे कई पुरुषों के संपर्क में आती है, लेकिन किसी भी रिश्ते में पूर्णता नहीं मिलती है। इस चुनाव में अक्सर वह जीवन के चारों कोनों का चक्कर काटती है। महेन्द्र नाथ, जगमोहन, शिवजीत, सिंघनिया और जुनेजा उसके जीवन के हिस्सा बनते हैं पर सावित्री को सभी आधे-अधूरे पुरुष नजर आते हैं। बेटियां बिन्नी, किन्नी और बेटा अशोक भी सावित्री के मनोभाव को ठीक से समझ नहीं पाते हैं जिसके चलते उन सभी के वैचारिक मतभेद होते हैं।

जिंदगी की कशमकश और मनोवृतियों को रेखांकित करती हुई इस कहानी के साथ मर्चेंट चेंबर सभागार में चार दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह के समापन पर मोहन राकेश के कालजयी नाटक आधे-अधूरे का मंचन दर्शकों के सामने तमाम सवाल छोड़ गया। आयोजन अनुकृति रंगमंडल कानपुर द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया गया। अविराम जन कल्याण, भोपाल की नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन सुनील राज ने किया। नाटक में सावित्री के चरित्र के जीवन के कशमकश को आरती विश्वकर्मा ने बहुत ही शिद्दत से जीवंत किया। बड़ी बेटी बिन्नी व छोटी किन्नी के किरदार को ओशीन श्रीवास्तव और अन्नू अहिरवार ने बखूबी निभाया। बेटे अशोक के चरित्र को विभांशु खरे ने बेहद सहज भाव से साकार किया।

नाटक में चार पुरुष चरित्रों को निर्देशक सुनील राज ने बहुत ही शानदार ढंग से अभिनीत किया। संगीत सार्थक त्रिपाठी, पियूष सैनी की प्रकाश परिकल्पना दृश्यों के अनुकूल रही। कॉस्ट्यूम हिमांशु प्रजापति व अम्मनी, प्रॉपर्टी रोहित पटेल व संतोष पंडित, मंच व्यवस्था मोहित मित्रा, अमन व आधार नामदेव की रही। प्रस्तुति प्रबंधक थे कमलेश दुबे। मंचन के बाद वरिष्ठ कला मर्मज्ञ डा. इन्द्र मोहन रोहतगी एवं अनुकृति कानपुर के सचिव/ समारोह निर्देशक डा. ओमेन्द्र कुमार ने कलाकारों को सम्मान पत्र प्रदान किए।



नाटक का मंचन करतीं कलाकार। अमृत विचार

- मोहन राकेश के नाटक 'आधे अधूरे' के मंचन ने दर्शकों को मुग्ध किया

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

**कार्यालय ग्रा. पं. चिरली वि.ख. भीतरगांव, कानपुर नगर**

पत्रांक–मेमो/निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा/आईसीडीएस दिनांक– 11.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चिरली विकास खण्ड भीतरगांव, कानपुर नगर के पंचम वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/आईसीडीएस अंत्येष्ठी स्थलों का विकास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले निम्न कार्यो को निर्माण किये जाने हेतु आइटम रेट/ निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मोहर बन्द निविदा दिनांक 16.03.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। विक्रिय निविदायें निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार्य नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत चिरली कार्यालय से दिनांक 11.03.2024 से दिनांक 15.03.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 16.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत चिरली, कानपुर नगर के कक्ष में गठित समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 100 रुपये के नान जूडिशियल स्टाम्प व रू0 1/– का रसीदी हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य एवं कार्य स्थल का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत चिरली में सत्य कुमार सिंह के दरवाजे से मुन्ना के दरवाजे तक इंटरलाक कार्य | केन्द्रीय वित्त/ पंचम वित्त/मनरेगा/ आईसीडीएस | 3.95 लाख |

**नियम व शर्ते :–** 1 सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापारकर विभाग में होना अवश्य चाहिए। 3. बिना जीएसटी व पैन नम्बर के निविदा नहीं की जायेगी स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होना न्यायलय के बाद योग्य भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होंगे। धनराशि की उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.–चिरली
वि.ख.–भीतरगांव, कानपुर नगर।

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा.पं.–चिरली
वि.ख.–भीतरगांव, कानपुर नगर।

# 30 टन चोरी की सरिया के साथ दो शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरोह बनाकर हाइवे पर ट्रकों से चोरी करते थे सरिया
- आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दो गिरफ्तार छह फरार

**अमृत विचार।** सरिया चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पनकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास से पुलिस ने 30 टन चोरी की सरिया बरामद किया है।

पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर भौती अंडरपास पुल के पास टिम्बर स्टोर से 30 टन चोरी की सरिया बरामद की। मौके से पुलिस ने दो शातिर चोर पिंटू निवासी भौती प्रतापपुर, सुनील तिवारी निवासी भौती प्रतापपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में सुनील तिवारी टिम्बर स्टोर का मालिक है। जो गिरोह बनाकर सरिया चोरी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस ने सरिया चोरी की घटना में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया और छह आरोपी मौके से फरार हो गए थे। फरार आरोपियों में सत्येंद्र सिंह राठौर, संदीप चौहान, सूर्यांश, बाबू उर्फ रोहित, मंगल और यीशु निवासी प्रतापपुर हैं। मौके से पुलिस ने एक ट्रैक्टर भी बरामद किया है। बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने बताया की ये गिरोह बनाकर चोरी करते है। इनके गिरोह में एक दर्जन लोग शामिल है। सभी सरिया लदे हुए ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर की मिली भगत से सरिया चोरी का काम कई वर्षों से कर रहे हैं। चोरी की हुई सरिया को जंगलों में उतार देते थे।

# औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, सड़क, जलभराव की मुसीबत

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारियों की टैक्स सरलीकरण के साथ एमएसएमई पर थोपा नियम हटाने की मांग
- जीएसटी और ऑनलाइन कारोबार उद्यमियों और व्यापारियों के लिए बना गले का फंदा



फजलगंज में संवाद करते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कारोबारियों की सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि टैक्स देकर सरकार का खजाना भरने के बाद भी औद्योगिक क्षेत्रों का हाल बदहाल है। उनका कहना है कि सरकार को औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति बेहतर बनाने की तरफ ध्यान देना चाहिए। उद्यमियों ने सरकार से कारोबार को आगेबढ़ाने के लिए टैक्स सरलीकरण की मांग उठाते हुए कहा कि हाल ही में सरकार ने एमएसएमई के माध्यम से नया नियम थोपा है, इसे तत्काल हटाना चाहिए। इसके अलावा जीएसटी और ऑनलाइन कारोबार उद्यमियों और व्यापारियों के लिए गले का फंदा है।

फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, अरुण तोमर, आशीष साहनी व शिवम बेरीवाली ने कहा कि सरकार ने हाल ही में एमएसएमई के तहत एक नया कानून उन लोगों पर थोपा है। 45 दिन के भुगतान न होने पर भी रकम लाभ में जोड़ने का नियम करोबारियों को परेशान करने वाला है। इस नियम के आने के बाद कारोबारी ने एमएसएमई के तहत पंजीकृत फर्म से माल तक खरीदना बंद कर दिया है। दो कारोबारियों के लेनदेन के बीच सरकार अपना टैक्स वसूल रही है, जबकि कारोबारी परेशान घूम रहे हैं। उद्यमियों ने जीएसटी के नियमों को सरल किए जाने की भी मांग की और कहा कि जीएसटी के नियम इस तरह से हैं कि अधिकारी हावी हो जाते हैं। पेंचीदे नियम में कोराबारी यदि दो या पांच रुपये में भी फंसता है तो नोटिस आ जाती है। सरकार को इन सब परेशानियों को समझकर खत्म करना चाहिए।

**बीमा और पेंशन की मांग:** कारोबारियों से सरकार से बीमा व पेंशन की भी मांग की। कहा कि जो कारोबारी 60 साल से कम उम्र का है उनका सभी का बीमा होना चाहिए। इसी तरह जो कारोबारी 60 से साल से अधिक उम्र का है उसे सरकार की ओर से निश्चित पेंशन का लाभ मिलना चाहिए।

### एमएसएमई के लिए भी हो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

- कारोबारियों ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी किए जाने की मांग की है। गिरीश चंद्र गुप्ता, संदीप जाखोदिया, शरद बेरीवाल, शिशिकांत जाखोदिया ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को ही शामिल किया जाता है। छोटे कारोबारियों के लिए सरकार की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है। इस तरह की योजनाओं में एमएसएमई सेक्टर को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### फजलगंज और पनकी में अव्यवस्था का आलम

- कारोबारियों ने कहा कि शहर में सबसे अधिक टैक्स औद्योगिक इलाके ही देते हैं। इसके बावजूद फजलगंज, पनकी सहित अन्य इलाकों में अव्यवस्थाओं का आलम व्याप्त है। सड़क टूटी पड़ी है। इसके अलावा सफाई कार्य भी नहीं होता है। बीमारियों से बचने के लिए कारोबारी कई जगहों पर अपनी ओर से सफाई कराते हैं। बरसात के मौसम में जल निकासी न होने से हालात और बुरे हो जाते हैं।

### बिजली दरों में मिले छूट

- कारोबारियों ने सरकार से सस्ती दरों पर बिजली की मांग भी की। उनका कहना है कि जब अन्य राज्यों में बिजली की दरों को सस्ता किया जा सकता है, तो प्रदेश में क्यों नहीं। सरकार को बिजली दरों को सस्ता कर उद्योग को सहूलियत देनी चाहिए।

### सब्सिडी सीधे पहुंचाई जाए

- कारोबारी प्रशांत कुमार, आशीष कुमार सारी व आलोक बाजपेई ने बताया कि एमएसएमई के तहत मिलने वाली सरकारी सब्सिडी का बिचौलिए लाभ आसानी से उठा लेते हैं। कारोबारियों ने सरकार से मांग की है कि सब्सिडी की जानकारी सभी कारोबारियों को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से सीधे मिलनी चाहिए।

## एक नजर

### मोबाइल की बैट्री फटने से बालक गंभीर घायल

**पुखरायां।** बरौली गांव रिस्तेदारी में आया एक बालक मोबाइल की बैट्री फटने से घायल हो गया। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित पोस्ट आफिस के समीप रहने वाली संजीदा ने बताया कि वह अपने पुत्र अशरफ (9) के साथ रिस्तेदारी में बरौली गांव आई हुई थी। उसका पुत्र मोबाइल की बैट्री से एलईडी बल्ब जला रहा था। तभी मोबाइल की बैट्री फट गई। जिससे वह घायल हो गया। उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद अशरफ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया

### युवक का शव मिला

**मंगलपुर।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव गुलाम कयूम के पास से निकली डीएफसी रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 552/31 की अप लाइन पर रविवार रात एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी पर झींझक चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। लेकिन उसके पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिल सकी।

# रिंग रोड का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास

## समतलीकरण के साथ सचेंडी से मंधना के पैकेज-1 में अंडरपास का तेजी से होगा निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सचेंडी- मंधना के बीच चल रहा अंडरपास बनाने का कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की महात्वाकांक्षी परियोजना 93.20 किमी लंबी रिंग रोड के पैकेज एक व चार का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल शिलान्यास किया। रिंग रोड कानपुर नगर समेत कानपुर देहात, उन्नाव के बाहरी इलाकों से होकर गुजरेगी, जिससे शहर से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों पर रोकथाम लगेगी।

शहर से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाने के 7800 करोड़ रुपये लागत से रिंग रोड का निर्माण कार्य शुरु हो गया है। 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज एक में मंधना से सचेंडी तक काम 1754 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है। 1604 करोड़ से 24.559 किलोमीटर लंबे सचेंडी से रमईपुर पैकेज चार का निर्माण होना है।

दोनो पैकेजों का टेंडर राज कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को दिया गया है, वहीं रमईपुर से आटा तक 19.235 किलोमीटर लंबे पैकेज तीन के निर्माण का जिम्मा 613 करोड़ की लागत से ऋषिकेश की हिलवेज कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है।

पैकेज एक व पैकेज चार में भूमि अधिग्रहण का कार्य होने के बाद समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। पैकेज एक में तीन आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) व 10 अंडरपास का निर्माण होना है, जिसमें अंडरपास निर्माण में फांउडेशन का सबस्ट्रक्चर का कार्य की शुरूआत हो चुकी है। सोमवार को गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के तीसरे व चौथे चरण का शुभारंभ करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिंग रोड के पैकेज एक व चार का शिलान्यास किया। परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे ने बताया कि रिंग रोड में पैकेज एक में करीब 10 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, जल्द ही पैकेज चार में निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं पैकेज टू ए महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी व पैकेज टू बी ट्रांसगंगा सिटी से आटा तक की टेंडर प्रक्रिया का कार्य पूरा होने वाला है, जल्द ही टेंडर खुलने पर कार्यदायी संस्था का चयन किया जाएगा।

**एक नजर में प्रोजेक्ट**

| | |
|---|---|
| रिंग रोड की लंबाई | 93 .20 किमी |
| कुल बजट | 7800 करोड़ |
| पैकेज एक की लंबाई | 23 .325 किमी |
| पैकेज एक का बजट | 1754 करोड़ |
| पैकेज चार की लंबाई | 24 .559 किमी |
| पैकेज चार का बजट | 1604 करोड़ |

# कोर्ट से फरार हुए दोषियों की अपील खारिज, पति को जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन अन्य दोषियों के खिलाफ अपर सत्र न्यायाधीश ने जारी किया वारंट

**अमृत विचार।** पत्नी से मारपीट के मामले दोषी पति समेत चार लोगों की फैसले के खिलाफ याचिका अपर सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी। पुलिस ने न्यायालय में मौजूद पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर न होने वाले अन्य तीन दोषियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। अक्टूबर 2018 में सजा सुनाए जाने के बाद दोषी एसीएमएम कोर्ट से फरार हो गए थे। दोषियों ने सेशन कोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

रेलबाजार, फेथफुलगंज निवासी शाहिदा परवीन का निकाह 22 अगस्त 1997 को जूही रेलवे कॉलोनी निवासी शमीम अख्तर के साथ हुआ था। निकाह के बाद शमीम पत्नी के साथ फजलगंज स्थित रेलवे कॉलोनी के सरकारी क्वार्टर में रह रहा था। शाहिदा को शमीम के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी मिली, जिसका विरोध करने पर शमीम ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी थी। 24 सितंबर 2006 को जूही स्थित शमीम के घर विवाद होने के बाद शाहिदा ने शमीम व पहली पत्नी हुस्ना बानो, भाई नसीम अख्तर, भाभी रुबी बानो, बहन रेशमा बाना, मां फहमीदा बानो और भतीजी खुशबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

तत्कालीन एसीएमएम तृतीय निशा झा ने सभी को दोषी करार कर एक-एक साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद सभी दोषी फरार हो गए थे। कोर्ट ने दोषियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। फैसले के खिलाफ शमीम अख्तर, हुस्ना बानो, रेशमा व खुशबू ने अपर सत्र न्यायाधीश राम अवतार प्रसाद की कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# पचौरी ने पत्र देकर गिनाए 55 हजार करोड़ के काम

विशेष संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के दिल्ली पहुंचने से पहले सांसद सत्यदेव पचौरी ने कानुपर लोकसभा सीट से दोबारा टिकट हासिल करने के लिए आखिरी दांव चल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दुहाई देते हुए पत्र सौंपा है जिसमें कानपुर में 55 हजार करोड़ रुपये की लागत से चल रहे विकास कार्य गिनाए गए हैं। पचौरी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह को पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा सौंपा है।

प्रत्याशियों की पहली सूची में नाम न होने के बाद से सांसद पचौरी ने दिल्ली दरबार में डेरा डाल रखा है। भाजपा के अंदरूनी सूत्र उनके टिकट में महाना को रोड़ा मानते हैं। हालांकि दोनों ही नेता एक-एक चुनाव हार चुके हैं। पचौरी 2004 में करीब चार हजार वोटों से तो महाना 2019 में करीब 18 हजार वोटों से पराजित हुए थे। दोनों के बीच राजनीतिक बैर का बयार कई वर्षों डोल रहा है। डा.मुरली मनोहर जोशी का टिकट कटने के बाद पचौरी को पार्टी ने 2019 के चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। वह खासे अंतर से कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल को पराजित करके सांसद चुने गए थे। 2017 के विधानसभा चुनाव में वह गोविंदनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री थे।

### चुनाव समिति बैठक, आज घोषित हो सकता प्रत्याशी

- भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक दिल्ली में चल रही है। यूपी प्रभारी होने के कारण पार्टी उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को दिल्ली बुला लिया गया। इसीलिए वह कानपुर में सोमवार को पूर्व निर्धारित बैठक में नहीं आ सके। खबर है कि रात तक जिन सीटों पर विचार-विमर्श किया जाना है उनमें उत्तर प्रदेश की भी सीटें हैं। ऐसे में मंगलवार को नाम की घोषणा संभव है।

# शिविर में छात्रों को अनुशासन का महत्व बताया

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना पंचम इकाई की ओर से विशेष शिविर लगाया गया। होरा कछार में लगे सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ श्याम मिश्रा ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय कैंपस एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव डॉ विवेक सिंह सचान व पंचम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रवीन कटियार भी मौजूद रहे। शिविर में डॉ श्याम मिश्रा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, ध्येय, एनएसएस ताली तथा एनएसएस के लाभ के विषय में बताया। कार्यक्रम में डॉ विवेक सिंह सचान ने भी अपने विचार रखे। कहा कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों में टीम की भावना मजबूत होगी। उनमें नेतृत्व की क्षमता का विकास होगा। शिविर में वॉलिंटियर्स ने अपना नाश्ता एवं खाना स्वयं बनाया। विद्यार्थियों ने एनएसएस के लक्ष्य जीत का गायन किया।

# मेमू शेड, कोचिंग कांप्लेक्स और फ्रेट कॉरिडोर का लोकार्पण आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अहमदाबाद से पीएम मोदी वर्चुअली समर्पित करेंगे कानपुर में रेलवे के निर्माण कार्य
- वन स्टेशन वन प्रोडक्ट में स्टेशनों पर यात्री खरीद सकेंगे इत्र और लेदर के बने उत्पाद



स्टेशनों पर हो रहे कामों की जानकारी देते डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व एसीएम संतोष त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पीएम नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद से मंगलवार को वर्चुअली रेलवे स्टेशनों पर चल रही याजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान कानपुर में मेमू शेड, कोचिंग काम्प्लेक्स डीएफसी पूर्वी व पश्चिम डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का लोकार्पण होगा। इसी दौरान वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट के तहत गोविंद नगर, अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल व पनकी में स्टालों की शुरुआत होगी। यहां स्टालों पर यात्री इत्र और लेदर उत्पाद खरीद सकेंगे।

यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे कानपुर सेंट्रल के डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह व सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि मेमू शेड में अब मेमू की मरम्मत का काम हो सकेगा। अभी इसके लिए ट्रेनों को गाजियाबाद जाना होता था। इससे मेमू का लखनऊ समेत विभिन्न रूटों पर संचालन भी संभव होगा। फिलहाल बालामऊ में आईसीएफ कोच वाली पैसेंजर चलती है, जिसे बदलकर नई मेमू की रेक लगाई जाएगी। वार्ता में बताया गया कि एनसीसी में चौथी पिट लाइन भी बनेगी। इसी तरह वंदे भारत की मेंटेनेंस के लिए जगह भी चिन्हित कर ली गई है, इसे मेमू शेड के पीछे खाली जगह पर कोचिंग कांम्प्लेक्स विकसित कर तैयार किया जाएगा। जन औषधि केंद्र के स्टाल भी खोले जाएंगे।


VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# पूर्वजों की मुक्ति के लिए गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

कार्यालय संवाददात, कानपुर

- करौली शंकर महादेव ने भी किया गंगा में स्नान
- तपस यात्रा का हुआ समापन गूंजता रहा जयघोष



तपस यात्रा में भक्तों के साथ शामिल हुए करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नशा नाश की जननी है, न नशा करेंगे न किसी को करने देंगे के नारे के साथ करौली शंकर महादेव के सानिध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने सोमवार को गंगा में स्नान किया। सरसैया घाट पर इस दौरान हर-हर महादेव, हर- हर गंगे और हरि- हर का उद्घोष होता रहा।

फाल्गुन मास की अमावस्या पर रविवार को करौली शंकर महादेव धाम से हजारों श्रद्धालु तपस यात्रा में शामिल होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए सरसैया घाट पहुंचे थे। तब वहां भजन संध्या और गंगा मइया की आरती के बाद हवन पूजन किया गया था। सोमवार को सबसे पहले करौली शंकर महादेव ने गंगा स्नान किया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। कहा कि गंगा में स्नान करते समय मन को निर्मल रखिए। करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को पूर्वजों की मुक्ति के लाभ बताए। गंगा को प्रदूषित न करने की सीख दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। नशा न करने की सलाह दी। कहा कि भारत को रोग मुक्त, शोक मुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। गंगा की गोद में बैठकर यह संकल्प लें कि किसी का बुरा न करेंगे न ही सोचेंगे। स्वच्छता रखेंगे और मानव कल्याण का कार्य करेंगे। जीवों पर दया का भाव रखते हुए खुदी को प्रसन्न रखेंगे। महाराज श्री ने कहा कि गंगा की गोद में बैठने और पुण्य की डुबकी लगाने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता। यह पुण्य अवसर मिला है तो गंगा की अविरलता और निर्मलता का कार्य भी करें।

महाराज श्री ने कहा कि गंगा नदियां हमारे जीवन का आधार हैं। नदियों को गंदा नहीं करना चाहिए। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु पुनः करौली शंकर धाम पहुंचे वहां प्रवचन सुना। इस अवसर पर शंकर सेना के अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा उपस्थित रहे।

# जीत के बाद बाजार में निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दि किराना मर्चेन्ट्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों का बाजार में हुआ जोरदार स्वागत
- पदाधिकारियों ने कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमेशा खड़े हैं



किराना मर्चेंट के अध्यक्ष अवधेश बाजपेयी, मंत्री अभिषेक किशोर कपूर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दि किराना मर्चेन्ट्स एसोसियेशन के विजयी पदाधिकारियों ने सोमवार को जुलूस निकाला। जुलूस निकालकर विजयी पदाधिकारियों ने सभी कारोबारियों को आभार जताया। इस दौरान बाजारों में पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

जुलूस के दौरान अध्यक्ष अवधेश कुमार बाजपेयी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलंकार ओमर, महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता, मंत्री अभिषेक किशोर कपूर, कोषाध्यक्ष अनुज गुप्ता, प्रचार मंत्री राजीव मखाना प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस दौरान विजयी हुए 18 कार्यकारिणी सदस्य भी शामिल हुए। इन सदस्यों में राजेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल (शेरू), सौरभ बाजपेयी, शुभम गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य प्रमुख रहे। जूलूस के दौरान अन्य व्यापारियों ने पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत भी किया। जुलूस के दौरान व्यापारियों की ओर से लगाए गए नारों से माहौल में उत्साह छा गया। जुलूस में कई जगहों पर छतों से फूल भी बरसाए गए। सभा के दौरान मंत्री अभिषेक किशोर कपूर ने सभी व्यापारियों के प्रति आभार जताया। कहा कि वे हर वक्त व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए खड़े हैं। व्यापारी अपने व्यापार संबंधित किसी भी समस्या को उनतक कभी भी पहुंचा सकते हैं। व्यापारियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# बीएपीएल के अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

## केडीए की कार्रवाई : मकसूदाबाद में 10 हेक्टेयर में की गई थी प्लाटिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बाउंड्रीवाल को ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

- जोन-1 बैरी अकबरपुर में भी अवैध निर्माण कराए खाली

**अमृत विचार।** केडीए ने जोन-1 और जोन-2 में सोमवार को बड़ी कार्रवाई कर अवैध निर्माणों को धराशायी कर दिया। केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला के नेतृत्व में बीएपीएल की दो अलग-अलग जगह लगभग 10 हेक्टेयर में कराई गई बाउंड्रीवाल और प्लाटिंग को गिरा दिया। वहीं, जोन एक में भी केडीए के बुलडोजर ने बड़ी जमीन पर किये गये अवैध निर्माणों को गिरा दिया।

केडीए ने जोन-02 के अन्तर्गत मकसूदाबाद में नसनियॉ मोड़ के पास दो बड़ी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। पहली अवैध प्लाटिंग में बीएपीएल/वीएसीएल के नाम से आराजी संख्या 784, 785, 783, 782, 775, 776, 777, 774, 804, 805, 806, 803, 788, 801, 898, 899, 814, 816, 833 एवं 834 मकसूदाबाद (खेल कूद मैदान के पीछे) कानपुर में क्षेत्रफल लगभग 8.00 हेक्टेयर में हुई प्लाटिंग को गिराया तो वहीं, कंपनी की दूसरी अवैध प्लाटिंग आराजी संख्या -845, 843, 844, 839, 838 एवं 837 (होमगार्ड टेनिंग सेंटर के बगल में) मकसूदाबाद में क्षेत्रफल लगभग 2 हेक्टेयर में हुई प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया। बड़ी प्लाटिंग के चलते केडीए को चार बुलडोजर बुलाने पड़े। इस दौरान क्षेत्रीय सहायक अभियन्ता जेएन पांडेय, अवर अभियन्ता पीके वर्मा, अरविन्द उपाध्याय, प्रवर्तन दल, बिठूर तथा अन्य थानों का पुलिस बल रहा।

### बैरी अकबरपुर कछार में भी हुई कार्रवाई

**कानपुर।** ग्राम-बैरी अकबरपुर कछार की आराजियों पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण के विरूद्ध भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ने बताया कि अंकित द्विवेदी के द्वारा बैरी अकबरपुर कछार की 15000 वर्गमीटर, पप्पन यादव के द्वारा 15000 वर्गमीटर व वीरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा 3 .50 बीघा जमीन पर हुये अवैध निर्माणों को गिराया गया।

# हत्याकांड में आयोग सख्त डीएम व एसपी को नोटिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- आयोग ने रिपोर्ट न भेजने पर समन जारी करने को कहा

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के व्यक्ति की सुनियोजित हत्या में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सख्त हो गया है। विवेचना जांच पर महत्वपूर्ण साक्ष्य की अनदेखी पर आयोग ने सात बिंदुओं पर डीएम-एसपी से आख्या तलब कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा डीएम-एसपी को व्यक्तिगतया प्रतिनिधि के माध्यम से तलब करने का समन जारी किया जाएगा।

यह जानकारी वादी के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर निवासी राजेश कुमार शंखवार ने अपने भाई बृजेश कुमार की जहर खिलाकर गुलाब सिंह यादव द्वारा 28 जून 2020 को हत्या करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया था। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। परीक्षण में मृतक की विसरा रिपोर्ट में जहर पाया गया था। जिसपर हत्या, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

उन्होंने बताया कि विवेचना में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। जिसमे विशेष न्यायाधीश एससीएसटी न्यायालय ने पूर्व में फाइनल रिपोर्ट को निरस्त कर दोबारा विवेचना के आदेश पारित किए थे। पुनः विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा शत्र लाइसेंस का दुरुपयोग कर वादी व गवाहों को धमकाने की शिकायत राजेश कुमार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग व उत्तर प्रदेश शासन से की थी। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद एफआर निरस्त कर कोर्ट के आदेश पर इस मुकदमे की पुनः विवेचना एएसपी कानपुर देहात द्वारा की जा रही है। वादी का आरोप है कि मामले में आरोपी गुलाब सिंह गवाहों को धमका रहा है।

## सार-संक्षेप



ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग

**कानपुर।** अधिवक्ताओं के साथ हो रही मारपीट की घटनाओं को लेकर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने की मांग को लेकर सैकड़ों अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर ने मिलने पहुंचे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर को सौंपते हुए अधिवक्ताओं ने जल्द अधिनियम लागू कराने की मांग की। सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की मांग को लेकर पहुंचे। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि बीते कुछ महीनो में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट जैसी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। कई मामलों में अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले भी हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग है कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को जल्द से जल्द लागू किया जाए। इसके साथ ही अपनी छह सूत्रीय मांगों में अधिवक्ता पेंशन योजना, अधिवक्ता कल्याण निधि योजना और अधिवक्ता का स्वास्थ्य कवर योजना लागू किया जाए।

### डीसीए ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

**कानपुर।** जिला स्तरीय सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत सोमवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच शिवा क्रिकेट एकडमी बनाम डीसीए के मध्य ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में डीसीए की टीम ने टॉस जीकर पहले गेंजबाजी करने का निर्णाय लिया। शिवा क्रिकेट एकडमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 173 रन बनाये। शिवा क्रिकेट एकडमी के बल्लेबाज अमन चौहान ने 42 गेंदो पर 86 रन व सारिम ने 34 गेंदों पर 47 रन का योगदान दिया। डीसीए के गेंदबाज योगी ने सर्वाधिक 3 विकेट व शुभम चौधरी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ने 19 ओवरों में अपने 5 विकेट खोकर 174 रन बनाकर फाइनल मैच का खिताब अपने नाम किया। डीसीए के बल्लेबाज शुभम चौधरी ने 49 गेंदो पर 68 रन बनाये और जयदीप ने 30 गेंदों पर 50 रन व आर्दश ने 7 गेंदो पर 27 रन का योगदान दिया। शिवा क्रिकेट एकडमी के गेंदबाज ईशान मिश्रा व विकास ने 01-01 विकेट लिये।

### सीएसजेएमयू में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय कला मंच और आत्मोदय हॉबी क्लब काउंसिल की ओर से चल रहे 'अकल्पित मेधा फेस्ट' में सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। चार दिवसीय शिविर में वाद-विवाद प्रतियोगिता और कथा सागर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 'क्या भारत में सत्तात्मक लोकतंत्र हो रहा है' विषय पर 18 से अधिक प्रतिभागियों ने विचार व्यक्त किए। निर्णायक मंडल में डॉ ओम शंकर गुप्ता और डॉ रिचा वर्मा ने अंक दिए। इसी तरह कथा सागर प्रतियोगिता में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने विविध थीम्स पर अपनी कहानियां प्रस्तुत कीं। इस प्रतियोगिता में कथा वाचन और अभिनय क्षमताएँ प्रदर्शित हुईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलिमा कटीयार मौजूद रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत संयोजिका भारती प्रजापति, कानपुर प्रांत के प्रांत मेडिविसन प्रमुख डॉ संदीप गौतम , विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष कौशय द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ पूजा सिंह प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायक रहीं।

# आईआईटी की एयर सैंपलिंग डिवाइस जांचेगी वायु गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डिवाइस लांच करते प्रोफेसर तरुण गुप्ता। अमृत विचार

- हवा में तैरने वाले बारीक पार्टिकल को भी पकड़ने में सक्षम है यह डिवाइस

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर ने सोमवार को एयर सैंपलिंग डिवाइस लांच किया है। इस डिवाइस को वायु गुणवत्ता प्रबंधन में क्रांति मानी जा रही है। ''मल्टीपल स्लिट नोजल-बेस्ड हाई वॉल्यूम पीएम2.5 इम्पैक्टर असेंबली' नामक डिवाइस की खासियत यह है कि यह हवा में तैर रहे बारीक पार्टिकल को भी पकड़ने में सक्षम है। इसके अलावा यह डिवाइस प्रदूषण के स्त्रोत को भी असानी से पहचान सकती है। संस्थान में इस डिवाइस पर 2020 से काम चल रहा है।

आईआईटी कानपुर में इस डिवाइस के लांच होने पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बताया गया कि डिवाइस को संस्थान के प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने विकसित किया है। संस्थान के पायनियर बैच कंटिन्यूइंग एजुकेशन सेंटर में हुए समारोह में यह भी बताया गया कि इस डिवाइस को बनाने के लिए 2020 में एयरशेड प्लानिंग प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी हुई थी। इस साझेदारी का उद्देश्य आयातित और महंगे एयर सैंपलर्स और इम्पैक्टर्स के विकल्प के रूप में काम करना था। इस पर संस्थान के शोधार्थियों ने सफलता हासिल की है। समारोह के दौरान आईआईटी कानपुर के डीन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो तरूण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### प्रदूषण से निपटने का उपाय

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा कि यह लांच वायु प्रदूषण से निपटने और ठोस बदलाव लाने वाले समाधान विकसित करने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तकनीक का लाइसेंस प्राप्त करने वाली एयरशेड प्लानिंग प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रयासों से यह उपकरण जल्द ही बाजार में किफायती मूल्य पर उपलब्ध होगा। संस्थान में विकसित की गई ऐसी तकनीकों का उद्देश्य स्वदेशी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना है।

### प्रदूषण की निगरानी हुई काफी सरल

प्रो तरूण गुप्ता ने बताया कि यह उत्पाद वायु गुणवत्ता निगरानी को बहुत ही सरल बनाता है। इस उपकरण के साथ व्यावहारिक समाधान प्रदान करके मौजूदा सैम्पलरस् के लिए बिना किसी परेशानी के अपनी क्षमताओं को उन्नत करना आसान बना दिया है। हमारा लक्ष्य वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए सुलभ उपकरणों के साथ समुदायों को सशक्त बनाना है।

### यह मिलेगी सुविधा

एयर सैंपलिंग डिवाइस में कई स्लिट नोजल के साथ एक उच्च-मात्रा वाले पीएम-2.5 इम्पैक्टर की सुविधा है। यह सुविधा उत्कृष्ट कण संग्रह दक्षता और न्यूनतम दबाव ड्रॉप सुनिश्चित करता है। क्रोम-प्लेटेड पीतल से निर्मित, नोजल और सब्सट्रेट प्लेटें मौजूदा उच्च-मात्रा वाले धूलकणों के नमूनों में सहजता से एकीकृत कर लेती है। मूल सेटअप में बदलाव किए बिना उनके प्रदर्शन को बढ़ाती हैं। डिवाइस को विभिन्न वायु मापदंडों का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें श्वसन योग्य वायु गुणवत्ता, परिवेशी वायु की निगरानी और नमूनाकरण और वायु प्रदूषकों के मात्रात्मक मूल्यांकन शामिल हैं। इसके अलावा यह परिवेशी वायु में मौजूद विभिन्न माइक्रोबियल कॉलोनियों का मात्रात्मक अनुमान प्रदान करता है।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

मुस्लिम क्षेत्रों में चहल-पहल | चांद नजर आते ही जमकर आतिशबाजी, रमजान की मुबारकबाद का चला दौर, बाजार भी सजा, खजूर और शरबत की बिक्री बढ़ी

# बरकतों का महीना रमजान आज से, मस्जिदों में उमड़े नमाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



चांद देखते इमाम। अमृत विचार



मस्जिदों में हुई नमाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में चांद का दीदार होते ही रमजान का महीना शुरू हो गया। अकीदतमंदों ने चांद का दीदार कर एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस दौरान युवाओं ने उत्साह में आतिशबाजी भी की। रहमतों और बरकतों का महीना रमजान शुरू होते ही खरीदारी के लिए भी लोग उमड़े। खासतौर पर खजूर और मीठे शरबत की खरीदारी हुई। लोगों ने आतिशबाजी की।

रमजान महीने का ऐलान होते ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मस्जिदों सहित सैकड़ों जगहों पर सामूहिक रूप से तरावीह की नमाज अदा की गई। घनी आबादी वाले इलाकों में देर रात तक चहल-पहल रही। नमाज के बाद लोग सहरी के लिए खरीदारी करते रहे। रोयत-ए-हिलाल कमेटियों ने सोमवार को रमजान का चांद देखने की अपील की थी। शाम को लोग चांद देखने के लिए ऊंचे स्थानों पर पहुंचे। चांद नजर आते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी। आतिशबाजी कर इस माह का स्वागत किया गया। एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। परेड, यतीमखाना, बाबू पुरवा, रौशन नगर में अचानक दुकानों में भीड़ बढ़ गई। फलों के साथ ही खजूर की भी खरीदारी हुई। दुकानों में बाहर मुल्कों से आया सूखा खजूर लोगों को काफी पसंद आया। इसी तरह ब्रांडेड शरबत की भी बाजार में मांग रही। देर रात तक लोग रमजान का चांद दिखने की खुशी मनाते रहे।

## शिया युवा यूनिट ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**कानपुर।** ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट ने रमजान की हेल्पलाइन जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस बार रोजेदारों के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए हेल्पलाइन में डॉक्टरों को भी जोड़ा गया है। इस तरह से नंबर में प्रश्न पूछने पर ओलेमा के साथ डॉक्टर भी जवाब देने के लिए उपस्थित होंगे।

माहे रमजान की शुरुआत पर ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट ने शिया समाज के मसले मसायल के लिए रमजान हेल्प लाइन नंबर जारी कर दी है। पैनल में ओलेमा के साथ डॉक्टर भी मेडिकल संबंधी मशवरा देंगे। खवातीन के लिए एक विशेष नंबर जारी किया गया है। इस नंबर पर खवातीन के सवालों के जवाब खवातीन ही देंगी। हेल्प लाइन नंबर में ओलेमा के पैनल में मौलाना अलमदार हुसैन

इमामे जुमा जूही कानपुर 9307201229, मौलाना अजहर अब्बास, इमामे जुमा जाजमऊ 9335321962, मौलाना मोहम्मद जीशान, मौलाना नसीम अब्बास हसनी, इमामे जमाअत सावित्री नगर, 7860137954, मौलाना हामिद हुसैन, इमामे जमाअत पटकापुर, 8299057012 है। इसी तरह डॉक्टर का पैनल मोहम्मद आमिर, डॉक्टर जुल्फेकार अली रिज़वी, यूनानी फिजीशियन, 9389972172, डॉक्टर मोहम्मद अली फरज़ान, 8318083883 शामिल हैं। खवातीन के लिए विशेष नंबर 9335339093 जारी किया गया है। इस पर ख्वाहर निशात फातिमा और हसीन फातिमा महिलाओं के सवालों के जवाब देंगी।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में कमीशनखोरी पर हंगामा

संवाददाता, शिवराजपुर

- कई ग्राम प्रधानों ने लगाए कमीशनखोरी के आरोप
- बैठक में ढाई करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर लगी मुहर

**अमृत विचार:** शिवराजपुर खंड विकास खंड कार्यालय में सोमवार को हुई क्षेत्र पंचायत की छमाही बैठक में जबर्दस्त हंगामा हुआ। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत और बीडीसी सदस्यों ने कमीशनखोरी का आरोप लगाया। कई ग्राम प्रधानों का आरोप था कि कमीशन के चक्कर में सड़क-नाली निर्माण के आई धनराशि को हाईमास्क लाइट में खर्च किया जा रहा है।

बैठक के दौरान कई लोगों के अनधिकृत रूप से सभागार में पहुंचने पर हंगामा हुआ, जो ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ। क्षेत्र पंचायत भवन में हुई बैठक के दौरान सभी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य भी पहुंचे थे। इस दौरान बैठक के दौरान अलग-अलग ग्राम पंचायत के प्रधानों ने अपने गांव में विकास कार्यों के प्रस्ताव पेश किए।

खंड विकास अधिकारी और ब्लाक प्रमुख के समक्ष पेश हुए लगभग ढाई करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बाचीपुर के ग्राम प्रधान विवेक कुमार कटियार ने क्षेत्र पंचायत निधि से अपनी ग्राम पंचायत में सड़क, नाली निर्माण के साथ हाईमास्क लाइट लगवाने के लिए प्रस्ताव दिया। इसी प्रकार जादेपुर घस्सा के ग्राम प्रधान रानू अवस्थी ने भी अपनी ग्राम पंचायत में नाला निर्माण का प्रस्ताव दिया।

बैठक के दौरान हाईमास्क लाइट को लेकर हंगामा हुआ। कई ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हाईमास्क लाइट के काम पर रोक लगाने की मांग उठाई। उनका कहना था कि हाईमास्क लाइट में कमीशन ज्यादा होने के कारण बाकी कामों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हाईमास्क लाइट में बजट का दुरुपयोग हो रहा है। इंटरलॉकिंग का काम कम कराया जा रहा है।

बैठक में जिला विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई, खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला, एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, बीडीसी सदस्य सीमा कटियार, ताहिर, गुड्डी, ग्राम प्रधान अशर्फीलाल यादव, अमित कटियार, संतोष आदि के साथ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


शिवराजपुर क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल ब्लाक प्रमुख व सदस्य। अमृत विचार

### अनधिकृत लोगों के पहुंचने पर हंगामा

क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान अनधिकृत लोगों के सभागार में पहुंचने पर हंगामा हुआ। बैठक में कुछ राजनीतिक व्यक्तियों के पहुंच जाने और बेवजह हस्तक्षेप करने पर कुछ ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य भड़क गए और हंगामा करने लगे। बैठक के दौरान सदन के कई सदस्यों ने बैठक का मानदेय नहीं मिलने की भी शिकायत की।

# कूष्मांडा नगर में नहीं भरेगा पानी

संवाददाता, घाटमपुर

- नगर पालिका परिषद की ओर से लगाया गया पंप
- वर्षों से जलभराव से जूझ रहे थे मोहल्ले के लोग

**अमृत विचार:** नगर के कूष्मांडा नगर में अब लोगों को जलभराव की समस्या से छुटकारा मिलेगा। नगर पालिका परिषद की ओर से 67 लाख रुपये खर्च कर मडपंप लगाया गया है, जिससे पानी निकाला जाएगा। वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों में इस नई व्यवस्था से खासी राहत मिलेगी।

कस्बे के कूष्मांडा नगर में वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या की तरफ किसी भी पालिका अध्यक्ष ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब यहां जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गजाला तबस्सुम के प्रतिनिधि हाफिज अब्दुल आहट की ओर से कूष्मांडा नगर में पानी निकालने के लिए 67 लाख रुपये की लागत से मठपंप का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से रेलवे लाइन के किनारे भरे पानी को निकाला जाएगा। इससे जलभराव में डूबी सैकड़ों बीघा भूमि खाली हो जाएगी। कूष्मांडा नगर मोहल्ले में लंबे समय से तालाब जैसा नजारा बना रहता था। बरसात के दिनों में तो लोगों को नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता था। इस मौके पर ठेकेदार जावेद खान, राशिद कुरैशी, परवेज कुरैशी आदि रहे।


कूष्मांडा नगर में जलभराव दूर करने के लिए काम शुरू हुआ। अमृत विचार

## एक नजर

### कोयले की पहली खेप का मोदी करेंगे उद्घाटन

**घाटमपुर।** नवनिर्मित पॉवर प्लांट की रेलवे साइडिंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मंगलवार को पचवारा साउथ काल ब्लॉक, डुमका झारखंड में कोयले से भारी पहली ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह जानकारी नेयवेली पावर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष सीएस की ओर से दी गई।

### चोरी की बाइकों के साथ एक शातिर गिरफ्तार

**सरसौल।** महाराजपुर पुलिस ने सोमवार को चोरी की दो बाइकों सहित एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी अनंत चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर डी ब्लॉक का रहने वाला है। सोमवार को पुलिस ने उसे चोरी की बाइक के साथ आईटीबीपी के पास से गिरफ्तार किया। रविवार को बाइक सरसौल से चोरी हुई थी, जिसका मुकदमा महाराजपुर में दर्ज कराया गया था। आरोपी की निशानदेही पर एक अन्य बाइक भी बरामद हुई है, जिसे उसने चकेरी क्षेत्र के मंगला विहार से चोरी किया था। अभी हाल में ससुराल आए एक युवक की बाइक सरसौल से ही चोरी गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद होने के बावजूद बाइक अब तक नहीं मिल सकी।

### स्वास्थ्य कर्मी के घर बाइक मोबाइल और नकदी चोरी

**बिल्हौर।** इमरजेंसी में तैनात स्वास्थ्य कर्मी के ड्यूटी पर जाने के बाद ताला तोड़कर घर में घुसे चोर बाइक, मोबाइल और नकदी ले गए। स्वास्थ्य कर्मी के घर लौटने के बाद घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच जुटी। बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 नंबर एंबुलेंस पर कार्यरत बाबू सिंह रेलवे लाइन के किनारे मुरादनगर में सोनू कुशवाह के मकान में किराए पर रहता है। रविवार सुबह लगभग चार बजे एक इमरजेंसी काल पर वह मरीज को लेने गया था। जब वापस लौटा तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था। उसने दरवाजा खोल कर अंदर जाकर देखा तो उसकी बाइक, मोबाइल और बैग में रखे 1800 रुपये गायब थे। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है।

### साइकिल चोर को पकड़ा

**चौबेपुर।** सीसीटीवी कैमरे की मदद से सोमवार को पुलिस ने एक चोर को पकड़ कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने मार्केट में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सोमवार दोपहर यहां एक कंप्यूटर सेंटर के सामने खड़ी साइकिल चोरी करते युवक को पकड़ा गया।

# बिधनू थाने के सामने भिड़े ट्रक, चालक गंभीर

## हमीरपुर रोड पर सोमवार की भोर पहर हुआ हादसा, घायल ट्रक चालक और क्लीनर हैलट अस्पताल रेफर

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** हमीरपुर रोड पर सोमवार की तड़के बिधनू थाने के ठीक सामने दो ट्रकों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें एक ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसके चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर कर दिया गया।

लखनऊ जनपद के काकोरी थाना क्षेत्र के गुरघुली तालाब सकरा मोहन रोड निवासी ट्रक चालक सतीश उर्फ सोनू (22) और उन्नाव जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुंजपुर निवासी क्लीनर अनीश (18) ट्रक लेकर नौबस्ता, कानपुर की ओर से घाटमपुर की ओर जा रहा था। हमीरपुर रोड पर बिधनू थाने के ठीक सामने घाटमपुर की ओर से आ रहे ट्रक के पिछले हिस्से में टकरा गया, जिससे ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सतीश व क्लीनर अनीश उसी में फंसकर घायल हो गए।


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

उधर दूसरे ट्रक का चालक गाड़ी तेज रफ्तार दौड़ाकर मौके से भाग निकला। थाने के सामने हादसे के दौरान तेज आवाज होने पर पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को ट्रक से निकालकर फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देकर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष प्रेमचंद्र कनौजिया का कहना है कि अभी इस सिलसिले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# पहिया पंचर होने से कार नहर में गिरी

संवाददाता, भीतरगांव

**रफ्तार की मार**
- साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ नहर पुल के पास हुआ हादसा
- हादसे के दौरान चालक ने नहर में कूदकर बचाई जान

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र की कुड़नी रोड पर बरईगढ़ नहर पुल के पास साढ़ की ओर से जा रही स्विफ्ट डिजायर कार पहिया पंचर होने से अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। चालक ने कूदकर किसी तरह बचाई अपनी जान बचाई। हादसे के वक्त कार में सिर्फ चालक ही सवार था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

भीतरगांव क्षेत्र के कुम्हड़िया गांव निवासी सूर्यभान सिंह अपनी कार लेकर बरईगढ़ गांव जा रहा था। वहां से गाड़ी को एक बारात लेकर जाना था। जैसे ही वह साढ़ कस्बे से आगे कुड़नी रोड पर बरईगढ़ नहर पुल के पास पहुंचने ही वाला था, तभी गाड़ी का अगला बाईं ओर का टायर पंचर हो गया। चालक के अनुसार रफ्तार अधिक होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पलक झपकते ही सीधे नहर में जा गिरी।

सूर्यभान के अनुसार गाड़ी पानी में गिरते ही उसने दरवाजा खोलकर गाड़ी से बाहर पानी में छलांग लगा दी। इसके बाद कुछ राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। चालक पूरी तरह सुरक्षित है। क्रेन मंगवा कर गाड़ी बाहर निकलवाई जाएगी। चालक सकुशल बच गया है।


बरईगढ़ के पास नहर में गिरी कार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


निरीक्षण के दौरान बच्चों से सीधे रूबरू हुए एसडीएम ऋषभ वर्मा। अमृत विचार

### नर्वल एसडीएम ने शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाया

**सरसौल।** सोमवार को नर्वल उप जिलाधिकारी ऋषभ वर्मा ने कंपोजिट विद्यालय रायपुर और प्राथमिक विद्यालय करबिगवां का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कंपोजिट विद्यालय रायपुर में मुख्य द्वार और एक दीवार क्षतिग्रस्त देखकर प्रधानाचार्य से इसका कारण पूछा और इसे दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों विद्यालयों की कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया और ब्लैक बोर्ड पर चाक चलाकर उनकी पढ़ाई-लिखाई का हाल जाना। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और मिडडे मील की गुणवत्ता पर ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

### पाइप लाइन में लीकेज, घरों में पहुंच रहा गंदा पानी

**घाटमपुर।** विकास खंड क्षेत्र के रेवना गांव में कई वर्षों पहले पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणों को टंकी से पानी की आपूर्ति देने के लिए कनेक्शन किए गए थे। पुरानी पाइप लाइन खराब हो जाने के कारण गंदा पानी पाइप लाइन के जरिए घरों में पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि पाइप लाइन के जरिए जो दूषित पानी घरों घरों में पहुंच रहा है, उसमें बदबू आती है, लेकिन पानी का कोई अन्य साधन नहीं होने के कारण वही पानी पीने को मजबूर हैं। करीब तीन माह से यह समस्या चल रही है। इसकी शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई और गंदा दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर हैं। दूषित पानी से संक्रामक बीमारियां फैलने का भी डर है। गांव के राहुल कपाड़िया, नफीस कुरैशी, पवन चौरसिया, पप्पू सिंह आदि लोगों ने लीकेज पाइप लाइन ठीक कराए जाने की मांग की है।


सरसौल ब्लाक में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। अमृत विचार

### महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्न प्राशन

**सरसौल।** बाल विकास परियोजना के तहत सरसौल ब्लॉक में सोमवार को महिलाओं की गोदभराई और शिशुओं के अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रानू शुक्ला ने पांच शिशुओं को खीर खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर आंगनबाड़ी की सीडीपीओ रामजानकी और विजय श्रीवास्तव के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां और महिलाएं मौजूद रहीं।

### गैंगरेप पीड़िता किशोरियों के परिवारों को आर्थिक मदद

**घाटमपुर।** ईंट भट्ठे में जबरन शराब पिलाने और सामूहिक दुष्कर्म के बाद पेड़ पर दो किशोरियों की लाशें लटकी मिलने, फिर एक किशोरी के पिता द्वारा समझौते के दबाव से आहत होकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पीड़ित परिवारों की मदद के लिए राजनीतिक दल आगे आए है। हालांकि कुछ सिर्फ सांत्वना देकर वापस चले गए। सबसे बड़ी सहायता धनराशि अभी तक कांग्रेस पार्टी ने पीड़ित परिवार को दी है। भाजपा में हाल ही में शामिल नेता केशव बाबू शिवहरे जो इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं। गांव पहुंचकर दोनों परिवारों को 15-15 हजार की आर्थिक सहायता दी। इसी के बाद सपा के प्रत्याशी रहे राम प्रकाश प्रजापति, पूर्व पार्टी अध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव और सपा के प्रदेश स्तरीय नेता मुनीलाल निषाद, महोबा सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर श्रीनिवास व जिला अध्यक्ष इदरीश खान सहित कई अन्य नेता गांव के पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। साथ ही पार्टी की तरफ से उनके इंसाफ की कानूनी लड़ाई लड़ने का भी आश्वासन दिया। हालांकि अभी तक सरकारी मदद के नाम पर दोनों परिवारों को 25-25 हजार रुपये के अलावा कुछ नहीं मिल सका। परिवार का मुखिया चला जाने के बाद गरीब कुनबे पर मुसीबतों का पहाड़ टूटा है।

# घर से निकली किशोरी लापता

**चौबेपुर।** मेघनीपुरवा से रविवार देर शाम पैसा लेने की बात कहकर घर से निकली किशोरी गायब हो गई। खोजबीन के बावजूद कुछ पता न लगने पर किशोरी के पिता ने क्षेत्र के ही एक पिकअप चालक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

मेघनीपुरवा की किशोरी रविवार सुबह गांव के कुछ लोगों के साथ देदूपुर गांव आलू बीनने गई थी। शाम को वह देदूपुर के पप्पू की गाड़ी में बैठकर घर आई। इसके बाद कुर्मीखेड़ा से पैसा लाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक नहीं लौटी। घर वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। उसके पिता ने पिकअप चालक पप्पू यादव के खिलाफ फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# शिक्षक-अभिभावक मिलकर बनाएं भविष्य

संवाददाता, बिल्हौर

- ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**अमृत विचार:** बिल्हौर खण्ड शिक्षा अधिकारी सभागार में सोमवार को ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्राथमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापक, ग्राम प्राधानों, सचिवों एवं अभिभावकों के साथ शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी रविकुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम रश्मि लांबा, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि सत्यवीर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और विधायक प्रतिनिधि कुश अग्निहोत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन निरूपमा पांडेय व आरती सिंह ने संयुक्त रूप से किया। एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को निश्चित मतदान की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा विद्या के मंदिर से ही देश का भविष्य तय होता है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न करें। उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें और समय-समय पर उनकी शिक्षा की जांच करते रहें। सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने विशेष कर अभिभावकों से कहा कि बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए प्रतिदिन विद्यालय जाएं और शिक्षकों से चर्चा करें। बीईओ ने बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों, डीबीटी के माध्यम से विभिन्न सामग्री क्रय किए जाने हेतु धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में प्रेषित किए जाने, निपुण भारत मिशन के तहत बाल वाटिका कक्षा 1 से कक्षा 3 के छात्रों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने, ग्राम पंचायत के सहयोग से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इन सबके लिये समुदायिक सहभागिता बहुत जरूरी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डीसी कम्युनिटी अनुरुद्ध सिंह, डीसी एमडीएम सौरभ और एडीओ पंचायत भीष्म नारायण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिवांश सिंह चंदेल, वेद प्रकाश शुक्ला, अभिषेक पांडेय, राजकुमार भदौरिया, मुन्ना सिंह, धर्मेंद्र कटियार, आशा कटियार, नियाज अहमद आदि मौजूद रहे।


सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

**धर्म-अध्यात्म** | पचोर में श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य वेंकटेश जी महराज ने सुनाई ध्रुव और भक्त प्रहलाद की कथा

# ईश्वर की भक्ति में प्रेम का भाव सर्वोपरि होना चाहिए

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं। जिस साधना में प्रेम की मिठास न हो, वह व्यर्थ का शारीरिक परिश्रम है। भक्ति, ज्ञान, योग, साधना यह सभी प्रभु की कृपा प्राप्ति की सीढ़ियां हैं, जिन्हें संसार के प्राणियों से प्रेम नहीं, उन्हें भगवान की वस्तुओं से प्रेम नहीं। ऐसे कठोर हृदय व्यक्ति को ईश्वर कभी दर्शन नहीं देते। इसीलिए भक्ति में प्रेम का भाव सर्वोपरि होना चाहिए।

हमारी भक्ति में निष्काम भावना का रस आवश्यक है, तभी ईश्वर कृपा संभव है। यह प्रवचन सोमवार को क्षेत्र के पचोर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने ध्रुव चरित्र व भक्त प्रहलाद की कथा सुना कर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। कथा के तीसरे दिन चित्रकूट से पधारे आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने बताया कि भक्त की भावना यदि सच्ची हो, श्रद्धा और आस्था प्रबल हो, तो भगवान उसके भोजन को अवश्य ग्रहण करते हैं।

उन्होंने बताया कि दुर्योधन के पास बहुत बड़ा राजपाट था, लेकिन दुर्योधन के मेवा, मिष्ठान और 56 प्रकार के भोग को ठुकराकर प्रभु श्री कृष्ण ने विदुर के यहां का साग ग्रहण किया। भाववश प्रभु ने सुदामा के तंदुल भी खाए। इसी तरह शबरी के प्रेमभाव से बंधकर प्रभु श्रीराम ने उनके जूठे बेर बड़े चाव के साथ खाए। प्रेम व भाव से लगाया गया भोग भगवान अवश्य ग्रहण करते हैं।

आचार्य ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने मात्र पांच वर्ष की अवस्था में भगवान के दर्शन प्राप्त कर लिए। यह कार्य किसी भी उम्र में संभव है। उन्होंने गज ग्राह और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर परीक्षित के रूप में वीके मिश्रा, उनकी पत्नी सुमन मिश्रा के अलावा अजय मिश्रा, राजन शुक्ला, संजीव मिश्रा, बबलू मिश्रा, दुर्गेश शुक्ला, पीयूष मिश्रा व ओम प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य वेंकटेश जी महाराज।


श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा में सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

# अंडरपास नहीं तो मतदान का बहिष्कार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास न दिये जाने से आक्रोशित यहां के लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार किए जाने का ऐलान किया है। अधिकारियों की कार्यशैली से खफा गांव वालों ने धरना स्थल पर बैनर लगाकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है।

मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास न दिए जाने से ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अफसरों व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गए मांगपत्र में ग्रामीणों ने बताया था कि गांव की 80 फीसदी उपजाऊ भूमि, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र व गांव का प्राचीन मंदिर हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में है। ऐसे में लोगों को वहां तक जाने के लिए चार किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ रहा है। सबसे बड़ी दिक्कत किसानों व स्कूली बच्चों के सामने है। समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी विभागीय उच्चाधिकारियों को इस बाबत पत्र लिखकर इसका निदान कराये जाने की बात कही। पहली मार्च को जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम सिटी, एनएचआई की टीम, एसडीएम, एसीपी बिल्हौर, एसीपी ट्रैफिक और एआरटीओ की टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था और ग्रामीणों से बातचीत कर रिपोर्ट डीएम को भेजी थी। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई पहल अभी तक शुरू नहीं हुई है। ग्राम प्रधान श्यामजी कुशवाहा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारी से अभी तक आश्वासन ही मिल रहे हैं। समस्या के निदान के लिए अभी तक कोई प्रयास शुरू नहीं किए गए हैं। नतीजतन मरियानी के अलावा भिंडुरी, जरारी आदि गांवों के लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान न किये जाने का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने धरना स्थल पर मतदान बहिष्कार का बैनर टांग अपनी पीड़ा जाहिर की है।



धरनास्थल पर लगाया गया मतदान बहिष्कार का बैनर। अमृत विचार


सभास्थल का निरीक्षण करते विधायक, डीएम व एसपी।


शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का निरीक्षण कर लौटते अधिकारी। अमृत विचार

# कल उन्नाव का दौरा कर सकते सीएम योगी

## मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर विधायक, डीएम और एसपी समेत अन्य अफसरों ने किया निरीक्षण

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के चंद्रिका खेड़ा गांव स्थित शहीद गुलाब सिंह लोधी के पैतृक गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा का अनावरण करने मुख्यमंत्री आगामी बुधवार को पहुंच सकते हैं। सीएम के संभावित दौरे को देखते हुए सोमवार को बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना वहां पहुंचे और मौका मुआयना किया। जहां उन्होंने हेलीपैड व सभास्थल के लिए स्थान का चयन कर स्थलीय निरीक्षण भी किया। इसके बाद मातहतों को निर्देश दिए।


रात में सड़क निर्माण के लिए पहुंची मशीनें। अमृत विचार

### रात-दिन काम कर तैयार होगी डेढ़ किमी सड़क

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को देखते हुए सभास्थल से चंद्रिका खेड़ा गांव तक जाने वाली करीब डेढ़ किमी जर्जर सड़क के निर्माण की कवायद भी अधिकारियों ने शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि अधिकारी रातों दिन काम करवाकर इस रोड को तैयार करवाएंगे। जिससे सीएम को हिचकोले न खाने पड़ें।

बता दें कि चंद्रिका खेड़ा गांव में स्थापित शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण करने को मुख्यमंत्री का संभावित दौरा 13 मार्च को होना है। सीएम के आने की भनक लगते ही अधिकारी-कर्मचारी भी एक पांव पर जुट गए। गांव में वृहद स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। वहीं सीएम के दौरे को देखते हुए सोमवार को डीएम व एसपी गांव पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, ठाकुर जी महाराज महाविद्यालय, चंदिका खेड़ा गांव स्थित नवोदय विद्यालय आदि जगहों पर हेलीपैड बनाने व सभास्थल के लिए जगह का निरीक्षण किया।

सभी जगहों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद सहमति होने पर नवोदय विद्यालय में ही हेलीपैड व जनसभा स्थल बनाने की योजना पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री नवोदय विद्यालय से चंद्रिका खेड़ा गांव पहुंचकर प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश, एसडीएम नम्रता सिंह, तहसीलदार साक्षी राय आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजीव नगर बस्ती की ओर से समतलीकरण का हुआ काम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- जेसीबी चलते देख लोगों में मची खलबली, जुटी भीड़
- आसपास के लोगों को सताया आशियाना उजड़ने का भय

**अमृत विचार।** कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प होना है। इसके लिये राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वाल बनवाई जाएगी। सोमवार को चिन्हित स्थान पर जेसीबी से काम कराया गया। बस्ती के पास अचानक जेसीबी चलने से क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लगी रही।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण कार्य चल रहा है। जहां कार्य करने के लिए बाहर से मजदूर भी आ गए हैं। उनके ठहरने के लिए अस्थाई क्वार्टर बनाए गए हैं। इसके साथ ही राजीव नगर बस्ती की ओर बाउंड्री वाल बनाई जाएगी। जिसे लेकर कार्यदायी संस्था ने बस्ती के बीच जाकर चिन्हांकन का काम किया। सोमवार को कार्यदायी संस्था ने चिंहित स्थान पर खड़ी झाड़ियों व ऊबड़ खाबड़ रास्ते का समतलीकरण करने का काम जेसीबी से कराया। अचानक बस्ती में जेसीबी चलने से क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। वहीं स्टेशन का कार्य होता देख बस्ती के निवासियों में हड़कंप मच गया और उन्हें आशियाने उजड़ने का डर सताने लगा है। क्योंकि इस बार स्टेशन का काम भी शुरू हो गया है।


राजीव नगर की खंती में जेसीबी से मिट्टी बराबर की गई। अमृत विचार

### नगर पालिका ने मुस्लिम क्षेत्रों में कराई सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** आज से रमजान माह शुरू हो रहा है। जिसे देखते हुए पालिका अध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका क्षेत्र के मुस्लिम क्षेत्र में बृहद स्तर पर साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही चूने का छिड़काव कराया गया। पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को सफाई कर्मियों की फौज नगर के रहमत नगर, अहमद नगर, चंपापुरवा, गोताखोर, मदनी नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, कर्बला, हुसैन नगर आदि मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाली, नालियों की साफ सफाई की। इस दौरान जगह-जगह चूने का छिड़काव कराया गया। इस बाबत ईओ ने बताया कि रमजान माह को देखते हुए इसी तरह पूरे माह मुस्लिम क्षेत्रों में साफ सफाई कराई जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट में दो भाइयों को चार-चार साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गैंगस्टर एक्ट के एक मामले की अंतिम सुनवाई एडीजे-5 की कोर्ट में सोमवार को पूरी हुई। कोर्ट ने पुलिस दो भाइयों को दोषी करार दिया और उन्हें चार-चार साल के कारावास के साथ पांच हजार जुर्माने के आदेश दिए।


बता दें कि आसीवन थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव अनवरखेड़ा मजरा कुरसठ निवासी प्रभू व मूलचंद्र पुत्र गंगाराम पासी पर सन-2002 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पुलिस का मानना था कि दोनों भाई गैंग बनाकर चोरी, राहजनी व लूट सहित असलहों के बल पर आतंक व भय कायम किए थे। इससे उनके द्वारा धन भी अर्जित किया गया था। इस गैंग के भय व आतंक के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने का साहस नहीं करता था। तत्कालीन एसओ आसीवन सोनेलाल ने जांच के बाद दोनों भाइयों के विरुद्ध कोर्ट में 24 अगस्त-2004 को चार्जशीट दाखिल की थी। गैंगस्टर कोर्ट में करीब 22 वर्षो से विचाराधीन मुक़दमे की अंतिम सुनवाई सोमवार को पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत सबूतों व दलीलों को सुनने के बाद एडीजे-5 शिप्रा आर्या ने प्रभू व मूलचंद्र को दोषी ठहराते हुए चार-चार साल की सजा सुनाई।

# शादी में आई युवती फंदे से लटकी मिली

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दही थानांतर्गत शिव नगर मोहल्ले का मामला, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** फुफेरे भाई के देवर की शादी में आई युवती का शव दही थानांतर्गत शिव नगर मोहल्ले में फंदे से लटका देख कोचिंग से लौटी बहन के होश उड़ गए। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। भाई ने एक युवक पर अपने साथियों के साथ मिलकर दुष्कर्म करने के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी में रखवाने के साथ पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



बता दें कि संतोष कुमार पाल मूल रूप से अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव के निवासी हैं। उनके छोटे भाई की बीती दो मार्च को गांव में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए दही थानांतर्गत टीकरगढ़ी गांव के मजरा मल्ली खेड़ा निवासी संतोष के मामा राकेश पाल की बेटी निधि (20) अपने भाई के साथ आई थी। शादी के बाद पांच मार्च को वह बुआ के बेटे के घर शिव नगर आ गई थी। इसी दौरान संतोष के एक भाई की मौत हो गई। इस सोमवार को सभी लोग गांव चले गए। यहां निधि व संतोष की बेटी अंशिका थी। वह भी सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने शिक्षण कार्य से गई थी। शाम तीन बजे जब वह वापस लौटी तो निधि का शव कमरे में फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। निधि के भाई सुमित ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी बहन को पूर्व में अतुल गौतम पुत्र बेवेलाल निवासी विजयीखेड़ा थाना माखी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे परेशान करता था और बहन को दुष्कर्म करने की धमकी देता था। आरोप है कि अतुल गौतम अपने सहयोगियों के साथ घर आया और निधी से दुष्कर्म किया और इसके बाद हत्या कर उसका शव फंदे से लटका दिया। इसमें युवक के परिजन भी शामिल हैं। एसओ अनुराग सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

# जुएं के फड़ पर पुलिस का छापा, चार आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 30 हजार रुपये बरामद, जुआं अधिनियम में की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** बिहार पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर उन्नाव-लालगंज हाईवे किनारे मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर चार व्यक्तियों को जुआं खेलते पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 30 हजार व जमातलाशी में 28 हजार रुपये बरामद करते हुए सभी पर जुआं अधिनियम के तहत कर्रवाई की है।

बिहार थानांतर्गत छाछीराई खेडा गांव के सामने स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे की झाड़ियों में चल रहे जुएं के फड़ में छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। घेराबंदी कर पुलिस ने धनंजय द्विवेदी पुत्र रामखेलावन निवासी बुदवन थाना खागा जिला फतेहपुर, धीरेंद्र दुबे पुत्र स्व. महादेव निवासी सरसई थाना खागा जिला फतेहपुर, शिवशक्ति नारायण पुत्र स्व. सूरजपाल निवासी मोहल्ला मानू का पुरवा थाना खागा जिला फतेहपुर व पंकज प्रसाद पुत्र स्व. शीतला प्रसाद तिवारी निवासी टाटमिल चौराहा जीटी रोड कानपुर कैंट थाना रेल बाजार कानपुर नगर को दबोच लिया। उनके पास से 28 हजार रुपये बरामद हुए। इसके अलावा फड़ से 30 हजार और ताश की गड्डी बरामद हुई। काफी समय से यहां पर जुएं की फड़ संचालित थी।

# महिलाओं को 500 हज सीट आवंटित

**उन्नाव।** जिले की मुस्लिम महिलाओं के लिए खुशखबरी है कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने मरहम श्रेणी में हज जाने वाली महिलाओं के लिए 500 सीट आवंटित करने का सर्कुलर जारी हुआ है। जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि निर्धारित औपचारिकताएं पूर्ण कर जिले की 50 मरहम महिलाएं हज को जा सकेंगी। कहा कि किन्हीं कारणों से समय पर पासपोर्ट न जारी होने वाली सभी मरहम श्रेणी की महिलाओं का चयन किया गया है।

वैध पासपोर्ट धारक पात्र महिलाएं 15 मार्च तक कमेटी की वेबसाइट पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदन करते समय मरहम होने का प्रमाणपत्र भी देना होगा।

# बेहतर कार्य के लिए महिलाएं सम्मानित

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सभागार में ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सहायता समूह की महिलाओं के साथ डिजिटल माध्यम से सुना गया।


प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद महिलाएं और अधिकारी। अमृत विचार

नवाबगंज विकासखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां एडीओ मनोज कुमार ने ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से जुड़ी एक दर्जन महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र दिए। इनमें रामलली कुसुम्भी, पूनम प्रजापति रायपुर गढ़ी, दीक्षा साहू व गीता जैतीपुर, नीलम अमरेथा, सुनीता चमरौली, मीरा रावत गोकुलपुर, प्रेमा कटेहरू शामिल रहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से डिजिटल माध्यम से जुड़कर उनके संबोधन को सुना। वीडीओ शैलेंद्र भारतीय, सुरेंद्र कुमार, बीएमएम अलका गुप्ता, रामकिशोर, अरविंद सोनी, सचेंद्र, दीपू आदि मौजूद रहे।

# पांच कर्मियों का कटेगा एक दिन का वेतन

**पुरवा।** नवागत खंड विकास अधिकारी मुनेश चंद्र द्वारा सोमवार सुबह ब्लाक का औचक निरीक्षण करने से ब्लाक कर्मियों मे हड़कंप मच गया। बीडीओ ने समय से ब्लाक कार्यालय न पहुंचने वाले सहायक पंचायत विकास अधिकारी राकेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी बृजेंद्र सिंह, टेक्नीशियन शिवसागर, सीमा जोशी व पत्रवाहक राजदेव सिंह का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से ब्लाक पहुंचने के साथ पंचायतों में नियमानुसार व गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए।

# बालिका विद्यालय में बंध रहे मवेशी, डाला जा रहा कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बजट जारी न होने से अधूरा पड़ा है जीजीडीसी का निर्माण
- एसआईटी जांच के चलते अधूरे भवन का कई साल से लटका है निर्माण

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष बीतने के बाद भी शहर में निर्माणाधीन राजकीय बालिका महाविद्यालय के लिए शासन बजट नहीं जारी कर सका। इससे करोड़ों खर्च होने के बाद भी बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। अब कुछ स्वयंसेवियों ने डीएम को पत्र देकर अधूरे महाविद्यालय का निर्माण पूरा कराने की मांग की है।


अधूरा बना पड़ा बालिका महाविद्यालय और बांधे गए पशु व पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

बता दें कि शहर के पीतांबर नगर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास राजकीय बालिका महाविद्यालय का निर्माण शुरू हुआ था। निर्माण कराने वाले कांट्रैक्टर की मनमानी के चलते कार्य पूरा होने से पहले ही बजट समाप्त हो गया। इसलिए निर्माण एजेंसी उप्र जल निगम की सीएनडीएस शाखा ने कार्य पूर्ण कराने के लिए शासन को बढ़ा हुआ स्टीमेट भेजकर धन उपलब्ध कराने को मांग पत्र भेजा। लेकिन, इससे पहले एसआईटी की जांच शुरू हो चुकी थी। इसलिए धन उपलब्ध नहीं हो सका। महाविद्यालय का निर्माण पूरा न होने से अभी उच्च शिक्षा पाने के लिए बालिकाओं को सह शिक्षा वाले कॉलेजों में प्रवेश कराने को मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि, शहर के एकमात्र बालिका महाविद्यालय श्रीनारायण बालिका महाविद्यालय में सभी आवेदकों को प्रवेश देना संभव नहीं होता। समाजसेवी शैलेंद्र पांडेय, हरीश शुक्ला, डा. अंशुमान अग्निहोत्री ने डीएम को पत्र देकर महाविद्यालय के अधूरे भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

धर्म-आध्यात्म

कथा शुरू होने से पहले मंदिर में स्थापित की गईं देवी-देवताओं की मूर्तियां, पूरे समय तक गूंजते रहे जयकारे

# कृपा पाने को भक्ति पूर्वक करें ईश्वर का स्मरण : अवधेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गंजमुरादाबाद क्षेत्र के चकहनुमान गांव स्थित श्रीचंद्र मधुरेश्वर धाम में हो रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक आचार्य अवधेश द्विवेदी ने भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भक्तिभाव भगवान को भक्त की मनोकामना को पूर्ण करने के लिए मजबूर कर देता है। इसलिए सभी को भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक भगवान का स्मरण करना चाहिए।



श्रीचंद्र मधुरेश्वर धाम में श्रीमद्भावत कथा सुनने पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार

भक्त प्रहलाद की भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि हिरण्यकश्यप बहुत ही अत्याचारी और अहंकारी राजा था। वह अहंकार के वशीभूत होकर स्वयं को परमपिता परमात्मा समझने लगा और प्रजा पर अपनी पूजा कराने के लिए दबाव बनाता था।

राजा का अबोध बालक प्रहलाद पिता के बजाय भगवान विष्णु को अपना आराध्य मानकर उनकी पूजा-अर्चना में मग्न रहता था। अपने पुत्र का यह आचरण हिरण्यकश्यप को नागवार गुजरता। इसलिए वह बालक को प्रताड़ित करने लगा।

प्रताड़नाओं के बावजूद प्रहलाद ने अपने आराध्य का पूजन-अर्चन जारी रखा। इसलिए हिरण्यकश्यप ने उसका वध कराने के प्रयास जारी कर दिए। सेवकों द्वारा प्रहलाद का वध न कर पाने पर क्रोधित हिरण्यकश्यप ने एक दिन प्रहलाद का वध करने के लिए लोहे के खंभे से बंधवा दिया। अपने ही पुत्र के वध के लिए जैसे ही हिरण्यकश्यप तलवार निकालता है, वैसे ही खंभे से ही भगवान नरसिंह प्रकट हो जाते हैं। भगवान अत्याचारी राजा को महल की दहलीज़ पर ले जाते हैं और अपनी जंघा पर लिटाकर अपने नाखूनों से ही उसका पेट फाड़ देते हैं। इससे हिरण्यकश्यप के प्राण निकल जाते हैं। कथा शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में शिव परिवार, राम दरबार, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी-नारायण, माता काली, माता लक्ष्मी, दुर्गा जी, काल भैरव, शनि महाराज व हनुमान जी की मूर्तियों की स्थापना की गई।

इसी तरह जमुना देवी फूल कुमारी बालिका महाविद्यालय में ज्ञान की देवी माता सरस्वती, जमुना देवी, चंदिका प्रसाद और फूल कुमारी की मूर्तियां भी स्थापित की गईं।

### बांगरमऊ में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**बांगरमऊ।** मोहल्ला शुक्लाना में पंडित संजीव दीक्षित के आवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत सोमवार को प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा माता राज राजेश्वरी मंदिर, श्री दुर्गेश्वर मंदिर व संदोहन देवी मंदिर होते हुए कथा स्थल पर वापस आई। मुख्य यजमान संजीव दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी नेहा सहित अन्य भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद श्री वृंदावन धाम से आए पंडित भारत भूषण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत का महात्म्य बताते हुए कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा ही भवसागर से मुक्त करने वाली है। प्रेतयोनि में पड़े धुंधकारी का उद्धार श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से हुआ। आयोजक ने बताया कि कथा आगामी 17 मार्च तक प्रतिदिन सायं 5 से 8 बजे चलेगी। कथा विराम के अगले दिन 18 मार्च को विशाल भंडारा आयोजित किया गया है।


कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### विष्णु और नारद के संवाद का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर

**पुरवा।** शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा नगर के मोहल्ला पश्चिमटोला में मां आन्नदेश्वरी देवी मंदिर परिसर में चल रही है। इसमें कथावाचक अयोध्या उप जोन प्रभारी जय सिंह वर्मा ने भगवान विष्णु और देवर्षि नारद के संवाद की कथा का बखान किया। साथ ही आस्था संर्वधन व अनास्था के निवारण के लिए जन कल्याण व लोक कल्याण के बारे में सुनाया। इस दौरान महेंद्र श्रीवास्तव, हीरा लाल त्रिपाठी, प्रेम श्रीवास्तव, आलोक शुक्ला, शुभम पांडेय, संतोष तिवारी, रमाकांती, मंजुला श्रीवास्तव, रेखा गुप्ता समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# संचारी रोगों का फैलाव रोकने की रणनीति बनी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सोमवार को नगर पालिका गंगाघाट में बैठक हुई। इसमें संचारी रोग की रोकथाम को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही रोकथाम के लिये रोस्टर तैयार कर वार्डों में साफ-सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव के लिये सफाई नायकों को निर्देश दिये गये।

12 मार्च से 11 अप्रैल के बीच संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। जिसे देखते हुए सोमवार को ईओ मुकेश मिश्रा की मौजूदगी में पालिका कार्यालय में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें पालिका के सभासद भी पहुंचे। जहां ईओ ने बताया कि अभियान को देखते हुए मार्च और अप्रैल माह में पालिका के सभी वार्डों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसे लेकर तैयारियां चल रही हैं। वहीं वार्डों में वेक्टर जनित रोग न पनपें इसके लिए क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग कराने को कहा। चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडे ने बताया कि संचारी रोग अभियान के दौरान सभी वार्डों में नाला-नाली की सफाई कराने के लिए सफाई नायकों व कर्मियों को निर्देशित किया गया है।


संचारी रोग नियंत्रण को लेकर नगर पालिका में बैठक हुई। अमृत विचार

# चांद का दीदार, आज से अल्लाह की इबादत और बरकत का माह

## रमजान में सभी मुस्लिम रोजा रखकर करें खुदा की इबादत : मौलाना फैसल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** मुकद्दस रमजान को लेकर मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। वहीं महिलाएं रोजा इफ्तार के लिए सोमवार को बाजारों में खरीदारी करती रहीं। सोमवार को चांद नज़र आने से मंगलवार से मुस्लिम भाई रोजे रहते हुए खुदा की इबादत को तवज्जो देंगे। नगर के धर्म गुरु मौलाना फैसल जामई के मुताबिक रमजान माह के 29 या 30 दिन को 10-10 दिन के तीन अशरे में विभाजित किया जाता है, क्योंकि अरबी में अशरा अर्थ 10 होता है।

**रमजान के तीन अशरे का महत्व :** मौलाना ने बताया कि रमजान का पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत (गुनाहों की माफी) और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। माना जाता है कि रमजान के पहले अशरे में रोजा रखकर नमाज अदा करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है। वहीं दूसरे अशरे में अल्लाह



इबादत करने वालों के गुनाहों को माफ कर देते हैं। इसी तरह आखिरी और तीसरे अशरे की इबादत और रोजा रखकर मुस्लिम भाई जहन्नुम या दोजख से खुद को बचा सकते हैं। इसीलिए इस्लाम में रमजान के तीन अशरे को सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

### रमजान माह में क्या करें और क्या नहीं

मौलाना ने बताया कि रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की इबादत, कुरान का पाठ और नेक काम करते हुए बिताया जाना चाहिए। इसलिए सभी मुस्लिमों को रमजान में इबादत, तिलावत, जिक्र, तौबा और इस्तेगफार आदि करनी चाहिए। साथ ही जकात व खैरात का भी महत्व है। पाक रमजान में पांच वक्त की नमाज अदा करनी चाहिए। इस पूरे माह इबादत करने वालों को अन्य दिनों की तुलना में 70 गुना अधिक सवाब मिलता है। मौलाना के मुताबिक झूठ बोलने, लोगो को सताने व चुगली करने से बचना चाहिए।

### चांद दिखते ही शुरू हुआ मुबारकबाद का सिलसिला

**उन्नाव।** चांद दिखने का ऐलान होते ही पाक रमजान माह की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिसबाही ने शहर में चांद दिखने की तस्दीक की। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से रोजा रखते हुए इस रहमतों व बरकतों के माह में अल्लाह की इबादत करने की सलाह दी। साथ ही इस मुकद्दस माह की इबादत में खास अहमियत रखने वाली तरावीह का सिलसिला भी शुरू हो गया, जिसमें सामूहिक रूप से एकत्र होकर अल्लाह की इबादत की जाती है। चांद दिखते ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में आतिशबाजी भी छुड़ाई गई।

### रमजान ने बढ़ाई बाजारों की रौनक

■ वैसे तो रमजान की खरीदारी का सिलसिला कई दिनों से जारी था, लेकिन सोमवार को चांद दिखते ही बाजारों में खरीदारों की संख्या बढ़ गई। सभी खरीदारों का जोर इफ्तार के लिए खजूर व अन्य ड्राई फ्रूट सहित विभिन्न सामग्री की खरीदने पर रहा। वहीं महिलाओं ने क्राकरी की खरीदने को भी तवज्जो दिया। ग्राहकों की भीड़ बढ़ने से कारोबारियों के चेहरों पर रौनक बनी रही। कारोबारियों के मुताबिक खरीदारों की आवक बनी रहने पर आम दिनों की अपेक्षा अधिक समय तक कारोबारी जारी रखा जाएगा। हालांकि इफ्तार में इस्तेमाल होने वाली सामग्री मंगलवार को दिन में भी खरीदी जा सकेगी। रात 8 बजे तक शहर के धवन रोड व सदर बाजार में खरीदारों की भीड़ के चलते राह चलना दुश्वार बना रहा।



मरीजों की जांच करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

# पीएचसी में 235 मरीज इलाज के लिए पहुंचे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● मौसम में बदलाव से फैल रहीं बीमारियां, सावधानी की सलाह

**अमृत विचार।** मार्च माह में मौसम में बदलाव के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इस कारण पीएचसी, सीएचसी के अलावा प्रैक्टिस डॉक्टरों के यहां मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसके साथ ही त्वाचा, पेट के मरीज भी अस्पताल पहुंच कर डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं।

सुबह और रात के समय गुलाबी सर्दी रहती है। दोपहर के समय तेज धूप होने से सर्दी गर्मी हो रही है। जिससे बुखार, सर्दी, जुखाम, पेट आदि बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम के बदले मिजाज के कारण इन दिनों नगर के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ ज्यादा लग रही है। सोमवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में सुबह से ही मरीजों की लाइनें लगी रही। जहां अस्पताल में मौजूद डॉ. रश्मि वर्मा और डॉ. शिप्रा झा ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां लिखी। जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, जुखाम व पेट सम्बंधित बीमारियों से ग्रसित रहे।

डॉक्टरों ने मरीजों को सलाह दी कि इस समय तापमान के उतार चढ़ाव के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। ऐसे में तेज धूप से आने पर ठंडा पानी न पीये, बासी भोजन का प्रयोग न करे। मच्छरों को देखते हुये मच्छरदानी का प्रयोग करे।

## सार-संक्षेप

### निपुण भारत मिशन के तहत दिया प्रशिक्षण

**पुरवा उन्नाव।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चमियानी में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें चतुर्थ बैच के पहले दिन के प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने शिक्षण योजनाओं की गतिविधियों को बताया। एआरपी गौरव कुमार वर्मा ने टीम बिल्डिंग गतिविधि व प्रशिक्षण का परिचय दिया। वहीं, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा फाऊंडेशनल स्टेज-2022 के विषय में चर्चा की। अकादमिक वर्ष 2023-24 की वार्षिक शिक्षण रणनीति को समझाया गया। एआरपी आलोक अवस्थी ने एफएलएन मिशन वर्ष 2022-23 के अंतर्गत कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं के दौरान प्राप्त अनुभव को बताया। भाषा के पहले कालांश की रणनीतियों व शिक्षण योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण से शिक्षकों को क्या अपेक्षाएं हैं उनके विषय में शिक्षक इंद्र कुमार शुक्ला, प्रभाकर सिंह, राधिका भारती, श्रीकांत, प्रेम कुमार, शोभित श्रीवास्तव, नीलम देवी, पूजा प्रजापति, गंगा बख्श, सुधा यादव, सौम्या कुशवाहा, राधा देवी ,आलोक चौरसिया, मो. उमर, प्रियांशी पांडे, आरती, शिव नारायण सिंह, गीतांजलि, विमल कुमार आदि रहे।

### महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए समूहों का गठन

**पुरवा।** महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए शासन को गावों में समूहों का हर हाल में गठन करना है। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों का आबादी के सापेक्ष गठन होगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 24 फरवरी को जिला प्रबंधन इकाई उन्नाव द्वारा हुई बैठक में समूहों का गठन का लक्ष्य मिला है। इसके तहत विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों में 665 सहायता समूह गठन का लक्ष्य आया है। फतेहगंज, बेहटा भवानी, सिजनी सोहरामऊ, चमियानी, फतेहगंज, मोहिद्दीनपुर, भदनांग, मुरैता, त्रिपुरारिपुर, टीकर खुर्द, भुलेमऊ, पासाखेड़ा, भदनांग, कटांव, नाथी खेड़ा, ऊंचगांव सानी, दरेहटा, बेवल, लखमदेमऊ, महरामऊ, भाटमऊ, बैजुवामऊ, पुरंदरपुर, मुरैता प्राचीन समेत 56 ग्राम पंचायतों में सहायता समूह का लक्ष्य के सापेक्ष गठन कराने के लिए ग्राम सचिवों में शिवबरन सिंह, साजिद रिजवी, आकाश कुमार, दीपक भारती, उदल सिंह, गुड्डू श्रीवास्तव, अनिल कुमार, शिवबरन को हर हाल में 31 मार्च तक गांवों में समूहों का गठन करने की जिम्मेदारी दी गई है। लापरवाही करने पर कार्रवाई होगी।

### कोढ़ में खाज बनता जा रहा नवीन पुल का जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** पुराना यातायात पुल बंद होने से शुक्लागंज वासियों को रोज जाम से जूझना पड़ रहा है। इसके बावजूद कानपुर व उन्नाव जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। हजारों लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सोमवार सुबह पीक आवर में एक बार फिर भीषण जाम लग गया। जिसमें फंसकर लोग परेशान रहे। दोपहर बाद जब वाहनों का भार कम हुआ तो यातायात सामान्य हो सका। सोमवार सुबह नौ बजे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने वाहनों से निकले। इधर



बालूघाट मोड़ पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने से जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लग गया। जाम में दोपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा, लोडर, साइकिल, चौपहिया के अलावा अन्य वाहनों की कतारें लग गईं। नवीन पुल, बालूघाट मोड़ से लेकर फोरलेन तक वाहनों की दोहरी-तीहरी लाइनें लग गईं। भीषण जाम देख मौजूद पिकेट पुलिस जाम हटवाने के लिए मशक्कत करती रही। लेकिन, वाहनों की अधिकता होने से जाम कम नहीं हो सका। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग देरी से पहुंचे। वहीं जाम खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए। 12 बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ तब जाम खुल सका।

### नव संवत समारोह की रूपरेखा तय की

**उन्नाव।** संस्कार भारती की ओर से कचहरी कंपाउंड में हुई बैठक में भव्यता से नव संवतसर (14 अप्रैल) को कार्यक्रम आयोजित कराने की रूपरेखा तय हुई। सभी ने सर्व सम्मति से गणेश मंडपम गेस्ट हाउस में प्रस्तावित समारोह कराने पर सहमति जताई। प्रमोद शुक्ल, सियाराम पांडेय, विनय दीक्षित, संजीव कुमार, राहुल वाजपेयी, अशोक वाजपेयी वेदांती, संजीव निगम, विवेक मिश्र व दिवाकर द्विवेदी मौजूद रहे।

### पुलिस ने गशत कर लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

**नवाबगंज।** आगामी लोकसभा निर्वाचन, होली व रमजान पर्व को देखते हुए अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बल बीएसएफ के साथ क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज, पछियांव, शीतलगंज, गांधीनगर, झकरी व सर्राफा मार्केट में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

# कहासुनी के बाद सेल्समैन पर चढ़ा दिया वाहन, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के अंतर्गत बड़ा चौराहा पर वाहन हटाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद चालक ने सेल्समैन पर वाहन चढ़ा दिया। घायल हालत में उसे जिला अस्पताल से कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर कोतवाली पहुंचे और हंगामा करने लगे। एसएचओ ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर निवासी संतोष (32) पुत्र संतोष एक कंपनी में सेल्समैन था। सोमवार दोपहर बड़ा चौराहा के पास वाहन खड़ाकर वह आर्डर ले रहा था। तभी पानी उतारने पहुंचे चालक से वाहन हटाने को लेकर सेल्समैन से मारपीट हो गई। इसी दौरान चालक ने सेल्समैन को वाहन की टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया। इसमें संतोष का एक पैर भी टूट गया। जानकारी पर कंपनी के कर्मी उसे जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे एलएलआर रेफर कर दिया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही पत्नी नीतू व दो बेटे सचिन व यश और बेटी नैना व छोटा भाई मुकेश रो-रोकर बेहाल रहे। मौत के बाद परिजन शव लेकर कोतवाली पहुंचे और हंगामा करने लगे। समझाने पर पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव मंशा खेड़ा निवासी एक युवक कानपुर में चार दिन पहले हादसे में घायल हो गया था। सोमवार को उसकी मौत हो गई।

मंशाखेड़ा निवासी अमन निषाद (30) पुत्र स्व. बाबूराम कानपुर में हलवाई का काम करता था। शुक्रवार रात वह बाइक से कानपुर पैसे लेने गया था। जहां देर रात सड़क हादसे में वह गंभीर घायल हुआ था। परिजन उसे इलाज के लिए ले गये थे। जहां सिर पर गंभीर चोट आने से तीन दिन से उसे होश नहीं आया था। सोमवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी अजूबी, मां रानी, भाई अंशू व सुनील रो-रोकर बेहाल रहे।

# बैंक गेट पर वृद्ध खाताधारक ने तोड़ा दम

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

● केवाईसी अपडेट न होने से काट रहा था शाखा के चक्कर

**अमृत विचार।** नवाबगंज ब्लाक के अंतर्गत बीमारी का इलाज कराने के लिए अपने बचत खाते से रुपये निकालने गए वृद्ध की बैंक गेट पर मौत हो गई। चर्चा रही कि केवाईसी अपडेट न होने की बात कह बैंक कर्मी उसे कई चक्कर लगवा चुके थे। हालांकि अभी परिजनों ने इसकी शिकायत नहीं की है।



गजराज।

बता दें कि नवाबगंज ब्लाक के गरवर खेड़ा निवासी गजराज (65) पुत्र बलदेव का आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की जैतीपुर शाखा में बचत खाता था। इस दिनों बीमार होने से उसे इलाज के लिए रुपये की जरूर थी। पारिवारिक सूत्र बताते हैं कि रुपये निकालने के लिए बैंक पहुंचने पर कर्मियों ने केवाईसी अपडेट न होने की जानकारी देते हुए उसे लौटा दिया था। तबसे वह कागजी खानापूर्ति के लिए बैंक के कई चक्कर काट चुका था।

बताते हैं कि केवाईसी संबंधी औपचारिकता पूरी करने के बाद भी उसका कार्य नहीं हुआ। सोमवार दोपहर बाद वह फिर बैंक जाने के लिए घर से निकला लेकिन बैंक के गेट पर ही उसकी सांस थम गई। इसे बैंक कर्मियों की लापवाही कहें या नियम कानून की बंदिश लेकिन अपना पेट काटकर जमा की गई पूंजी वृद्ध को अपनी जरूरत पर नहीं मिल पाई। इससे परिवार भी आहत है। हालांकि परिजनों की ओर से अभी कोई शिकायत नहीं की गई है। वृद्ध की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी दुलारा व बेटे महेश व नीरज बेहाल हैं।

### हादसे में घायल युवक की चली गई जान

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत बाईपास पर दो बाइकों में हुई टक्कर में घायल हुए सुमित पुत्र दिनेश तिवारी की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर में मातम छा गया। उसकी पत्नी व 6 साल के बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार में सोमवार को शादी है जिसकी तैयारी चल रही थी और युवक की मौत की सूचना पहुंचते ही खुशियां मातम में बदल गईं।

# लेनदेन के विवाद में मनोहर नगर में दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर में सोमवार को रुपये के लेनदेन, मादक पदार्थों की बिक्री और जुएं को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

मनोहर नगर निवासी वसीम और भैरव के बीच सोमवार सुबह रुपये के लेनदेन, मादक पदार्थों की बिक्री और जुएं को लेकर विवाद हो गया। जिस पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। काफी देर तक बवाल होता रहा। इसके बाद दोनों पक्ष के घायल गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने सभी घायलों को पीएचसी भेजा। जहां बालूघाट चौकी इंचार्ज एच एन शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां मेडिकल के लिये प्रभारी चिकित्साधिकारी के मौजूद न होने मेडिकल के लिये परेशान रहे।

वहीं वसीम ने बताया कि मोहल्ले में जुआ की फड़ और गांजा बेचने का विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया है। जबकि भैरव पक्ष का कहना था कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ है। वहीं मारपीट को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**पुरवा।** थाना क्षेत्र कें पैंथर गांव निवासी राजेश व उसके भाइयों रामज़ी व श्यामजी से घर की जमीन के बंटवारे को लेकर सोमवार को मारपीट हो गई। मामला इतना बढ़ा कि रामज़ी व श्यामज़ी ने अपने बेटों अनीश व अनुज के साथ मिलकर राजेश व उसकी पत्नी सुमन को लाठी-डंडों व राड से पीट दिया। माता-पिता को पिटता देख उन्हें बचाने पहुंचे बेटे हर्षित को भी जमकर पीटा। गांव के लोंग जब वहां पहुंचे तो वे लोग वहां से हटे। इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घायलों को असोहा सीएचसी लाया गया। जहां एक पक्ष से सुमन व उनका बेटा हर्षित और दूसरे पक्ष से श्यामज़ी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक पक्ष से सुमन द्विवेदी ने रामज़ी, श्यामज़ी व उनके बेटों अनीश और अनुज के खिलाफ तहरीर दी। वहीं दूसरे पक्ष से रामजी ने राजेश व उसकी पत्नी सुमन और बेटे हर्षित के खिलाफ तहरीर दी है। एसओ राज बहादुर ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वह शराब का लती था और इसी से वह ड्यूटी से गैरहाजिर रहता था। इस समय वह निलंबित था।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रूरी सादिकपुर के मजरा दीनाखेड़ा निवासी समर सिंह (36) पुत्र स्व. शिवकरन रूरी सादिकपुर प्राथमिक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। शराब का लती होने से वह अक्सर ड्यूटी से नदारद रहता था। इससे वर्तमान में वह निलंबित चल रहा था। बीते दो दिन से वह घर नहीं आया था। घर के अन्य सदस्य उसे रविवार को घर लाए थे। रात में वह खाना खाने के बाद कमरे सोने चला गया। सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो मां निर्मला देवी चाय लेकर पहुंची तो वह अचेत पड़ा था। शोर मचाने पर परिजन दौड़े और उसे पास के एक निजी डाक्टर के पास लाए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया। पोस्टमार्टम हाउस में चचेरे भाई कुलदीप ने बताया दिवंगत युवक के पिता कि सड़क हादसे में मौत हुई थी। वह बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक थे। उनकी मौत के बाद समर को अनुकंपा नौकरी मिली थी और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से वृद्ध मां सहित विवाहित बहन जूली और छोटा भाई अंकित बेहाल हैं।

# बैठक में कांशीराम स्मारक पहुंचने की अपील

**परियर।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक स्थानीय संस्कार गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इसमें पार्टी की मुखिया मायावती के निर्देश पर आगामी 15 मार्च को लखनऊ में कांशीराम की जयंती मानने की रूप रेखा तैयार की गई। मुख्य अतिथि मंडल मुख्य प्रभारी राजेंद्र गौतम ने मौजूद कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कांशीराम स्मारक पहुंचने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही उम्मीदवार घोषित करेगी। इस मौके पर रामविलास गौतम, रामखेलावन गौतम, धनीराम रावत, श्याम बिहारी कुरील, संतोष कपूर, राकेश बारी, रवि रावत, रामू भारती, अनिल कुमार गौतम, मंजू बाल्यमीकि, प्रेम प्रकाश गौतम, जगदीश गौतम, गौरव बाजपेई, क्रांति गौतम आदि मौजूद रहे।

# पुलिस नहीं सुलझा सकी ठेकेदार हत्याकांड की गुत्थी

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे में मिट्टी सप्लाई करने वाले ठेकेदार की हत्या के मामले के तह तक पहुंचने में जुटी पुलिस के हाथ अभी कुछ नहीं लग सका है। सीडीआर सहित ठेकेदार के अन्य करीबियों की भी पुलिस कुंडली खंगालने में जुटी है। कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। वहीं गमगीन महौल में सोमवार को प्रयागराज में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

दही थाना क्षेत्र के गौरा गांव स्थित शारदा नहर में रविवार को गंगा एक्सप्रेस-वे के मिट्टी ठेकेदार शिव मिलन सिंह का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने के संकेत मिले थे। रविवार शाम परिजन शव लेकर प्रयागराज के बारीतर गांव चले गए थे। सोमवार को परिजनों ने प्रयागराज में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

आठ साल पहले शिव मिलन सेना में सूबेदार के पद से नासिक से सेवानिवृत हुआ था। उसके बाद उन्होंने इंद्रेश्वर नाथ फॉर्म बनाकर सड़क निर्माण में मिट्टी भराई की ठेकेदारी शुरू की थी। लखनऊ में परिवार के साथ रहकर वह गंगा एक्सप्रेस-वे में शहर के दही थानाक्षेत्र के ओरहर गांव के पास एक साल से मिट्टी भरान का काम रहा था।

सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि अभी परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। जांच चल रही है।

# 19 करोड़ से 28 वार्डों में दौड़ेगा विकास का पहिया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● 5 परिषदीय विद्यालयों, पंचशील बौद्ध विहार का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में तेजी से विकास कार्य होना है। इसके साथ ही पालिका क्षेत्र में आने वाले पांच परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प भी होगा। वहीं सीताराम कॉलोनी स्थित पंचशील बौद्ध विहार पार्क में सुंदरीकरण का काम भी कराया जाएगा। इसके लिए राज्य वित्त आयोग से 15 करोड़ और 15वें वित्त आयोग से 4 करोड़ से काम होगा।

पालिका क्षेत्र में विकास कार्य कराने को लेकर चेयरमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि नगर के 28 वार्डों में विकास का पहिया तेजी से चले इसके लिए 15वें वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग से निर्माण के लिए निविदाएं पूर्व में निकाली जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग से 4 करोड़ व राज्य वित्त आयोग से 15 करोड़ रुपये का बजट निर्माण में खर्च होगा। इसके लिए नगर में नाली, इंटरलॉकिंग, वार्ड-11 में वेंडिंग जोन का काम होगा। इसके अलावा पालिका क्षेत्र में आने वाले गंगाघाट प्राथमिक विद्यालय, कन्या विद्यालय, खैरहा प्राथमिक विद्यालय, नाथू खेड़ा प्राथमिक विद्यालय, श्रीनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय समेत पांच परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प भी होगा। वहीं सीताराम कालोनी स्थित पंचशील बौद्ध विहार पार्क में सुंदरीकरण का काम भी कराया जायेगा।

बदला नाम | जल्द ही पीएचसी गेट पर लगे बोर्ड को हटवाकर नया लगवाया जाएगा

# न्यू पीएचसी शुक्लागंज अब आयुष्मान मंदिर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को अच्छा और बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इधर शासन ने सरकारी अस्पताल का नाम बदल दिया है। अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से पीएचसी जाना जाएगा। जल्द ही पीएचसी द्वार पर लगे बोर्ड को हटवाकर नए नाम का बोर्ड लगवाया जाएगा।




शुक्लागंज में बना सरकारी अस्पताल। अमृत विचार

शुक्लागंज व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग ओपीडी कराने के अलावा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कार्यों को कराने के लिए न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज आते हैं। दशकों पुराने स्वास्थ्य केंद्र में लगातार स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए प्रयासरत है।

इधर कुछ साल पहले पीएचसी का कायाकल्प हुआ था। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नाम बदलकर न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज रखा गया था। इसके बाद एक बार फिर दोबारा स्वास्थ्य केंद्र का शासन की ओर से नाम बदला गया है। अब सरकारी अस्पताल को आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जाना जाएगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी सिकंदरपुर सरोसी डॉ. विकास आनंद ने बताया कि शासनादेश के तहत नाम बदला गया है।

पीएचसी प्रभारी डॉ.. रवि सचान ने बताया कि जल्द ही नए अस्पताल का बोर्ड लगेगा।

### 5 शहरी और 31 ग्राम अस्पताल के बदले नाम

सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने बताया कि शासन ने जिले के 5 शहरी और 31 ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों के नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा गया है। शहरी क्षेत्र में शुक्लागंज का पीएचसी भी शामिल है।

### धन आते ही बदलेगा बोर्ड

पीएचसी प्रभारी ने बताया कि पीएचसी का नाम बदला गया है। खाते में अभी पैसे नहीं हैं। धन आते ही न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज का बोर्ड बदला जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद-चित्रकूट**

पत्र संख्या-3082/2023-24/ ई-निविदा सूचना / दिनांक 11.03.2024

ई-निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई-निविदा दिनांक 11.03.2024 से 02.04.2024 समय 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No--919010066046073 के IFSC Code& UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http:// etendar.up.nic.in - http://nagarp alikaparishad chitrakoot dhamkarwi-com/ पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्त्येष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह नीचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# चीन की परेशानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन की आपत्ति उसकी चिंता को दर्शाती है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। हमारी गंभीर चिंताओं के बावजूद, एक भारतीय नेता विवादित क्षेत्र में गए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद पर तनाव बढ़ना तय है। उम्मीद है कि भारतीय पक्ष सीमा क्षेत्र पर समस्याएं पैदा नहीं करेगा। दरअसल चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा से गहराई से परेशान है। सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। तवांग तिब्बती बौद्ध का एक प्रमुख केंद्र है। अरुणाचल के ऊपरी हिस्से में ऐसी कई जनजातियां हैं जिनका तिब्बत की जनता से सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। मोनपा कबीला तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं पर चलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन को डर है कि इन नस्लीय कबीलों की अरुणाचल में मौजूदगी तिब्बत की आजादी के आंदोलन को तेज कर सकती है और चीन के लिए ये सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। तवांग पर चीन की रुचि की एक वजह सामरिक है। ये जगह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता है। तिब्बत-ब्रह्मपुत्र वैली कॉरिडोर में ये एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

चीन अपने रुख को जाहिर करने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर हमेशा आपत्ति जताता रहा है। भारत ने चीन से निपटने के लिए दोतरफा नीति अपनाई है। इस नीति के तहत एक ओर भारत चीन के साथ आर्थिक संबंधों को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स, एससीओ तथा रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय जैसे मंचों से लगातार जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत ने अपनी सैन्य और निवारक क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को नीति के दूसरे पक्ष के रूप में कायम रखा है। वैसे भी चीन अरुणाचल प्रदेश पर अक्सर गलत बयानी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसका भारत ने हमेशा कठोरता से विरोध दर्ज कराया है।

# समस्त विकृतियों का कारण तत्वः अहंकार और ममता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव जातियों की एकता।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तनकर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिंतन के बिंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनंत की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

आप वैज्ञानिक समाजवाद की बात करते हैं या व्यक्तिवाद और पूंजीवाद या बाजारवाद की, आप लोकतंत्र की बात करते हैं या तानाशाही की, आप भ्रष्टाचार की बात करते हैं या आतंकवाद की। यह निश्चित ही है कि उन समस्त विकृतियों का कारण तत्व मनुष्य का अपना ही अहंकार है, ममता है जिसके कारण समाज में अन्याय और अत्याचार, विषमता और भेदभाव होता है। संतों ने ऋषियों ने, कवियों ने, मनीषियों और चिंतकों ने अहंकार और ममता के खोल से बाहर आकर इस कारण तत्व को पहचाना था।

बहुत से पढ़े लिखे लोग हैं, जो प्रायः भारत के सामान्य लोगों पर टीका टिप्पणी करते ही रहते हैं कि ये अंधविश्वासी हल, ये रूढ़िवादी हैं, ये सामंतवादी हैं, ये जातिवर्णवादी हैं, ये पुराणवादी हैं। ये लोकतंत्र के योग्य नहीं हैं, ये असभ्य हैं और न जाने क्या-क्या! हमारे गौरांग प्रभु भी किसी जमाने में ऐसी ही टीका करते रहते थे। एक जमाना था, जब संसार में मनुष्य का वर्गीकरण प्रजाति के आधार पर होता था। नेतृत्वशास्त्री मानव शरीर के विभिन्न अवयवों खोपड़ी-नाक, जबड़े, लंबें-ठिगने, काले-गोरे के भेद करते हुए उनका वर्गीकरण करते थे। हिटलर ने तो कह दिया था कि छोटी खोपड़ी वाले लोग पूरे आदमी नहीं हैं और वे शासित होने के लिए ही पैदा हुए हैं। लाखों लोगों को मृत्यु के मुंह में धकेलने के पीछे यही तर्क था। भारत को उपनिवेश बनाए रखने में गौरांगप्रभु इसी तर्क का आयुध लेकर खड़े थे कि हम इनको सभ्य बना रहे हैं, लेकिन मानवशास्त्री जैसे-जैसे मनुष्य के अध्ययन की दिशा में आगे बढ़े, लोक विज्ञान की शाखाओं का विस्तार हुआ।

जेम्स फ्रेजर, वेस्टर मार्क और दूसरे दूसरे मनीषियों ने विभिन्न देशों में मनुष्य व्यवहार का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रमाण देकर जो स्थापना कीं, वे सर्वमान्य हुईं और कहा कि आखिरकार मनुष्य एक ही प्रजाति है। उनकी स्थापना थी कि मनुष्य चित्त सर्वत्र एक है। इसके आगे मनोविज्ञान बढ़ा उसने इस तथ्य की पुष्टि के साथ मन की गतियों का भी विवेचन किया। यह बात जरूर है कि परिवेश भिन्न होगा तब मन की गति भी भिन्न होगी। इन्होंने और आगे बढ़कर समष्टि मन का भी सिद्धांत दिया। सच्चाई यह कि विश्व के अन्य देशों की तरह भारत का मनुष्य भी मनुष्य ही है, जो प्राकृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक परिवेश है, वह अवश्य भिन्न है। हम अपने समष्टिजीवन को नहीं देख रहे, विकसित देशों को देख रहे हैं जिनके पास प्राकृतिक संपदा और भूमि अधिक है और जनसंख्या बहुत कम। इसलिए यह बात बिल्कुल मिथ्या है कि वे कुछ अधिक मनुष्य हैं और भारतीय कुछ कम मनुष्य हैं, फिर भी यदि कोई ऐसा मानता है तो यह उसकी शिक्षा-दीक्षा का दोष है।

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के उतार-चढ़ाव में समान अनुभूतियों से गुजरना। हितों का संघर्ष बार-बार हुआ है, बार-बार होता रहेगा, किंतु समायोजन संघर्ष से बड़ा सत्य है। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर, पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, वह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोक जीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके, सामंजस्य-भाव को खोज सके, समष्टि चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती? क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन, समष्टिजन, सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते?

जनता के मुद्दे अलग होते हैं, सत्ता के मुद्दे अलग होते हैं। वे परस्पर विरोधी भी होते हैं। घोड़ा घास की कैसी यारी? जनता की एकता को खंडित करने के लिए सत्ता दूसरे मुद्दों को खड़ा करती है। इसके लिए मिथ्या सिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे अदालत में अपराधी का वकील तर्क से भ्रमित करने का प्रयास करता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बहुत सी कंपनियां ग्राहकों को भ्रमित करती हैं और ढाई सौ रुपये में बढ़िया मोबाइल बांटती हैं या ठीक उसी प्रकार जैसे वे सिद्ध लोग हैं-कोटि-कोटि प्रणाम बाबा और कृपा आनी शुरू कर देते हैं, उसी प्रकार के मिथ्या सिद्धांत सामान्यजन के बीच भ्रमित करने का काम करते हैं। ये भ्रम बहुत समय तक बने रहते हैं। इस समय चारों ओर भ्रम के धुएं का अंधकार है, मिथ्यासिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जा चुके हैं। धुएं के किले। धुआं का धौरहर। अहंकार का आवेश होता है, मद होता है तब मनुष्य समझने लगता है कि मैं ही कर्ता और भोक्ता हूं। मैं ही ईश्वर हूं। अहं का देहेन्द्रिय तक सीमित रहने वाला यह रूप कितना मिथ्या है? क्षुद्र अहं! लेकिन अहं का एक रूप वह भी है, जब सीमा टूट जाती हैं, अहं पिघल जाता है और विराट बन जाता है। बिंदु में सिंधु समान को कासों अचरज कहे? फूटा कुंभ जल जलहि समाना। अद्वैतभाव!

आस्तिकता और नास्तिकता का सवाल आज का नहीं है, हजारों हजारों साल पुराना है। आस्तिकता और नास्तिकता दो जीवन शैलियों के नाम हैं। मैं अपने को आस्तिक कहूं या नास्तिक जो भी कहूं इससे क्या अंतर पड़ता है? असली बात आचरण-व्यवहार की है, समष्टिहित की है। यदि मेरा आचरण-व्यवहार स्वार्थमय है, यदि मन में वही मोह-छोह और क्षुद्रवासनाएं हैं तो इससे अंतर ही क्या पड़ता है कि मैं अपने को आस्तिक कहता हूं अथवा नास्तिक कहता हूं? यह प्रश्न निरर्थक है कि आप ईश्वर को मानते हैं या नहीं मानते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप समष्टि के लिए जी रहे हैं या अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ किया है? आपने समष्टिहित की जिम्मेदारी के पद पर आकर भी अपने स्वार्थ की साधना ही की है या समष्टिहित का साधन किया है? आपने रोटी अकेले ही खाई है या दूसरों को बांट करके खाई है? यही धर्म है और विज्ञान भी यही है।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तन कर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिन्तन के विंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनन्त की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

## प्रसंगवश

# चुनाव आयुक्त का इस्तीफा



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था और बीच की अवधि में ही वे मुख्य चुनाव आयुक्त भी हो जाते। इतने बड़े आकर्षण को त्यागना आज के भौतिकता प्रधान युग में जितना विरल है, उतना ही चकित करने वाला भी।

ऐसे में बुद्धिजीवी और कलम के योद्धा टूट पड़े इसके निहितार्थ निकालने में। अब सामने जो वजह बताई गई है कि वैयक्तिक कारणों से ऐसा किया, तो यह तो औपचारिक मात्र है। असलियत कुछ और है और वह कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी। प्रथम सोच यह उभर रही है कि ये तो सत्तादल भाजपा की च्वाइस थे। केंद्र के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव थे। अल्प समय सेवा निवृत्ति का बाकी था कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। आनन-फानन में वह तो मंजूर हुआ ही, अगले ही दिन चुनाव आयुक्त भी बना दिए गए।

लंबे अंतराल से खाली पड़े पद पर इतनी जल्दी यह नियुक्ति हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट तक ने तल्ख टिप्पणी की थी। अब जब यह निश्चित रूप से भाजपा के 'आदमी' थे तो कहीं ऐसा तो नहीं कि आसन्न लोकसभाई चुनावों में यह दल जैसी मनमानी चाह रहा हो, वैसी करने के लिए इनकी अंतरात्मा न गंवारा कर रही हो। अतः त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इस समय मोदी-शाह की शक्तिशाली धुरी से पंगा लेने का साहस बड़ों-बड़ों में नहीं दिख रहा, तब एक नौकरशाह की क्या बिसात!

दूसरी ओर मस्तिष्क इस दिशा में भी जा रहा है कि भाजपा के लिए अब तक पर्याप्त लाभ पहुंचा चुके हों, उसका प्रतिफल देय हो, जो कहीं से टिकट या अन्य लाभ का पैकेज देकर अदा किया जाना हो। रही बात इनके द्वारा रिक्त किए गए पद की पूर्ति की तो उसमें भाजपा अपना आदमी दो चार दिन में बिठा ही देगी, नियम ही ऐसे हैं। एक तीसरी सोच यह भी है जिसकी उम्मीद कम ही है कि विपक्ष से कोई आफर हो। ये पंजाब से हैं और वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा की पोजीशन पतली है। कांग्रेस व 'आप' मिलकर किसी गेम के तहत इन्हें फोड़ रहे हों। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव दोनों मिलकर लड़े और जीत चुके हैं। खैर! यह दिमागी कसरत किंवा वाणी का विलास चंदरोज का ही है।

# मायावती का अकेले चुनाव लड़ना



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोस चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था, लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है, लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

चुनाव सिर पर हैं, बावजूद इसके बसपा के खेमे में कोई खास हलचल दिखाई नहीं देती। मायावती और बसपा के नेता ने अभी तक कोई चुनावी रैली भी नहीं की है। 2024 के आम चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत और सांसदों की संख्या नहीं बढ़ती है तो पार्टी के लिए सियासी राह मुश्किल हो जाएगी। 2014 में अकेले लड़ने का खामियाजा बसपा भुगत चुकी है। सही मायनो में बसपा के लिए चुनाव का रास्ता मुश्किलों से भरा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज होने वाली मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

## सोशल फोरम

# वास्तविक जनसेवक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्रत्याशी या पार्टी? कौन वरेण्य? मोदी मंत्र ने राजनीति के इस अजमंजस को दूर कर दिया। मोदी ने भाजपा की ऐसी प्राण प्रतिष्ठा की कि विगत के दोनों सामान्य निर्वाचनों में कितने ही अनसुने, ऐरा गैरा नत्थू खैरा चुनावी वैतरणी पार कर गए। मोदी नाम केवलम्। कमोबेश यही ट्रेंड आसन्न सामान्य लोकसभा निर्वाचन में भी चलेगा।

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग अपनी ओर से कोई कसर छोड़ नहीं रहा है कि चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी सही मायने में जन प्रतिनिधित्व के योग्य हों, साफ स्वच्छ छवि का हो। इसलिए प्रत्याशी की ओर से इस तरह का एक विस्तृत ब्यौरा नामांकन करते वक्त अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें उसकी संपत्ति के लेखे जोखे के साथ उसके आपराधिक अतीत का भी स्पष्ट विवरण हो। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिसे वह चुनने जा रहा है वह समग्रता में कैसा हो।

मगर मोदी मैजिक के चलते भाजपा का टिकट मिल जाना जीत की गारंटी मान लिया गया है। कैंडीडेट कैसा हो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। चाहे वह थोपा हुआ आसमानी कैंडीडेट हो या फिर जनता के बीच कभी भी गया तक न हो। उसकी लोकगम्यता शून्य हो। यह विचारणीय है कि क्या यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?

मैंने इस मुद्दे पर काफी सोचा विचारा है और मेरा तो निष्कर्ष यही है कि किसी भी पार्टी की लहर के बजाय एक प्रबुद्ध मतदाता को सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। यदि प्रत्याशी ठीक नहीं है, आरोपित है तो केवल इसलिए कि वह अमुक पार्टी का है, आंख मूद कर मतदान नहीं करना चाहिए। आखिर विवेक नाम की भी कोई चीज होती है। अंधी भीड़ का लोकतंत्र हमें शनैः शनैः अंधकार की ओर ही ले जाएगा।

एक सही प्रत्याशी, आपका अपना प्रतिनिधि हमेशा आपके सानिध्य में रहेगा। पार्टी नहीं वास्तविक जनसेवक तो वही है। मुझे लगता है कि भाजपा ने इस बार जहां-जहां भी आसमानी प्रत्याशी उतारे हैं वहां उनकी जीत संदिग्ध रहेगी। भले ही ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी विगत लोकसभा चुनावों में विजयी होते रहे हैं। माना कि माहौल राममय भाजपा के पक्ष में है, किंतु मतदान की तारीख आते-आते फिजा बदलेगी। सही प्रत्याशी का चयन ही जीत दिलाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# धर्म, संस्कृति और समाजशास्त्र की चिंताएं



विद्याभूषण
रांची

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं।

आज का सामाजिक-राजनीतिक परिवेश इतनी परतों में विभाजित हो गया है कि धर्म और संस्कृति जैसे संवेदनशील विषयों पर कुछ लिखना या कहना किसी जोखिम से कम नहीं लगता। चाहे जितनी युक्तिसंगत सहजता से टिप्पणी की जाए, किसी भी कोने से आवाज उठ सकती है कि उसके जरिए उनकी भावना को ठेस लग गई है। इस ठेस लगने की बुनियाद की परख के लिए कोई कसौटी कभी कहीं नहीं मिलती।

मध्यकाल में कबीर की साखी और उलटबांसियों को रोशनदान का रुतबा बेशक हासिल था। वक्त के मौजूदा सफर में कबीर अगर आज चलते-फिरते दिखाई पड़ते तो किसी चौराहे पर सरे राह लुटे-पिटे भी जरूर नजर आते। याद करें तो पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश उग्रवादी हिंसा के शिकार हुए। अभिव्यक्ति की आजादी का कोरस गाते हुए राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को 'तीसरी आंख' से देखने वाले व्यंग्यकार किट्टू आज की तारीख में सही-सलामत मिल जाते, यह नामुमकिन सी बात है। इसी तरह लगता है कि समाज को बेबाक अंदाज में आईना दिखाने वाले हरिशंकर परसाई इस दौर में अदालत के कटघरे में हाजिरी लगाते हुए या जेल की सलाखों के पीछे मुश्किलों से घिरे हुए होते। पिछले दिनों कवि वरवर राव की दुर्दशा के हम सब गवाह रहे हैं। सच है कि आज सत्ता और खेमों में बंटा हुआ अपना समाज, दोनों नागरिकों की असहमति को दुश्मनी का दर्जा देने में जुटे हैं। ऐसे ही मौसम में कवि मुक्तिबोध की सलाह पर अमल करना जरूरी लगता है, यानी अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे।

सबके लिए यह जरूरी नहीं कि मार्क्स की इस तजवीज से सहमत हुआ जाए कि धर्म अफीम है। पूरी दुनिया में सियासी हलचलों का जायजा लिया जाए तो मानना पड़ेगा कि धर्म श्रद्धा-भक्ति और उपासना पद्धतियों का समन्वय है, लेकिन उसके समान्तर वह एक आणविक ऊर्जा भी है, सृजन और संहार दोनों की क्षमता से लैस। कभी वह समुदायों को जोड़ता है तो कहीं समाज को विभाजित भी करता है। रावण और महिषासुर कहीं दंड के पात्र हैं तो कुछ समुदायों के बीच सम्मानीय चरित्र भी हैं। यहां धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज यानी कर्मकांड के बीच अगर कोई विभाजक रेखा नहीं खींची जाए तो उसके मूल अर्थ का दिशांतर हो सकता है। धर्म व्यक्ति के मन की आस्था और विश्वास की धरोहर है जबकि धार्मिक विधि-विधान परंपरा का अनुगमन। यह परंपरा समय की सहयात्री है और देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अपना आकार-प्रकार बदलती रहती है।

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं। पिछली दो सदियों में संस्कृति के संबंध में कई नई परिभाषाएं और अवधारणाएं विकसित हुई हैं। सबसे क्रांतिकारी अभिमत यह है कि संस्कृति मनुष्य का सृजन है और मनुष्य संस्कृति निर्माता प्राणी है। अपने देश में नीतिशास्त्र की तर्ज का सांस्कृतिक विवेचन अपने किताबी एप्रोच के चलते सामयिक जीवन और समाज से जुड़ नहीं पाया। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के जिन मूल्यों को दृष्टांत की तरह प्रस्तुत करते हुए श्रेष्ठ और आदर्श बताया जाता है, उनसे हमारे समाज के एक बेहद छोटे, किंतु विशेषाधिकार प्राप्त सुविधाभोगी वर्ग की अपेक्षाएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बहुसंख्यक नागरिकों के सवालों का कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। सच तो यह है कि संस्कृति की चिंता के नुमाइशी तेवर की कलई बार-बार खुल जाती है और उसके पीछे संसाधनों पर वर्चस्व पाने की हठधर्मिता उजागर होती है।

एकेडमिक विमर्श के परिदृश्य पर एक नजर डाल लीजिए तो फिर अलग से बहस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक तरफ विचार मंचों पर अध्यात्म और निवृत्तिमार्गी भारतीय संस्कृति का अभिनंदन और दूसरी तरफ वास्तविक जीवन में घटिया उपभोक्तावादी तालमेल। सत्ता के गलियारे में चलते हुए मूल्य और आस्था का संकट करने वाली राजनीति की जयकार आज की तारीख में खुली आंख से रोज दिखने वाली चीज है। राष्ट्रीय चरित्र का यह दोहरापन मूल्य और आस्था का संकट तो खड़ा करता ही है, यह सोचने पर मजबूर भी करता है कि आज हम सब सांस कहां ले रहे हैं-परलोकवाद में, लोकवाद में या महज सुविधावाद में?

निस्संदेह अपने महान इतिहास के प्रेरक प्रसंगों को, एक राष्ट्र के रूप में हजारों वर्ष के अनुभवों को, समृद्ध और वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को पुरातत्व के संग्रहालय की वस्तु मान लेना नासमझी है। उतनी ही बड़ी नासमझी इस बात में भी है कि हम अपने वर्तमान की तमाम चुनौतियों का हल अतीत के दर्पण में पाने का प्रचार करते रहें। संस्कृति का समाजशास्त्र आज यही संदेश दे रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जिम कार्बेट पार्क के जंगलों में पेड़ों के कटान और अतिक्रमण कर बनाई जा रही इमारतों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी आई है, जो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए प्रेरित करेगी। बरेली में पेड़ों की कटान और पर्यावरण को लेकर काम करने वाले डा. प्रदीप जागर ने कुछ वर्ष पूर्व चिपको आंदोलन के नाम से ग्रुप बना कर कुछ कार्यक्रम आयोजित किए। हमने मिनी बाईपास पर बन रहे बस अड्डे पर लगे हजारों पेड़ों के कटान का खासा विरोध किया। यही नहीं शहर में अपेक्षा से काफी कम वृक्षों की संख्या पर चिंता भी दर्शायी थी।

नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक ज्ञापन देकर उनको चिंता से अवगत भी कराया। किंतु शहर में कोई बड़ा आंदोलन खड़ा न हो सकने से वृक्षों के कटान में कोई कमी नहीं आई विकास की दुहाई देकर जगह-जगह हरे वृक्षों का कटान होते देख जी भर आता था। हाल ही में की गई सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से खुशी मिली है। जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने कानून की घोर अवहेलना की है। पीठ ने आगे कहा है कि ये लोग व्यावसायिक उद्देश्यों और पर्यटन को बढ़ावा देने के बहाने बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि वैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना का दुस्साहस आश्चर्य चकित करने वाला है। पीठ ने कहा कि यह मामला राजनेता और नौकरशाहों की मिली भगत का उदाहरण है।

प्रसंगवश बरेली शहर में वृक्षों की कटान होने से वृक्षों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और हरियाली खत्म होती दिख रही है। क्या हमारे वन मंत्री शहर हित और जन हित में कुछ विचार करेंगे। इत्तेफाक से वन मंत्री हमारे शहर से ही है, जहां वन क्षेत्र केवल .01 प्रतिशत ही है।

# सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत, एक की हालत गंभीर

## सगाई के बाद पार्टी करने निकले थे, पेड़ से टकराने के बाद पोल से भिड़ी कार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** रविवार की देर रात फॉर्च्यूनर कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक कि हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा रोड के बिसौली मोड़ के पास की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आबू नगर मोहल्ला के रहने वाले डॉ. मृत्युंजय सचान के 24 वर्षीय पुत्र मयंक सचान की रविवार की शाम सगाई का कार्यक्रम था। रात में मयंक सचान सगाई के बाद अपने दोस्त गौरांग सचान पुत्र सुरेश सचान निवासी सिविल लाइंस, शिवम गुप्ता, आरके श्रीवास्तव और एक अन्य दोस्त के साथ फॉर्च्यूनर कार से घूमने गया था।


हादसे के बाद कार की स्थिति।

- भिटौरा रोड पर बिसौली मोड़ के पास हुआ हादसा, सगाई की खुशियां मातम में बदलीं


मयंक सचान व गौरांग सचान।

रात करीब तीन बजे घर वापस आते समय कार सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा रोड बिसौली मोड़ के पास तेज रफ्तार में होने के कारण पेड़ से टकराते हुए बिजली के पोल से जा टकरा गई। जिससे कार के परखचे उड़ गए। हादसे के बाद घायलों में एक युवक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गौरांग सचान पुत्र सुरेश सचान, शिवम गुप्ता और मयंक सचान को मृत घोषित कर दिया।

घायल आरके श्रीवास्तव का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और एक घायल की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। युवक के मामा गुलाब सिंह ने बताया कि सुबह पांच बजे जानकारी मिली कि हादसे में तीन लोगो की मौत हो गई और दो घायल है। जब वह पहुंचे तो भांजा मृत मिला। हादसे के बाद तीनों मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्ट के लिए भेजा गया है।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में हुई गवाही

**सुलतानपुरः** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में कनांवा बीकापुर निवासी कांग्रेसी नेता आशुतोष मिश्र की गवाही सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज की गई। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। कोर्ट ने तलबी बहस के लिए अब 14 मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र व मोहित तिवारी का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

# कोतवाल व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**सुभासपा नेत्री की हत्या का मामला**

- कई पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला,तीन आरोपी गिरफ्तार,एक फरार
- भूमि विवाद मामले की होगी एसआईटी जांच, एडीएम बस्ती करेंगी निगरानी

संवाददाता,संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिले में रविवार को हुई सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर हत्याकांड मामले में पुलिस कर्मियों पर कड़ा एक्शन हुआ है। आईजी जोन आर.के. भारद्वाज ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद जिले के मातहतों की जमकर क्लास लिया तो जिले की पुलिस जागी। उसके बाद आईजी ने आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण करते हुए कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र पटेल और चौकी प्रभारी औद्योगिक नगर को लाइन हाजिर कर दिया। उसके बाद तबड़तोड़ पुलिस कार्यवाही शुरू हुई। देर रात तक नामजद आरोपी श्रवण यादव, ध्रुव चंद्र यादव और पन्नेलाल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक महिला अभियुक्त की तलाश में दबिश दी जा रही है। एक अभियुक्त को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार पहले कर लिया था।

बताते चलें कि रविवार को सुभासपा नेत्री नंदनी राजभर पत्नी


घटना पर पुलिस अधिकारी से बात करते सुभासपा के पदाधिकारी।

अच्छे लाल की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें उनके चचेरे ससुर की 10 दिन पहले भी हत्या करने का आरोप परिजन लगा रहे है। जिसमे एक मार्च को मुकदमा भी दर्ज हुआ था। जब महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या की गई तो परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और भड़क गए। उन्होंने पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इसके बाद मामला आईजी जोन बस्ती आर.के. भारद्वाज के संज्ञान में आया। आईजी ने देर रात घटनास्थल पर पहुंच कर परिजनों से उनकी मांग की जानकारी हासिल किया। परिजनों ने कोतवाली पुलिस और अधिकारियों पर मामले में शिथिलता बरतने का आरोप लगाया। जिस पर आईजी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कोतवाल बृजेंद्र प्रसाद पटेल को लाइन हाजिर कर दिया वहीं घटनास्थल से सम्बन्धित ओद्योगिक नगर के चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव को भी तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने इंस्पेक्टर रामकृपाल सिंह को शहर का नया कोतवाल और उप निरीक्षक अनिल पांडेय को औद्योगिक नगर क्षेत्र का नया चौकी प्रभारी बना दिया है। साथ ही उप निरीक्षक श्यामदेव प्रसाद को कोतवाली खलीलाबाद से हटाकर प्रभारी चौकी कारागार, उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को प्रभारी चौकी बिसौवां और उप निरीक्षक चंद्रशेखर यादव को थाना मेहदावल से महिला सहायता प्रकोष्ठ व इन्वेस्टमेंट सेल बना दिया है।

## पूर्व मंत्री के मामले में गवाह पेश हुए

**सुलतानपुरः** पूर्व खेल मंत्री ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिटायर्ड दरोगा कालिका प्रसाद की गवाही एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने दर्ज किया।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने दरोगा से जिरह की। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य पूरा होने के बाद सफाई साक्ष्य के लिए सुनवाई के लिए 15 मार्च की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था।

# शाइस्ता को तोहफे में मिली संपत्ति होगी कुर्क

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह अधिवक्ता उमेश पाल की हत्याकांड के बाद से शुरू हुए ऑपरेशन माफिया में एक साल बीतने के बाद भी अतीक अहमद की कहानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अतीक की करोड़ों की संपत्ति को भले कुर्क कर दिया गया हो, लेकिन जांच के बाद कई सम्पत्तियों का खुलासा अब हो रहा है। अतीक की एक और सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। अतीक ने अपनी बेगम शाइस्ता परवीन को तोहफे में दस बीघा जमीन दिया था। जिस पर फार्म हाऊस बनाने की तैयारी थी।

पुलिस जांच से यह पता चला है कि माफिया ने अपनी बेगम शाइस्ता के लिए 50 करोड़ की संपत्ति खरीदी थी। इसके लिए शाइस्ता के नाम पर दर्ज जमीन, मकान, प्लाट की तलाश ईडी ने करना शुरू कर दिया है। अतीक ने शाइस्ता परवीन के नाम पर 5 करोड़ की जमीन शाहगंज इलाके के मिंजहांपुर में ली थी। 300

- 10 बीघा जमीन पर ईडी ने शुरू की जांच, नैनी में बनना था फार्म हाउस



वर्ग की इस जमीन को अतीक ने साल 2024 में शाइस्ता को तोहफे में दिया था। इस जमीन के पता चलने के बाद पुलिस ने गोपनीय तरीके से जांच कराई और दस्तावेज को जुटा लिया। टीम ने जमीन के दस्तावेज और कब्जे को लेकर जांच पड़ताल की है। अब इस रिपोर्ट को पुलिस कमिश्नर के पास भेजी गई है। माना जा रहा है कि पुलिस अब इस हफ्ते जमीन जो डुग्गी बजवाकर कुर्की की कार्रवाई करेगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि अतीक का करीब 3 हजार करोड़ का आर्थिक साम्राज्य रहा है। इसके पहले माफिया की नामी बेनामी संपत्तियों को खंगाल चुकी है। अब पुलिस शाइस्ता की संपत्तियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर है। 5 लाख एक इनामिया शाइस्ता उमेश पाल की हत्या के बाद यानी एक साल से फरार चल रही है। इसके अलावा 5 लाख का इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान, साबिर भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। शाइस्ता के अलावा अतीक ने भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा के नाम भी कई जमीन खरीद रखी थी। माफिया के ड्रीम प्रोजेक्ट अलीना सिटी में 1000 वर्ग गज का प्लाट करेली के बख्शी मोड इलाके में था। माफिया ने 700 बीघा में अलीना सिटी टाउनशिप की शुरुआत की। हजारों लोगों ने यहां प्लाट बुक कराया। माफिया ने इस ड्रीम प्रोजेक्ट के जरिए करोड़ो रुपए कमाए। साल 2024 में शुरू हुए टाउनशिप पर 2005 बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के बाद बसपा सरकार ने इस पर बल्डोजर चलवा दिया। हालांकि सपा सरकार बनने के बाद फिर से या टाउनशिप शुरू हो गई।

**बंगाल होटल में शाईस्ता की हिस्सेदारी**

100 करोड़ के बंगाल होटल में शाइस्ता परवीन का नाम अभी तक चल रहा है। मायावती के शासनकाल में ऑपरेशन अतीक के दौरान चर्चा में आए बंगाल होटल की एक बार फिर से जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। बंगाल होटल का चार हिस्सों में बैनामा कर दिया गया है। ऑन रोड पर कई मंजिला बनी इस बिल्डिंग को लेकर अतीक और उसके परिवार पर कई बार आरोप लगा चुका है। बसपा शासन काल में 2008 में बंगाल होटल के दो हिस्सों में कुर्की की कार्रवाई की गई थी। बाद में सपा सरकार के दौरान मामला ठंडा बस्ते में चला गया। बंगाल होटल का अभी भी बड़ा हिस्सा खाली पड़ा हुआ है। इसमें किराएदार रह रहे हैं। पुलिस को शैलजा, अब्दुल लतीफ, मोहम्मद साबिर के दस्तावेज मिले हैं। शैलजा शाइस्ता की खास सहेली है। माना जा रहा है कि शाइस्ता की रिश्तेदारी में शैलजा के नाम पर रजिस्ट्री की गई थी।


कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी व अन्य।

# राजस्थान के सीएम ने कैबिनेट के साथ किए रामलला के दर्शन

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

**अमृत विचार :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल सोमवार को अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। प्रदेश सरकार के मंत्री व अयोध्या प्रभारी सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। राम जन्मभूमि परिसर के वीवीआईपी मार्ग गेट नंबर 11 से प्रवेश कर सभी राम मंदिर पहुंचे और रामलला के दर्शन किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले जब कभी भी दर्शन किए थे तो टेंट में किए थे और अब भव्य और दिव्य मंदिर में दर्शन हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जगह राम की महिमा है, भगवान राम जो करेंगे अच्छा करेंगे।

**यह रहे मौजूद**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव ददलानी डिप्टी सीएम दियाकुमारी, डिप्टी सीएम प्रेमचन्द बैरवा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के साथ 24 मंत्री, 57 बीजेपी विधायक, चार निर्दलीय विधायक, आठ सांसद, राजस्थान बीजेपी के 16 पदाधिकारी, 21 अधिकारी और सीएस सुधांश पन्त, एसीएस शिखर अग्रवाल, डीजीपी यूआर साहू समेत 133 लोग प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

## अमृत विचार को दीं शुभकामनाएं


उत्तराखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सोमवार को हल्द्वानी में अमृत विचार के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अजय भट्ट संसद में नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें हाईकमान ने दोबारा इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है।

## 100 करोड़ से तैयार होने लगा सेवा सदन

**अयोध्या :** रामनगरी में देशभर से पहुंचने वाले यात्रियों के लिए एक बड़े सुविधा केंद्र के रूप में माहेश्वरी सेवा सदन का निर्माण सोमवार को शुरू हो गया।

100 करोड़ की लागत से सेवा सदन के लिए भूमि पूजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष महंत गोविंद गिरी ने संयुक्त रूप से किया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ परिक्रमा मार्ग स्थित दशरथ कुंड के निकट निर्माण की आधारशिला रखी गई।

# 400 पार के लक्ष्य को सफल बनाएं : बंसल

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

**अमृत विचार :**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि धार्मिक कार्य के बाद अब राष्ट्र कार्य में लग जाएं। पीएम मोदी के 400 सीटों से पार के लक्ष्य को संफल बनाएं। वह श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट सिटी में सोमवार को बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दर्शन अभियान को पूरा करने पर आत्म संतोष मिला। आंदोलन के दौरान कारसेवा की तरह यह भी यादगार रहेगा। सासंद लल्लू सिंह ने यहां पहुंच मुलाकात की। इसके पूर्व उन्होंने हनुमानगढ़ी व राम लला के दर्शन किए। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अजय सिंह, एमएलसी जितेंद्र सिंह, सहकारी बैंक के चयेरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संयोजक मानवेंद्र सिंह, अवध क्षेत्र महामंत्री विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, मिथलेश त्रिपाठी आदि थे।


सुभासपा नेताओं से बातचीत करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

## 50 गुना अधिक भव्य होगी इस बार रामनवमी

**अयोध्याः** आगामी रामनवमी पर राम जन्मभूमि परिसर में बड़े आयोजन की योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार कर रहा है।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के मुताबिक इस बार की चैत्र रामनवमी विगत वर्षों की अपेक्षा 50 गुना अधिक दिव्य और भव्य रूप से मनाई जाएगी, जिसके लिए ट्रस्ट लगातार मंथन कर रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। एक माह में ट्रस्ट को 52 करोड रुपये का दान प्राप्त हुआ है।

**किसान की कोशिश** | खाने में लाजवाब फुलवा आलू को बिना शीतगृह के घर में रख सकते सुरक्षित

# फुलवा आलू की प्रजाति बचाई, 30 हजार रुपये प्रति बीघा लाभ

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** खाने में लाजवाब और अमीरों की शान फुलवा आलू की विलुप्त होती प्रजाति को किसान अरविंद गंगवार ने बचाकर 30 हजार रुपये बीघा शुद्ध लाभ कमाया है।

थाना मऊ दरबाजा के गांव गुतासी के रहने वाले अरविंद गंगवार बताते है कि फुलवा आलू किसी समय बहुतायत से जिले में पैदा किया जाता था। किसानों ने अधिक पैदावार के चक्कर मे फुलवा आलू पैदा करना बंद कर दिया। नतीजतन इस आलू की प्रजाति विलुप्त होने के कंगार पर पहुंच गई। अरविंद गंगवार बताते है कि उन्होंने किसी तरह खोज कर 3 बीघा खेत मे इसकी गड़ाई कर दी। आलू तैयार करने में 14 हजार रुपया प्रति बीघा खर्च आया। एक बीघा खेत मे 40 पैकेट आलू पैदा हुआ। आलू तैयार होने के बाद


फुलवा आलू की छटाई कर रहे किसान अरविंद गंगवार। अमृत विचार

वह कब इस आलू को मंडी समिति सातनपुर ले गए तो 1100रुपये प्रति पैकेट आलू उनका पहुंचते ही बिक गया। उनका कहना है कि अब लोग फोन करके उनसे आलू घर से खरीद कर ले जा रहे है। अरविंद बताते है कि यह आलू खाने में लाजबाब है। इससे अच्छा कोई अन्य आलू नही है। खास बात यह है कि इस आलू को शीतगृह में भंडारित करने की कोई जरूरत नही है। घर मे बालू डाल कर इसे पूरी साल सुरक्षित रखा जा सकता है। अन्य आलू बीज में एक बीघा में 6 पैकेट पड़ता है।फुलवा आलू केवल एक बीघा में दो पैकेट बोया जाता है। अरविंद का कहना है कि अगली साल वह है दस बीघा खेत में फुलवा आलू करेंगे। उनका कहना है कि फुलवा आलू किसी समय हर जवान पर रहता था लेकिन पैदावार कम होने की वजह से लोगों ने इसे बोना छोड़ दिया। इस बार एक बीघा खेत में 40 पैकेट आलू निकला है पैदावार भी अच्छी हुई है और उन्हें भाव भी अच्छे मिले हैं। सबसे खास बात यह है कि दम आलू और भुने हुए आलू खाने में फुलवा आलू का कोई जोड़ नहीं है। इस वजह से फुलवा आलू सबसे अच्छा माना जाता था।अरविंद बताते है कि अगली साल बहुतायत से किसान फुलवा आलू करने के लिए उनसे बीज बुक करा रहे है। जिला आलू विकास अधिकारी रामनारायण वर्मा बताते हैं कि किसी जमाने में फुलवा आलू बहुतायत से किया जाता था ।कम पानी और कम लागत में आलू तैयार हो जाता है। जिस समय फुलवा आलू तैयार किया जाता था उस समय जिले में शीत गृहों की संख्या ना के बराबर थी। किसान अपने घरों में ही इस आलू को सुरक्षित रखता था। इस आलू को आज भी बिना शीत गृह के सुरक्षित रखा जा सकता है। उनका कहना है कि अन्य प्रजातियों के मुकाबले इसकी पैदावार जरूर कम है लेकिन इसका खाने में स्वाद बेजोड़ है। और सबसे बड़ी बात यह हैं कि आलू में शर्करा की मात्रा न के बराबर है। जिससे शुगर के मरीज भी इस आलू को खा सकते हैं ।उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि इस खत्म होती प्रजाति को बचाने के लिए वह अगले साल अधिक से अधिक फुलवा आलू तैयार करें और अरविंद गंगवार की तरह एक बीघा में 30,000 शुद्ध लाभ कमाएं।

# तकनीकी खराबी से एनटीपीसी की दो यूनिटें ठप, मचा हड़कंप

संवाददाता,ऊंचाहार- रायबरेली

- एक माह से बंद चल रही है 210 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट संख्या दो

**अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के बुरे दिन चल रहे हैं। आए दिन यूनिटों में हो रही खराबी के कारण विद्युत उत्पादन बुरी तरह प्रभावित है। जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचाहार परियोजना का प्रदर्शन काफी कमजोर हो गया है। रविवार की रात परियोजना की दो यूनिटे तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। जिसके कारण 710 मेगावाट का उत्पादन प्रभावित हुआ है। जबकि 210 मेगावाट की एक यूनिट एक माह से खराबी के कारण बंद चल रही है।

ज्ञात हो कि विगत एक वर्ष से एनटीपीसी के ऊंचाहार परियोजना की यूनिटों में तकनीकी खराबी आने से जिम्मेदारों में हडक्रंप मच गया। इस खराबी के कारण लगातार यूनिटें ट्रिप हो रही है।



जिसके चलते विद्युत उत्पादन बुरी तरह प्रभावित है। यूनिटों की खराबी के कारण परियोजना का राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन भी काफी कमजोर हो गया है। कभी 96 फीसदी प्लांट लोड फैक्टर (पीएफ) अर्जित करने वाली ऊंचाहार परियोजना का वर्तमान में 50 फीसदी पीएलएफ से भी नीचे आ गया है। रविवार की रात 500 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट संख्या 6 के ब्वायलर ट्यूब में रिसाव हो गया। यह रिसाव इतना बढ़ गया कि यूनिट को बंद करना पड़ा।

इसी के साथ 210 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट संख्या 5 में भी तकनीकी खराबी आई। इस खराबी के चलते इस यूनिट को भी बंद करना पड़ा है। इससे पूर्व 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या दो तकनीकी की खराबी के कारण विगत करीब एक माह से बंद चल रही है। इस प्रकार से कुल 920 मेगावाट का विद्युत उत्पादन तकनीकी खराबी के चलते इस समय ठप है। परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा का कहना है कि कुछ तकनीकी कारणों से परियोजना की यूनिटें बंद हुई है, उन्हे जल्द चलाने की कोशिश की जा रही है।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं पर मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : स्थानीय प्राग नारायण रोड स्थित निदेशालय समाज कल्याण के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक नीति संवाद का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में हुई परिचर्चा में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। खासकर वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय सुविधा पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र भार), डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण, कृष्णा प्रसाद, उपनिदेशक, समाज कल्याण, डॉ. अनीता भटनागर जैन, सुभाष चंद्र, डॉ. अभिषेक शुक्ला, एके सिंह, रवि भट्ट आदि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस मौके पर उप्र. वरिष्ठ नागरिक पोर्टल और प्रदेश के युवा प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए अभ्युदय पोर्टल का लोकार्पण किया गया।

### स्टॉफ नर्स पदों के लिए ऑफर लेटर जारी

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 17000 संविदा रिक्त पदों की भर्ती अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों के तहत 7706 शार्टलिस्टेड स्टॉफ नर्स (संविदा) को ऑफर लेटर जारी कर दिए गए हैं। इसका लिंक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आधिकारिक बेवसाईट www.upnrhm.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों के लिए गाइडलाइन है कि ऑफर लेटर में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवंटित जनपद पर ससमय योगदान देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सुझाव दिया गया है कि दलालों से सावधान रहें और हर प्रकार का नोटिफिकेशन वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी को: राजनाथ

## रक्षा मंत्री बोले, अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर हो जाएंगे पूरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी को है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। राजनाथ इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास हो रहा है।



कार्यक्रम के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पौधा भेंट करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल, साथ में मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### एक लाख वाहन रोजाना बाहर से निकल जाएंगे

लखनऊ : रक्षा मंत्री ने बताया कि लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी. की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है। यह कॉरिडोर शुरु होने जा रहा है। उन्होंने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानत: एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं।

- रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मोहनलालगंज के सांसद कौशल किशोर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, जितिन प्रसाद, महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद बृजलाल, अशोक वाजपेयी, सत्यदेव पचौरी आदि मौजूद रहे।

**किसान पथ के जरिए धरातल पर उतर रहा है अटल का सपना:** लखनऊ। विकास का जो मॉडल हमें लखनऊ में देखने को मिल रहा है वह अटल बिहारी वाजपेयी का ही सपना है, जो धरातल पर उतर रहा है। आज किसान पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समधान होने जा रहा है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है, यह गोमती नदी के कट को लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। ये बातें सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

### 40-45 मिनट में पहुंचेंगे लखनऊ से कानपुर

लखनऊ : लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमी. लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले साल एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी।

### प्रधानमंत्री ने गुरुग्राम से की लखनऊ आउटर रिंगरोड की शुरुआत

लखनऊ। दूसरी तरफ गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में विस्तारित एक लाख करोड़ रुपये की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें उप्र. में 5,500 करोड़ रुपये की लागत से 8 लेन की 104 किमी लखनऊ आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के तीन पैकेज का उद्घाटन शामिल है। आउटर रिंग रोड यानी किसान पथ के लोकार्पण से इसका लाभ बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, सीतापुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्य जिलों के लोग उठा सकेंगे। इस रिंग रोड के बन जाने से इन शहरों में जाने के लिए लखनऊ में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। जिससे की राजधानी की यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

# पहली बार किसी सदन का सदस्य नहीं होगा सपा का प्रदेश अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रामशरण दास व शिवपाल के बाद तीसरे प्रदेश अध्यक्ष हैं नरेश उत्तम
- आजमगढ़ के पूर्व मंत्री बलराम यादव को मिली तरजीह, बेटा भी है विधायक

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी से नरेश उत्तम पटेल को विधान परिषद का टिकट न मिलने से पहली बार प्रदेश अध्यक्ष किसी सदन का सदस्य नहीं होगा, जबकि पूर्वांचल में सपा के सिरमौर रहे पूर्वमंत्री बलराम यादव को टिकट देकर खासी तरजीह दी गई। बलराम के पुत्र संग्राम यादव भी आजमगढ़ के अतरौलिया से विधायक हैं। इस प्रयोग के जरिए सपा संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा यादव प्रत्याशी के जरिए आजमगढ़ में जड़ें न जमा सके।

समाजवादी पार्टी की पांच नवंबर 1992 को स्थापना के बाद सहारनपुर निवासी चौधरी रामशरण दास गुर्जर आजीवन 16 साल प्रदेश अध्यक्ष रहे। वे दो बार विधान सभा सदस्य और चार बार विधान परिषद सदस्य थे। बताते हैं कि मुलायम सिंह यादव को पहली बार विधानसभा पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका थी। 1967 में मुलायम सिंह राजनीति में सक्रिय थे, लेकिन विधायक नहीं बने थे। उस समय चौधरी रामशरण दास समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया द्वारा बनाई गई संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महासचिव थे। तब मुलायम सिंह यादव इटावा के जिला सचिव हुआ करते थे। विधानसभा चुनाव के लिए सोशलिस्ट पार्टी द्वारा टिकट बांटे जा रहे थे। रामशरण दास संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड में भी थे। मुलायम सिंह की टिकट को लेकर कुछ नेताओं को ऐतराज था। लेकिन उस समय रामशरण दास ने उनकी खुलकर वकालत की और फिर उन्हें टिकट भी दिया। मुलायम सिंह चुनाव लड़े और जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे।

रामशरण दास की गंभीर बीमारी की हालत में मुलायम सिंह ने पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव को जिम्मेदारी दी।मुख्यमंत्री बने अखिलेश यादव से विवाद गहराने के बाद शिवपाल यादव हटाए गए। वे एक नवंबर 2007 से 2017 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस दौरान वे विधायक रहते मंत्री समेत कई अहम पदों पर भी थे। शिवपाल को हटाए जाने के बाद अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम को 1 जनवरी 2017 को सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, फिर दूसरी बार सितंबर 2022 में बागडोर सौंपी। नरेश उत्तम तीन बार विधायक और दो बार एमएलसी रहे। कार्यकाल बेदाग रहने के बावजूद पार्टी को जीत नहीं दिला सके। उनके प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए दो विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। इस बार एमएलसी का टिकट नहीं मिला, जिससे वे किसी सदन के सदस्य नहीं होंगे।

### 13 में सात प्रत्याशी पहली बार जाएंगे उच्च सदन

नामांकन करने वाले भाजपा से पूर्व मंत्री डॉ महेन्द्र कुमार सिंह को पार्टी ने तीसरी बार, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक लगातार दूसरी बार विधान परिषद सदस्य होंगे। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, संतोष सिंह व झांसी के निवर्तमान महापौर रामतीरथ सिंघल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को पहली बार विधान परिषद जाने का मौका दिया है। अपना दल (एस) के आशीष पटेल दोबारा विधानमंडल के उच्च सदन में जाएंगे। रालोद के योगेश चौधरी और सुभासपा के पूर्वांचल के प्रदेश अध्यक्ष विच्छेलाल राजभर पहली बार विधान परिषद जाएंगे। जबकि सपा से पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप और गुड्डू जमाली भी पहली बार उच्च सदन जाएंगे। हालांकि जमाली की वजह से धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ में हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा से दिनेश यादव निरहुआ सांसद बने।

### संजय निषाद की नामौजूदगी रही चर्चा का विषय

प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान निषाद पार्टी को छोड़कर भाजपा व उसके बाकी सभी सहयोगी दलों के नेता और विधायक मौजूद थे। नामांकन के अवसर पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। संजय निषाद ने भाजपा से विधान परिषद के एक लिए एक सीट मांगी थी जो नहीं दी गई। गौरतलब है कि पिछले माह राज्यसभा चुनाव के लिए हुए भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर संजय निषाद मौजूद थे।

# 15 से राशन वितरण, अंत्योदय कार्ड पर चीनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 15 मार्च से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गेहूं, चावल के साथ चयनित जिलों में बाजरा, मक्का, ज्वार या कोदो में एक निशुल्क बांटा जाएगा। जबकि होली को देखते हुए अंत्योदय कार्ड पर 18 रुपये प्रति किलो की दर से चीनी मिलेगी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत राशन वितरण 13 की बजाय 15 मार्च से होगा। सभी जिलों में हर माह की तरह अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं व चावल निशुल्क मिलेगा। जबकि चयनित 51 जिलों में गेहूं व चावल के साथ मोटा अनाज निशुल्क बंटेगा। इसमें अंत्योदय में प्रति कार्ड कुल 35 किलो राशन में 14 किलो गेहूं, 14 किलो चावल के साथ 7 किलो बाजरा या अन्य मोटा अनाज मिलेगा। जबकि होली को देखते हुए अन्त्योदय कार्ड पर अलग से तीन माह की एक साथ तीन किलो चीनी बांटी जाएगी। चीनी के 18 रुपये प्रति किलो दर से लिए जाएंगे। इसी तरह, पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट पांच किलो राशन में तीन किलो चावल, एक किलो गेहूं व एक किलो बाजरा या अन्य मोटा अनाज बांटा जाएगा। होली को देखते हुए उज्ज्वला योजना के लाभार्थी निशुल्क सिलिंडर रीफिल का लाभ उठा रहे हैं। अपर आयुक्त जीपी राय खाद्य एवं सुरक्षा (आपूर्ति) ने बताया कि सोमवार को संशोधित आदेश जारी कर दिया है। वितरण 29 मार्च तक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा।



- गेहूं, चावल के साथ निशुल्क बंटेगा बाजरा, मक्का, ज्वार व कोदो
- होली के मौके पर 18 रुपये के हिसाब से मिलेगी तीन किलो चीनी

# सीएए की अधिसूचना जारी होते ही उप्र. में हाई अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करने के निर्देश

**लखनऊः** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की अधिसूचना जारी होते ही उत्तर प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट कर दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उप्र. के सभी सवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उनके निर्देश पर राजधानी लखनऊ समेत तमाम शहरों के संवेदनशील इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को कानून व्यवस्था से जुड़े जिलों शहरों के छोटे बड़े सभी फ़ील्ड अफसरों को स्थानीय भ्रमणशील रहने के निर्देश दिया। डीजीपी ने संवेदनशील इलाकों में फुट पेट्रोलिंग, सीसी टीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश भी जारी किया है। सोशल मीडिया में भड़काऊ, आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। राज्य के संवेदनशील मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, वाराणसी और राजधानी लखनऊ के पुराने शहर अमीनाबाद चौक में पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है।

## सीएए से डरने की जरूरत नहीं: खालिद रशीद

**अमृत विचार, लखनऊः** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर ऐशबाग ईदगाह के इमाम और इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि इससे किसी को भी फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं है।

मौलाना ने कहा कि मैंने अभी इस अधिनियम को पढ़ा नहीं है इसलिए इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता लेकिन सभी को भारतीय क़ानून पर भरोसा रखना चाहिए क्योंकि कानून किसी के साथ भी अन्याय नहीं करता है।मौलाना ने कहा कि इस अधिसूचना से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। बेहतर होगा कि सभी लोग मुल्क में अमन कायम रखने पर ध्यान दें और किसी के बहकावे में न आयें।

# उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए केन्द्रों पर रवाना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कड़ी सुरक्षा में लखनऊ से दूसरे जनपदों में भेजी गईं उत्तर पुस्तिकाएं
- दूसरे जनपदों से भी लखनऊ पहुंचेंगी कॉपियां

**अमृत विचारः** राजधानी में यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के लिए मूल्यांकन केन्द्रों पर सोमवार को रवाना कर दिया गया। गोपनीय ढंग से शुरू हुई कॉपियों को भेजने की प्रक्रिया दिन भर चली। शाम तक सभी कॉपियो के बंडल जिलों के मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंच गये। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शहर में 1 लाख से अधिक परीक्षार्थियों की 6 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के लिए रवाना किया गया है। वहीं दूसरे जनपदों की भी उत्तर पुस्तिकायें मंगलवार से राजधानी पहुंचना शुरू हो जायेगी। डीआईओएस ने बताया कि दो दिनों में सभी कॉपियां आ जायेंगी।

22 फरवरी से 9 मार्च तक चली यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों के लिए हर जिले में संकलन केन्द्रों पर रखा गया है। इन्हीं केन्द्रों से कॉपियों को मूल्यांकन केन्द्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। जो कि अगले तीन दिनों तक चलेगी। मूल्यांकन कार्य के लिए जिन जिलों में कॉपियां भेजी गई हैं वहां कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गये हैं। वहीं केन्द्र व्यवस्थापकों को भी अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। मूल्यांकन 16 मार्च से होगा।

**मूल्यांकन कार्यों में बाधा पहुंचाई तो होगी कार्रवाई:** यूपी बोर्ड की ओर से कॉपियों के मूल्यांकन के लिए जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है उनकों को समय से मूल्यांकन केन्द्र तक पहुंचकर सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि सभी जिलों के डीआईओएस को जारी निर्देश में कहा गया है कि मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की केन्द्रों पर उपस्थिति समय से सुनिश्चित की जाये, सचिव ने कहा कि जहां भी लापरवाही होगी वहां कार्रवाई के भी निर्देश दिए गये हैं। बता दें कि प्रदेश भर में 3.1 करोड़ कॉपियां 31 मार्च तक चेक की जानी है।

**बढ़ाना पड़ सकता है मूल्यांकन का समयः** मूल्यांकन का समय 16 से 31 मार्च निर्धारित है। इसमें होली की छुट्टियां भी पड़ रही हैं। ऐसे में शिक्षकों का कहना है कि मूल्यांकन का समय बढ़ाना पड़ेगा।

इस स्थिति में मूल्यांकन प्रक्रिया 4 से 5 अप्रैल तक चल सकती है। हालांकि प्रत्येक शिक्षक को निर्धारित संख्या में ही कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा। इसके साथ ही अन्य समस्याओं के चलते मुल्यांकन का समय प्रभावित हो सकता है। जिस कारण समय बढ़ाने की संभावना रहेगी।

### सीबीएसईः मूल्यांकन की तैयारी

अमृत विचार : सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षायें जारी है। इसी क्रम में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के तैयारियां शुरू हो चुकी है। अहम विषयों की परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉपियों का मूल्यांकन समय से कराये जाने की तैयारी है। बोर्ड का उद्देश्य है कि समय से परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके। सीबीएसई दसवीं की 13 मार्च और इंटरमीडिएट की 2 अप्रैल को परीक्षायें समाप्त हो रही है।

# एस-4 की हड़ताल स्थगित



वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी व एस-4 के पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अधिकारियों के साथ दो घंटी चली वार्ता के बाद लिया निर्णय

**अमृत विचारः** प्रदेश के राज्य कर्मियों व शिक्षकों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति, (एस-4) की ओर से पांच सूत्रीय मांगो को लेकर सोमवार को शासन से वार्ता सफल हो गई है। सभी मांगों पर विचार विमर्श होने के बाद मंगलवार को विधानभवन का घेरने के निर्णय को स्थगति कर दिया गया है।

शासन के अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति/कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों से बैठक लोकभवन में संपन्न हुई। बैठक में ओपीएस एवं भत्तों की बहाली सहित 5 मांगों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें बेसिक शिक्षा, वित्त, माध्यमिक शिक्षा, सिंचाई, विकास एवं पुष्टाहार, परिवहन, राज्य कर, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने बैठक के दौरान प्रमुख सचिव व निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार, महानिदेशक बेसिक शिक्षा को फोन पर समस्याओं को हल किये जाने के निर्देश दिये गये। यह जानकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, महासचिव आरके निगम ने दी है। अपर मुख्य सचिव ने एस-4 की मांगों पर लोकसभा निर्वाचन के पश्चात् सकारात्मक विचार-विमर्श कर निर्णय कराने का आश्वासन दिया गया है।

# शिक्षकों की कार्यालयों में संबद्धता पर महानिदेशक ने लगाई रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 3500 परिषदीय शिक्षकों की स्कूलों में होगी वापसी

**अमृत विचारः** राज्य में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को लेकर स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। शिक्षकों के विभिन्न कार्यालयों में संबद्धता पर रोक लगा दी गई है। ऐसे करीब साढ़े तीन हजार शिक्षक जो स्कूल में पढ़ाने की बजाए कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे हैं, उन्हें वापस स्कूल भेजा जाएगा।

राज्य के स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को विभिन्न कार्यालयों में किसी भी कीमत पर संबद्ध न किया जाए। आवश्यकता के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों और निदेशालय में कार्यरत अकादमिक कर्मियों जैसे प्रवक्ताओं व अनुदेशकों से ही मदद ली जाए। अगर फील्ड वर्क के अनुभव की बहुत जरूरत हो तो भी शिक्षकों से सिर्फ ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग से संपर्क कर उनका सहयोग लिया जाए। उन्हें कार्यालय में संबद्ध न किया जाए।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने जिले में ऐसे शिक्षकों को चिह्नित कर उन्हें वापस स्कूल भेजें। यह शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में, मॉड्यूल तैयार करने, पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यों, प्रश्नपत्र तैयार करने या फिर कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य कर रहे हैं। यही नहीं, खंड शिक्षा अधिकारी भी कई शिक्षकों को अपने साथ विभिन्न विभागीय कार्यों में लगाए रहते हैं। प्रदेश भर में 1.34 लाख परिषदीय स्कूलों में पांच लाख शिक्षक तैनात हैं।

### 12 मार्च को जारी हो सकती है कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची 12 मार्च को जारी होने की संभावना है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने सोमवार को दिल्ली में बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल हुए।प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार बैठक में इंडिया गठबंधन से मिली 17 सीटों के लिए सुझाए गए प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा हुई। बैठक में नेता विधान मंडल आराधना मिश्रा मोना को भी बुलाया गया था। इससे पहले दोपहर में सपा कार्यालय में सपा-कांग्रेस की समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 17 सीटों के पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस नेताओं का परिचय कराया गया। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और आराधना मिश्रा मोना मौजूद रहीं। बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वह गठबंधन धर्म निभाएंगे और कांग्रेस के सभी 17 प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे। मालूम हो कि रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी जिसमें 17 सीटों पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ था।

# नामित केन्द्रीय प्रेक्षकों के साथ की वर्चुअल ब्रीफिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निष्पक्ष, पारदर्शी, और प्रलोभनमुक्त, सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मद्देनजर उत्तर प्रदेश मुं कार्यरत आईएएस, आईपीएस, आईआरएएस (आईटी), आईआरएएस (सीएण्डआईटी) एवं आईआरएएस केन्द्रीय प्रेक्षकों की वर्चुअल ब्रीफिंग बैठक की।

वर्चुअल बैठक में उप्र. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा व आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक समेत कुल 65 केन्द्रीय प्रेक्षकों ने डायल यूपी 112 भवन के सभागार से वर्चुअल प्रतिभाग किया। आयोग द्वारा आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्भीक, प्रलोभनमुक्त, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। आयोग द्वारा प्रयुक्त होने वाले आईटी एप्पलीकेशन एवं ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित जानकारी व निर्देश भी दिए गये।

इस मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अनुज कुमार झा, चन्द्रशेखर, कुमार विनीत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों के लिए बनेगी नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने दिया आश्वासन

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मचारियों के लिए जल्द ही नियमावली बनाई जाएगी। सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता के दौरान पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने यह आश्वासन दिया।

वार्ता में प्रबंधन की ओर से और कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन कमलेश बहादुर सिंह और संगठन की ओर से महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय, मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, राजेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह ,दिनेश कुमार, मुदस्सिर चौहान, राजकुमार पांडे, आशीष कुमार, कपिल शर्मा और प्रभारी पुनीत राय शामिल थे।

लगभग दो घंटे तक चली वार्ता में संगठन की 16 सूत्री मांगो पर चर्चा हुई। बैठक में संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से अनुमोदन लिए जाने, कार्यरत आउटसोर्स उपकेंद्र परिचालकों को न हटाए जाने, भूतपूर्व सैनिकों को रखने का आदेश स्थगित रखने, सभी जिलों के संविदा कर्मियों को इलाज के लिए ईएसआई की सुविधा दिए जाने, श्रमिक से लाइनमैन का कार्य न लिए जाने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाई जाने, कार्यकाल के दौरान दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कारणो से मृत्यु हो जाने पर मुआवजा दिए जाने व वर्ष 2015 में 155 संविदा कर्मियों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने पर सहमति बनी।




महासंघ के प्रतिनिधियों से वार्ता करते पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल।

महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि मार्च 2023 की हड़ताल में कार्यरत संविदा कर्मियों व बाह्य एजेंसी द्वारा किन्हीं करणो से हटाए गए संविदा कर्मियों को काम पर वापस लिए जाने पर भी सहमति बनी। वार्ता के दौरान कारपोरेशन के अध्यक्ष ने हटाए गए संविदा कर्मचारियों की सूची प्रबंधन को उपलब्ध कराने की बात कही।

# धर्म दर्शन


## देवी कल्याणी

श्री शुकदेव जी कहते हैं, परीक्षित! कंस एक तो स्वयं बड़ा बली था और दूसरे मगध नरेश जरासंध की उसे बहुत बड़ी सहायता प्राप्त थी। तीसरे उसके साथी थे- प्रलम्बासुर, बकासुर, चाणूर, तृणावर्त, अघासुर, मुष्टिक, पूतना केशी, धेनुक आदि। इसके अतिरिक्त बाणासुर और भौमासुर आदि बहुत से दैत्य राजा उसके सहायक थे। इनको साथ लेकर वह यदुवंशियों को नष्ट करने लगा। यदुवंश के लोग भयभीत होकर कुरु, पांचाल, विदिशा, केकय, शाल्व और कौसल आदि देशों में जा बसे।



कुछ लोग ऊपर-ऊपर से उसके मन के अनुसार काम करते हुए उसकी सेवा में लगे रहे। जब कंस ने एक-एक करके देवकी के छह बालक मार डाले, तब देवकी के सातवें गर्भ में भगवान के अंशस्वरूप श्री शेष जी, जिन्हें अनंत भी कहते हैं, पधारे।

विश्वात्मा भगवान ने देखा कि मुझे ही अपना स्वामी और सर्वस्व मानने वाले यदुवंशी कंस के द्वारा बहुत ही सताए जा रहे हैं,तब उन्होंने अपनी योग माया को यह आदेश दिया, देवी, कल्याणी! तुम ब्रज में जाओ। वह प्रदेश ग्वालों और गौओं से सुशोभित है। वहां नंदबाबा के गोकुल में वसुदेव की पत्नी रोहिणी निवास करती हैं। उनकी और भी पत्नियां कंस से डरकर गुप्त स्थानों में रह रही हैं। इस समय मेरा वह अंश,जिसे शेष कहते हैं, देवकी के उदर में गर्भ रूप से स्थित है। उसे वहां से निकालकर तुम रोहिणी के पेट में रख दो। कल्याणी! अब मैं अपने समस्त ज्ञान बल आदि अंशों के साथ देवकी का पुत्र बनूंगा और तुम नंदबाबा की पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। तुम लोगों को मुंह मांगे वरदान देने में समर्थ हो जाओगी। मनुष्य तुम्हें अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली जानकर तुम्हारी पूजा करेंगे। पृथ्वी में लोग तुम्हें दुर्गा,भद्रकाली,विजया, चंडिका,कृष्णा,नारायणी, शारदा आदि बहुत से नामों से पुकारेंगे। देवकी के गर्भ से खींचे जाने के कारण शेष जी को लोग संसार में 'संकर्षण' कहेंगे, लोकरंजन करने के कारण 'राम' कहेंगे और बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण 'बलभद्र' भी उनका नाम होगा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब भगवान ने इस प्रकार आदेश दिया तब योगमाया ने 'जो आज्ञा' कहकर उनकी बात शिरोधार्य की। योगमाया ने देवकी का गर्भ ले जाकर रोहिणी के उदर में रख दिया। तब पुरवासी बड़े दुःख के साथ आपस में कहने लगे, हाय! बेचारी देवकी का यह गर्भ तो नष्ट ही हो गया।

भगवान भक्तों को अभय करने वाले हैं। वे सर्वत्र सब रूप में हैं। उन्हें कहीं आना जाना नहीं है, इसलिए वे वसुदेव जी के मन में अपनी समस्त कलाओं के साथ प्रकट हो गए। भगवान की ज्योति को धारण करने के कारण वसुदेव जी सूर्य के समान तेजस्वी हो गए। भगवान के उस ज्योतिर्मय अंश को वसुदेव जी के द्वारा आधान किए जाने पर देवी देवकी ने ग्रहण किया। जैसे पूर्व दिशा चंद्रदेव को धारण करती है,वैसे ही शुद्ध सत्व से सम्पन्न देवी देवकी ने विशुद्ध मन से परमात्मा एवं आत्मस्वरूप भगवान को धारण किया। भगवान सारे जगत के निवास स्थान हैं। देवकी उनका भी निवास स्थान बन गई। देवकी के गर्भ में भगवान विराजमान हो गए थे। उसके मुख पर पवित्र मुस्कान थी और उसके शरीर की कांति से बंदीगृह जगमगाने लगा था। जब कंस ने उसे देखा तब वह मन ही मन कहने लगा कि अब की बार मेरे प्राणों के ग्राहक विष्णु ने इसके गर्भ में अवश्य ही प्रवेश किया है,क्योंकि इसके पहले देवकी कभी ऐसी न थी। देवकी को मारना तो ठीक न होगा, क्योंकि वीर पुरुष स्वार्थ वश अपने पराक्रम को कलंकित नहीं करते। एक तो यह स्त्री है, दूसरे बहन और तीसरे गर्भवती है। इसको मारने से तो तत्काल ही मेरी कीर्ति, लक्ष्मी और आयु नष्ट हो जाएगी। यद्यपि कंस देवकी को मार सकता था,किंतु स्वयं ही वह इस अत्यंत क्रूरता के विचार से निवृत्त हो गया। अब भगवान के प्रति वैर का भाव मन में गांठकर वह उनके जन्म की प्रतीक्षा करने लगा। वह उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और चलते फिरते सर्वदा ही श्रीकृष्ण के चिंतन में लगा रहता। जहां उसकी आंख खुलती, जहां कुछ खड़का होता, वहां उसे श्रीकृष्ण दिख जाते। इस प्रकार उसे सारा जगत ही श्रीकृष्णमय दिखने लगा।

## देव-दानव दोनों के आराध्य शंकर

महादेव एक ऊर्जा हैं जिसका न कोई आदि हैं और न कोई अंत हैं। ध्यान के अंतिम क्षण में जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता है। ऐसा कोई स्थान नहीं है,जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना हैं, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं। वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं।



एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। असुरों के कुलगुरु शुक्राचार्य महान शिवभक्त हैं। भगवान शिव ने कई असुरों को वरदान दिया है। उनके लिए देव दैत्य सब समान हैं इसीलिए वही एक ऐसे हैं जिनकी पूजा दोनों करते हैं, जो तीनों लोकों में तिरस्कृत हैं, महादेव उन्हें अपने पास स्थान देते हैं। प्रहलाद जी के पुत्र विरोचन थे, विरोचन के पुत्र बलि तथा बलि के पुत्र बाणासुर हुए जो महान शिव भक्त थे। बाणासुर ने हजारों वर्षों तक शिव जी की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर लिया था एवं अपनी राजधानी शोणितपुर में रहने एवं सुरक्षा करने हेतु तैयार कर लिया था।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वे कभी पक्षपात नहीं करते, इसीलिए वे असुरों को भी उतने ही प्रिय हैं जितने देवों को। शिव के व्यक्तित्व में ऐसा चुंबक है जिसके कारण समाज में संपन्न लोगों से लेकर शोषित, वंचित, भिखारी तक उन्हें अपना मानते हैं। वे देव, दानव मानव सभी के महादेव हैं। वे उत्सव प्रिय हैं,जो शोक अवसाद और अभाव में भी उत्सव मनाने की उनके पास कला है। उदास परंपरा बीमार समाज बनाती है। श्मशान में उत्सव मनाने वाले वे अकेले देवता हैं। भोले बाबा का चरित्र सबसे सहज है। भारतीय मन मस्तिष्क पर सबसे प्रभावी है। भगवान शिव का एक नाम भोले बाबा भी है अर्थात् जो सरल हो जिसमें छल-कपट न हो। अब वो इतने भोले हैं कि साधारण सी वस्तु से प्रसन्न हो जाते हैं। यहां तक मान्यता है कि मात्र जल का अर्घ्य देने से वो प्रसन्न होकर मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। शिव वैकारिक,तैजस,तामस-इन तीन प्रकार के अहंकारों के अधिष्ठातृ देव हैं और राक्षस स्वभाव से ही राजस-तामस होते हैं। भोलेनाथ के नाम में ही भोले है। सब कुछ जानते बूझते भी उनके स्वभाव में भोलापन है। उन्हें आशुतोष कहा गया है अर्थात् अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाला। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं,वे तो सच्चे मन से केवल जल चढ़ाने पर भी प्रसन्न हो जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात ये कि महादेव भाव प्रधान हैं। उनके लिए पूजा की विधि कोई मायने नहीं रखती, केवल भक्ति भाव को ही वे देखते हैं। वे भौतिक और अलौकिक दोनों संपदाओं के स्वामी हैं और दोनों प्रकार से इच्छित फल प्रदान करते हैं। असुर सदैव भौतिक वस्तुएं ही वरदान में मांगते थे। देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों,राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी,लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए, इसीलिए शिव देवों के देव महादेव हैं। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। याज्ञवल्क जी कहते हैं शिव की भक्ति के बिना राम जी की भक्ति प्राप्त नहीं हुई इसीलिए रामचरित मानस में राम जन्म के पूर्व शिव कथा का प्रसंग है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने समुद्र किनारे शिवलिंग बनाकर शिवजी की पूजा की थी और शिव रुद्राष्टक स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया था। आशीर्वाद के साथ ही श्रीराम ने शिवजी से अनुरोध किया कि जनकल्याण कि लिए वे सदैव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां निवास करें। उनकी इस प्रार्थना को भोलबाबा ने सहर्ष स्वीकार किया।

## सुर-असुर

अमंत्रम् अक्षरं नास्ति,नास्तिमूलमनौषधम्।/ अयोग्यः पुरूषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।। अर्थात बिना मंत्रशक्ति का कोई अक्षर नहीं है/ बिना औषधीय गुणों के कोई जड़ (पौधा) नहीं, बिना गुण के (गुणहीन) कोई व्यक्ति नहीं, परंतु ऐसे व्यक्ति दुर्लभ हैं जिनमें समस्त गुणों को जोड़ने की सामर्थ्य है।

इस श्लोक में शाश्वत सत्य समाविष्ट है। यह हमारी सर्वथा अपनी स्वार्थ प्रेरित चिंतन दृष्टि का दोष है कि हम हर व्यक्ति, समाज या घटना का मूल्यांकन अपने-अपने दृष्टिकोण से ही करते हैं। यही स्थिति प्रारंभ में सर्वाधिक मेधावी और सशक्त मानव समूह के कालांतर में हतभाग्य में "असुर" शब्द के अपमान जनक अनर्थ की हुई थी। अन्यथा यह विवाद रहित मान्यता है कि ब्रह्मा के मानसपुत्रों में से एक महर्षि मरीचि के पुत्र, देवर्षि और ब्रह्मर्षि के रूप में सुख्यात महर्षि कश्यप प्रजापति का विवाह दक्ष प्रजापति की तेरह पुत्रियों के साथ हुआ था। इन सगी बहनों में अदित, दित्ति, दनु से क्रमशः देव, दैत्य तथा दानव उत्पन्न हुए। स्पष्ट है कि तीनों एक ही पिता से सगी बहनों से पैदा हुए सौतेले भाई थे। परस्पर स्वार्थ जनित मतभेद, प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और महत्वाकांक्षा ने कालांतर में उनमें भयंकर शत्रुता उत्पन्न कर दी। परिस्थिति वश दैत्य और दानव, देवताओं के विरोध में एक हो गए। उनमें परस्पर दीर्घ कालिकस शस्त्र संघर्ष शुरू हो गए। इन संघर्षों में यदा-कदा देवराज इंद्र, वरूण आदि को सफलता मिली, किंतु शीघ्र ही दैत्यों और दानवों की संयुक्त शक्ति देवताओं पर भारी पड़ी। प्रारंभिक वैदिक साहित्य में ही गुणों के आधार पर असुरों के विभाजन का संकेत मिलने लगता है। अच्छे गुणों वाले असुर आदित्य कहलाए और उनका नेतृत्व वरुणदेव ने किया। जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, ऋग्वेद के ही प्रारंभिक सूक्तों में इन्द्र, अग्नि आदि कई देवों का विशेषण 'असुर' प्रयुक्त हुआ है। उत्तर वैदिक युग एवं परवर्ती साहित्य में पांचवी सदी के बौद्ध दर्शन शास्त्री बुद्धघोष के अनुसार देवों ने असुरों को सुमेरु पर्वत से हराकर मध्य-पश्चिम एशिया की ओर भगा दिया था।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वाल्मीकि रामायण में असुरों की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि, "सुरा पीने वाले सुर और न पीने वाले असुर कहलाए"- "सुराप्रतिग्रहाद् देवाःसुर इत्यादि विश्रुताः। /अप्रतिग्रहणात्तस्या दैतेयेश्चासुराःस्मृताः।।" वा.रा.,बाल.,सर्ग 45 श्लोक 38. ऋग्वेद में प्राणवान या ऊर्जा संपन्न, रहस्यमय गुणों से युक्त देव, दैत्य और दानव तीनों को असुर कहा गया है। रामायण के अनुसार सशक्त असुरराज लवण का वध अयोध्या नरेश श्रीराम के सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न द्वारा वर्णित है। रामायण में ही विराध और कबंध आदि का वनवासी राम के हाथों वध वर्णित है। परवर्ती त्रिदेवों, ब्रह्मा, विष्णु, महेश में देवाधिदेव महादेव शिव तो बिना किसी भेदभाव के अपने निष्ठावान भक्तों देव, दैत्य, दानव, भूत, प्रेत, निशाचर, राक्षस आदि के प्रति परम उदार बने रहे। किंतु ऋग्वेद के उपेन्द्र विष्णु ही कालांतर में देवताओं के सर्व सामर्थ्यवान संरक्षक के रूप में उभरे जिनके कारण असुरशक्ति का स्थायी दमन संभव हुआ अन्यथा महर्षि भृगु के परम प्रज्ञावान तथा समरनीति विशेषग्य 'शुक्रनीति' के प्रवक्ता शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के कारण देव विरोधी मानव समूह के द्वारा तथाकथित निंदयनीय घोषित "असुरों" को उनके आराध्य परम कृपालु तथा देवाधिदेव महादेव के संरक्षण ने अजेय बना दिया था।

# प्रदेश

## निधि शुक्ला के घर के बाहर धमाका, कारतूस मिला

### मधुमिता की बहन ने पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लखीमपुर की कवियत्री मधुमिता हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी एक बार फिर आरोपों में घिर गए हैं। मोहल्ला हाथीपुर निवासी मधुमिता की बहन निधि शुक्ला का आरोप है कि सोमवार तड़के उनके घर के बाहर तेज धमाका हुआ। निधि का आरोप है कि अमरमणि त्रिपाठी ने ही उनके घर पर हमला करवाया है। पुलिस को छानबीन में 32 बोर का कारतूस मिला है।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी निधि शुक्ला ने बताया कि सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर जोर से धमाका हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर वे घर से बाहर निकलीं और एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित अन्य उच्च अफसरों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर पर लगी गारद से भी पूछताछ की, लेकिन कुछ भी साफ नहीं हो सका। सुबह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास देखा तो एक 32 बोर का कारतूस मिला। अफसरों ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई। टीम ने गहराई से जांच कर फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। उधर, निधि शुक्ला ने अमरमणि त्रिपाठी पर घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फायरिंग की गई है। सुरक्षा होने की वजह से हमलावर अंदर नहीं घुस पाए। निधि शुक्ला ने कहा कि उनका अमरमणि के अलावा और कोई दुश्मन नहीं है। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची थी। मामले की छानबीन की जा रही है।



निधि शुक्ला



बरामद कारतूस

▶▶ मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

### यह है पूरा मामला

लखनऊ के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को लखीमपुर शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या हुई थी। जिसके बाद कोर्ट ने 24 अक्टूबर 2007 को अमरमणि, मधुमणि, भतीजे रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश पांडेय और शूटर संतोष राय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हालांकि, अमरमणि और उसकी पत्नी मधुमणि करीब 20 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त 2023 को शासन के निर्देश पर समय से पहले ही जेल से रिहा किए जा चुके हैं।

## ईरानी ने नहीं की कोई मानहानि : हाईकोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता

▶▶ अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह की याचिका कोर्ट ने खारिज की

अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दर्शाता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची ने निचली अदालत के उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा और गांधी परिवार से सीधा संबंध रखने वाला बताया।

न्यायालय ने पत्रकारों के साथ स्मृति ईरानी की इस पूरी बातचीत को उद्धत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रश्नगत बयान देने से पूर्व दूसरे मामलों पर बात की और इस दौरान याची का नाम भी नहीं लिया। न्यायालय ने कहा कि जब याची के सम्बंध में पूछा गया तब ही उन्होंने कहा कि उसके कांग्रेस पार्टी से सम्बंध हैं और उसका आपराधिक इतिहास भी है। न्यायालय ने पाया कि याची के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। न्यायालय ने कहा कि स्मृति ईरानी के बयानों को यदि देखा जाए तो वह एक राजनीतिक दल की आलोचना कर रही थीं और याची की मानहानि करने का उनका कोई आशय नहीं था।

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

2.1. कितना 2. जो गुण

3.1. समक्ष, आमने-सामने 2. लंबाई में।

4.1. कलेजे का मांस 2. पशु-पक्षियों के कलेजे का मांस जो खाया जाता है 3. उक्त मांस का बना हुआ सालन।

5.1. आवरण हटाना 2. खोलना 3. नंगा करना, अनावृत करना 4. प्रकट करना 5. भंडा फोड़ना, गुप्त बात खोलना।

6. चाह, इच्छा।

8.1. यौन उत्पीड़न 2. स्त्री या पुरुष के साथ किया जाने वाला यौन संबंधी दुर्व्यवहार।


**ऊपर से नीचे**

1. मूल विषय, मूल कथ्य।

2. बच्चों या बंदरों आदि का प्रसन्न होने पर ज़ोर-ज़ोर से की-की शब्द करना, किलकारना, किलकारी मारना।

5. सुबह के समय होने वाला गायन, प्रभाती।

7.1. बहुत अधिक परिश्रम करना, आवश्यकता से अधिक परिश्रम करना 2. धनोपार्जन करना।



### वर्ग पहेली-6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | ■ | 2 सो | हि | नी | ■ |
| 3 शे | ख़ी | ■ | ते | ■ | ■ | ■ |
| ष | ■ | ■ | 4 जा | दू | टो | 5 ना |
| ■ | 6 अ | नं | ग | ■ | ■ | म |
| ■ | ति | ■ | 7 ते | ज़ी | ■ | लि |
| ■ | रे | ■ | ■ | ■ | ■ | खा |
| ■ | 8 क | ज | रौ | टा | ■ | ई |

## सुडोकू-86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

### सुडोकू-85 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि- द्वितीया 07.13 तक तत्पश्चात तृतीया 13 मार्च 04.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 20.29 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल संपत्ति के विवाद बढ़ सकते हैं। आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा,किंतु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं।

**वृष:** आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सेहत की समस्या दूर होगी।

**मिथुन:** आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा।

**सिंह:** आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए नकारात्मक रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें। शाम को आपका मन शांत हो सकता है।

**कन्या:** आज योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

**तुला:** आज सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज मन में कुछ अभिनव प्रयोग करने की इच्छा होगी। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जाएंगे। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। किसी को धोखा न दें।

**धनु:** आज नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाएंगे।

**कुंभ:** आज घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको बिना मांगे राय देने से बचना चाहिए।

**मीन:** आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्य-स्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
बादशाह — सुबह : 10.43
राम बलराम — रात : 07.06

**Sony Max**
एन एक्शन हीरो — सुबह : 09.00
केजीएफ चैप्टर 2 — रात : 10.24

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.02
बैटमैन बिगिन्स — रात : 08.45

**Zee Cinema**
प्लेयर्स — सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार — शाम : 04.30

**Colors Cineplex**
खुदा गवाह — सुबह : 11.22
अजब प्रेम की गजब कहानी — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10.24 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए!

पत्नी-आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति- मुझे तो तेरी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,502.64 | 22,332.65 |
| नुकसान | 616.75 | 160.90 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.72 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14600-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत

## सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा- हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ



'पैटर्न' देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा-बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है।

### फंडों से निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं

**नई दिल्ली।** स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे। दूसरी ओर लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों में 2023 के दौरान लगभग 3,000 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फिनवाइजर के संस्थापक और सीईओ जय शाह ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद मिड कैप और स्मॉल कैप फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। फिलहाल निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं है।

## फियो के नए अध्यक्ष चुने गए अश्विनी कुमार

**नई दिल्ली।** उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं। बयान के अनुसार नए फियो प्रमुख का लक्ष्य भारत के निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। कुमार ने ऐसे समय में कमान संभाली है जब वैश्विक व्यापार में भारी बदलाव आ रहा है।

# कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स में 616 अंक की आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

- दो दिनों से बाजार जारी बढ़त थमी, निफ्टी भी 160 अंक गिरा

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।



एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,200 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

# एयरलाइंस का घाटा 3-4 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

## स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को दिए गए 200 ड्रोन

**नई दिल्ली।** कोरोमंडल इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों को 200 ड्रोन उपलब्ध कराए हैं और उन्हें सही ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड अग्रणी कृषि-समाधान प्रदाताओं में से एक है। यह दो प्रमुख क्षेत्रों में काम करती है- पोषक तत्व एवं अन्य संबद्ध व्यवसाय तथा फसल सुरक्षा। इनमें उर्वरक, फसल सुरक्षा, जैव-उत्पाद, विशेष पोषक तत्व और जैविक कारोबार शामिल हैं।

# बांग्लादेश, श्रीलंका, कई अन्य देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य और उद्योग बोले-सभी हमसे कर रहे हैं बात

बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया-बांग्लादेश, श्रीलंका



पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।

गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है।

## राष्ट्रीय

# शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

## अश्लील सामग्री देखने को अपराध नहीं मानने के फैसले की सुप्रीम कोर्ट करेगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को सोमवार को 'भयावह' करार दिया जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्चतम न्यायालय राजी हो गया।

अदालत ने गत 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी,

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामला**



जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर "पर्याप्त परिपक्वता" दिखानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की उन दलीलों पर गौर किया जिसमें उच्च न्यायालय के फैसले को कानूनों के विपरीत बताया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह (मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला) भयावह है।

एकल पीठ के न्यायाधीश ऐसा कैसे कह सकते हैं? नोटिस जारी करें जिसका तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए।'' वरिष्ठ अधिवक्ता दो याचिकाकर्ता संगठनों- फरीदाबाद के 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' और नई दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

### कोर्ट ने आरोपी व पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने आरोपी चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम- 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम-2000 के तहत आपराधिक मामला रद कर दिया था।

## लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** राजस्थान के चुरू से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनो! राजनीतिक कारणों के चलते आज में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

# चुनाव समिति की बैठक में सात राज्यों पर चर्चा

**लोकसभा चुनाव**

- भाजपा की दूसरी सूची मंगलवार तक के लिए टली
- नेताओं से चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची फिलहाल टल गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सात राज्यों पर विचार विमर्श किया गया। सोमवार को दूसरी सूची जारी होने की संभावना थी लेकिन गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से पूरी चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की अधिकांश सीटों पर चर्चा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर अभी नाम तय होना बाकी है। दोनों राज्यों की सूची पर मंगलवार को अंतिम चर्चा की जाएगी।

सोमवार को देर शाम शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं गुजरात के उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

### दुष्यंत चौटाला मिले नड्डा से, हिसार से उतारेंगे प्रत्याशी

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की एक सीट जननायक पार्टी को देने जा रही है। जेजेपार्टी अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की सोमवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद उक्त जानकारी मिली है। लोकसभा की हरियाणा में 10 सीटें हैं। सभी सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा मंगलवार को होगी। नड्डा एवं दुष्यंत की मुलाकात के बाद भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा राज्य की चर्चा को टाल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा की हिसार सीट गठबंधन के तहत जेजे पार्टी को मिलने जा रही है। इसी सूचना के आधार पर हिसार के बीजेपी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। माना जा रहा है कि यदि जेजे पार्टी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी तो उसका मुकाबला कांग्रेस से होगा। कांग्रेस ने बृजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

## एक नजर

### तृणमूल कांग्रेस का 10 करोड़ से अधिक का डिमांड ड्राफ्ट जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह द्वारा प्रवर्तित एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पार्टी का 10.29 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी द्वारा ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया था।

### पत्रकार सुधीर चौधरी को गिरफ्तारी से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जनवरी में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर रांची में दर्ज एक प्राथमिकी के सिलसिले में टेलीविजन (टीवी) समाचार प्रस्तोता सुधीर चौधरी को सोमवार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद टीवी चैनल पर चौधरी ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# क्या अरविंद केजरीवाल मानहानि मामले में मांगना चाहते हैं माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा कि क्या वह आपराधिक मानहानि के एक मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर जारी समन को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी को शीर्ष न्यायालय को बताया था कि उन्होंने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से संबद्ध 'यूट्यूबर' ध्रुव राठी द्वारा प्रसार किये गए कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट कर गलती की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से, शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सार्वजनिक मंच पर माफी मांग सकते हैं। पीठ ने वकील से कहा-आप हमें बताइए कि आप क्या चाहते हैं। हम इसे दूसरे पक्ष के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता माफीनामे



का प्रारूप केजरीवाल को दे सकते हैं। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा-इसलिए, यदि आप माफी मांगना चाहते हैं तो अपने अधिकारों और दलीलों के पूर्वाग्रह के बिना इसका प्रसार कर सकते हैं। उन्हें पड़ताल करने दें। पीठ ने कहा-अन्यथा हम इस कानूनी मुद्दे की जांच करेंगे कि क्या केवल रीट्वीट करना अपराध है या नहीं... हम आपसे सहमत हो सकते हैं, हम दूसरे पक्ष से सहमत हो सकते हैं। हम उसकी पड़ताल करेंगे। जब वकीलों में से एक ने निर्देश लेने के लिए वक्त मांगा, तब पीठ ने कहा- उन्हें माफीनामा दिखाइए। यदि वह इससे सहमत होते हैं तो ठीक है। मामले को 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है।

# शरजील की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

**2020 के सांप्रदायिक दंगों से संबंधित मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) के आरोपों समेत वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के मामले के संबंध में जमानत देने का अनुरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसे गलत तरीके से जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि वह इस मामले में दोषी ठहराए जाने की सूरत में मिलने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में काट चुका है। अभियोजन के अनुसार, इमाम ने अपने भाषण में असम तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की धमकी दी थी।

## संसद में सुरक्षा चूक : जांच के लिए पुलिस को मिल गया और समय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा चूक मामले में उसकी जांच पूरा करने के लिए और समय दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और दिए। इससे पहले अभियोजन पक्ष ने एक आवेदन दायर कर अदालत से अनुरोध किया कि कुछ रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित हैं और आंकड़ों की जांच में भी समय लगेगा। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का और समय देने का आग्रह किया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोस कक्ष में कूद गए थे।

# तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**पुदुकोट्टई।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को पुदुकोट्टई जिले से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय के अधिकारियों ने मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म में स्थित एक शेड से हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क (निवारक) क्षेत्र के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट कहा गया कि सूचना के आधार पर ये मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें कहा गया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि झींगा फार्म में स्थित एक शेड में भारी मात्रा में हशीश और गांजा छिपाए गए हैं।


# सरकार के विकास कार्यों से विपक्षी नेताओं की नींद उड़ गई

गुरुग्राम, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से 'इंडिया' गठबंधन के



नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोल पीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

### मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ 'ड्रोन दीदियों' से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं।

# विदर्भ को सस्ते में समेट मुंबई ने 260 रन की बनाई बढ़त

## रणजी फाइनल के दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई की स्थिति मजबूत

मुंबई, एजेंसी



अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी फाइनल के दूसरे दिन सोमवार को विदर्भ के खिलाफ 260 रन की बढ़त बनाकर मैच पर शिकंजा कस दिया।

रहाणे ने 104 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली तो मुशीर ने भी नाबाद 51 बनाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 2 विकेट पर 141 रन पहुंचाया। पहले दिन 224 रन बनाने के बाद मुंबई ने दूसरे दिन विदर्भ को 105 रन पर समेटकर 119 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में भी मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने दोनों बल्लेबाज पृथ्वी साव (11) और भूपेन लालवानी (18) के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रहाणे और मुशीर ने पारी को संभाला। पृथ्वी को यश ठाकुर ने और भूपेन ने हर्ष दुबे ने आउट किया। मौजूदा सत्र में रहाणे ने अपना सिर्फ दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मुंबई को विदर्भ के दिग्गज स्पिनर आदित्य सरवटे की चोट से भी फायदा मिला। इससे पहले विदर्भ की टीम सुबह 3 विकेट पर 31 रन से आगे खेलने उतरी। टीम का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और टीम 105 रन पर सिमट गई। रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे (19) ने एक छोर संभाले रखा। यश राठौड़ 27 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान, धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने तीन-तीन विकेट लिए। धवल ने अथर्व ताइडे (23) को विकेटकीपर हार्दिक तमोरे के हाथों कैच कराके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। मुलानी ने ठाकरे को पगबाधा किया। बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी ने हर्ष दुबे (1) को भूपेन के हाथों कैच कराया। यश राठौड़ इसके बाद तनुष की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इस स्पिनर ने इसके बाद यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) की पारी का भी अंत किया।

# सात्विक-चिराग आल इंग्लैंड में करेंगे भारत की अगुवाई

बर्मिंघम, एजेंसी

फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब जीता था। वहीं रविवार रात फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया और पेरिस में जीत दर्ज की। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में उनका सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। लक्ष्य सेन का पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला होगा। एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में विक्टर एक्सेलसेन से खेलेंगे जबकि प्रियांशु राजावत का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो होगा। महिला में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती से खेलेंगी।

• भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है यह खिताब



### सिंधू का वोन्ने से होगा मुकाबला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा, जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वापसी की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई।

## खेल डायरी

### पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक



**नई दिल्ली।** भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक पाया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223 .2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230 .0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202 .8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### अमेरिका ने ब्राजील को हराकर गोल्ड कप जीता

**सेन डिएगो।** लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने करीबी फाइनल में जीत दर्ज की। अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी। अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे, जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी है। इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।

### मुक्केबाज निशांत ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

**बस्तो असिसियो (इटली)।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है, जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के 4 कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिए पांचवां कोटा पा सकें। उनका सामना विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोंस से होगा।

### 16 से अभ्यास करेंगे एलएसजी के खिलाड़ी

**लखनऊ।** आईपीएल की तैयारियों के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के खिलाड़ियों का राजधानी में आना जल्द ही शुरू जो जाएगा। आईपीएल के लिए खिलाड़ी नेट्स पर 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में अभ्यास शुरू करेंगे। इस दिन तक सभी खिलाड़ियों के लखनऊ आ जाने की संभावना है। लखनऊ में पहला मुकाबला 30 मार्च को होना है। इस मुकाबले में सुपरजायंट्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। इसके बाद टीम को 10 अप्रैल को गुजरात टाइटंस का सामना करना होगा।

### स्वियातेक ने नोस्कोवा से हार का लिया बदला




**इंडियन वेल्स।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को मात दी, जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराया। अल्काराज का सामना अब हंगरी के फेबियन मारोज्सान से होगा। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा, जिसने मेडिसन कीस को मात दी। फ्रांसिस टियाफो भी स्टेफानोस सिटसिपास से हार गए। सिटसिपास का सामना अब लेहेका से होगा। वहीं कैटी वोलिनेट्स को कैरोलिन वोज्नियाकी ने हराया। अमेरिका के बेन शेल्टन ने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को मात दी।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी

## बीसीसीआई सचिव ने कहा- शमी आईपीएल और टी-20 विश्व कप से रहेंगे बाहर

धर्मशाला, एजेंसी







टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी।

शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी से वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे सत्र से बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी 4 मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी को तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। वह अच्छी बल्लेबाजी और कीपिंग कर रहा है। हम जल्द उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी-20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी है।

### मैकुलम ने स्वीकारा, बैजबॉल शैली में सुधार की जरूरत



**धर्मशाला।** भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था, लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। मैकुलम ने कहा कि जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस उजागर हुई है, हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित हुए। गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया। 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली श्रृंखला गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम तीन श्रृंखलाओं में जीत नहीं सकी है, जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं।

### स्टोक्स ने भारत को दबदबा बनाने का मौका दिया: चैपल




**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों से उनकी टीम श्रृंखला में 1-4 से पिछड़ गई। रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आखिरी सत्र के दौरान विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को गेंद थमानी चाहिए थी लेकिन स्टोक्स ने जो रूट से गेंदबाजी कराई, जिससे टीम को नुकसान हुआ। भारत ने इसका फायदा उठाया और 8 ओवरों में 40 रन बनाए। भारत ने इस मैच को 5 विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त बनाई थी। स्टोक्स ने रांची में कुछ और गलतियां की। आखिरी दिन खराब क्षेत्ररक्षण से भारतीय बल्लेबाजों को एक-एक रन बनाने का मौका दिया। जब स्टोक्स को कप्तानी में आक्रमक रवैया अपनाने की जरूरत थी तब उन्होंने लचर रवैया दिखाया।

# विनेश ने बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

पटियाला, एजेंसी

### कुश्ती ट्रायल



महिलाओं के कुश्ती चयन ट्रायल के नाटकीयता से भरे दिन में पहलवान विनेश फोगट सोमवार को यहां 50 किलो वर्ग का मुकाबला जीतने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों को अपना नमूना दिए बिना चली गईं। सूत्र ने बताया कि नाडा की टीम ट्रायल विजेताओं के डोप नमूने लेने के लिए आई थी, लेकिन विनेश ने नमूना नहीं दिया। कुश्ती तदर्थ समिति के अधिकारी ने बताया कि डोपिंग जांच के लिए विनेश के नमूना देने से इनकार करने की उन्हें जानकारी नहीं है। नाडा के नियमों के अनुसार, नमूना देने से मना करने या विधिवत अधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिसूचना के बाद बिना किसी ठोस कारण के नमूना नहीं देना डोपिंग रोधी नियमों (एडीआरवी) का उल्लंघन है। इससे पहले सुबह पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में विनेश ने महिलाओं के 50 और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भार वर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। तदर्थ समिति के उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले ओलंपिक क्वालीफिकेशन में जगह बनाई हालांकि 53 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलो के ट्रायल के लिए साइ केंद्र पहुंची थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन विनेश सोमवार को दो भार वर्गों के ट्रायल में शामिल हुईं। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलो में उतरती थी लेकिन अंतिम पंघाल को कोटा मिलने से उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने 50 और 53 किलो में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तदर्थ समिति पहले कह चुकी है कि 53 किलो के अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया जीत के साथ दूसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले हैं। अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 6 मैच ही खेले हैं। भारत 68.51 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने नौ में से छह मैच जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट वेलिंगटन में 172 रन से जीता था।

# मूनी-शबनम के शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने यूपी को 8 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



कप्तान बेथ मूनी के नाबाद अर्धशतक के बाद शबनम की गेंदबाजी से गुजरात ने सोमवार को यूपी को 8 रन से हरा दिया।

गुजरात के 153 रन का पीछा करते हुए यूपी ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। दीप्ति शर्मा (88*) ने पूनम खेमनार (36*) के साथ छठे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की लेकिन यूपी की टीम 5 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। गुजरात की तेज गेंदबाज शबनम ने 3 विकेट लिए। मूनी ने (74*) लॉरा वोलवार्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़कर गुजरात को 8 विकेट पर 152 रन तक पहुंचाया। यूपी ने चौथे ओवर में 16 रन तक 4 विकेट गंवा दिए। शबनम ने एलिसा हीली (4) को मन्नत और चामरी अटापट्टू (0) को एशलेग गार्डनर के हाथों कैच कराया। कैथरीन ब्राइस ने किरण नवगिरे (0) को मन्नत के हाथों जबकि एशलेग ने हैरिस (1) को भारती के हाथों कैच कराया। शबनम ने श्वेता (8) को बोल्ड कर यूपी को पांचवां झटका दिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 152/8, लॉरा वुलफार्ट 43 (30 गेंद), बेथ मूनी 74* (52 गेंद), एश्ली गार्डनर 15 (10 गेंद)। **विकेट:** दीप्ति 2, सोफी 3।

**यूपी वॉरियर्स :** 144/5, दीप्ति शर्मा 88* (60 गेंद), पूनम खेमनार 36* (36 गेंद)। **विकेट:** शबनम एम डी 3, कैथरीन ब्राइस 1।




# होली पर रंगों के साथ धूम मचाएंगी माही



**मुंबई, एजेंसी।** रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत 'तेल लगा ला नवरतन के' रिलीज हो गया है। रितेश पांडे और शिल्पी राज का गाया होली गीत वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स से रिलीज हुआ है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। इस गाने में देवर बने रितेश पांडे भाभी बनी माही श्रीवास्तव से होली की मस्ती और हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। निर्माता रत्नाकर ने कहा कि दोनों कलाकारों ने इसमें अपना 100 दिया है। गाना बहुत ही सुंदर बनाकर तैयार हुआ है। यही कारण है कि गाना यूट्यूब पर बार बार देखा व सुना जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक इसे लाखों की तादाद में देखेंगे और इस ए सुपरहिट बनाएंगे। रितेश पांडे ने कहा कि यह गाना होली के रंगों और देवर भाभी की मस्ती को दर्शाता है। इसमें भाभी और देवर के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

### अरविंद अकेला कल्लू का होली गीत हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना यार+भतार=देवर रिलीज हो गया है। गाना यार+भतार=देवर को लेकर कल्लू ने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ देवर और भाभी के बीच अतरंगी संवाद वाला भी होता है। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है जो हमारी लोक संस्कृति में बसती है। उसी को केंद्र में रखकर यह गाना बनाया गया है जो दर्शकों को भी पसंद आ रहा है। गाने को हमने नएपन के साथ रिलीज किया है और इसमें एक अलग अंदाज के साथ स्वैग देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि मेरा यह गाना सबको पसंद आएगा और आगे भी मैं होली के एक से बढ़कर एक गाने लेकर आता रहूंगा और अपने श्रोताओं की होली को यादगार बना दूंगा।

# जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार



**मुंबई, एजेंसी।** विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया। इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, जो इस फिल्म के साथ अपने फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं।

### शाहरूख बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

22वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स से नवाजी गई। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स- जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन- स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक- जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग- जवान के लिए सुमित अरोड़ा, बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल- अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स- कुमार (चलिया- पठान) के लिए चुने गए।

# द लॉस्ट गर्ल: खोई हुई बच्ची के भावनाओं की कहानी




1984 के दंगों पर आधारित एक और फिल्म दर्शकों के दरवाजे पर खड़ी है। हालांकि इस बार फिल्म का नाता सियासी नहीं बल्कि सामाजिक है। ये फिल्म एक छोटी बच्ची के नजरिए से परदे पर उतारी गई है। वो बच्ची दंगों के दौरान खो जाती है और फिर उसकी जिंदगी के साथ-साथ चल पड़ती है फिल्म की रील। फिल्म का नाम है द लॉस्ट गर्ल। हाल ही में फिल्म के दो गाने पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल ने रिलीज किए। रब तू ही बता और लिल्लो की साइकल। दोनों ही गीत सोशल मीडिया पर पसंद किए जा रहे हैं। इस फिल्म को जमीन पर उतारने में दो बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकारों की भूमिका है जो लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। द लॉस्ट गर्ल के लेखक और निर्देशक हैं आदित्य रानोलिया और निर्देशन में उनका साथ निभाया है प्रभात ठाकुर ने। प्रभात आर्ट डायरेक्टर के तौर पर लंबी पारी खेल चुके हैं। उनके खाते में मकबूल, हेराफेरी, आंखें और रांझणा जैसी फिल्में हैं। आदित्य का नाम बॉलीवुड के कामयाब सेट डिजाइनर्स में से एक है। इस फिल्म में कई परिचित चेहरों के साथ-साथ कुछ नई प्रतिभाओं का काम देखने को मिलेगा। परदे पर मुख्य भूमिका में प्राची बंसल, भूपेश सिंह, पूनम डांगड़ा, अरोनिका रानोलिया हैं तो परदे के पीछे नए-पुराने फनकारों की टीम है। युवा फिल्मकार प्रगीत शंकर को निर्देशन में सहायक के तौर पर हाथ आजमाने का मौका मिला है। फिल्म का संपादन अरविंद शुक्ला ने और म्यूजिक डायरेक्टर विवेक अस्थाना हैं। विवेक की बनाई धुनों पर अपूर्व आशीष, नेहा राजपाल और वीणा जोशी ने बेहद भावुकता भरे गीत गाए हैं। अगले महीने 5 अप्रैल को पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आदित्य रानोलिया और प्रभात ठाकुर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

• **शारदा शुक्ला** (वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ)

### फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी बने इमरान

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आएंगे। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान भी मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी गेस्ट अपीयरेंस में हैं, जो स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया का किरदार निभा रहे हैं। प्राइम वीडियो ने पोस्टर शेयर किया है, जिसमें राम मनोहर लोहिया के रूप में इमरान हाशमी हैं। इमरान ने कहा, मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना सम्मान की बात थी। मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# यमन में अलकायदा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत

सना, एजेंसी



• अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम किया था घोषित

यमन की अल-कायदा शाखा के प्रमुख खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है। आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है। अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें अल-बतरफी को अल-कायदा के काले और सफेद झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है। वीडियो में बतरफी की मौत के कारण के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया और उसके चेहरे पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नजर नहीं आया। ऐसा माना जाता है कि अल-बतरफी की उम्र करीब 40 वर्ष थी। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप' के अनुसार, आतंकवादियों ने वीडियो जारी कर बतरफी की मौत की जानकारी दी। संगठन ने यह घोषणा रमजान की पूर्व संध्या पर की। यमन में सोमवार से मुसलमानों का पवित्र माह शुरू होने वाला है। उसने घोषणा की कि अब साद बिन अतेफ अल-अवलाकी उसका नेता होगा। अमेरिका ने अवलाकी पर 60 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

# सीएए... नए कानून में क्या हैं प्रावधान

*नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक रास से पारित हुआ था। आईए जाने इसके बारे में...*



### प्रावधान में शामिल हैं ये शर्तें

नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद किया जा सकता है।

### किसे मिल सकेगी नागरिकता

सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

### कैसे करें आवेदन

नागरिकता पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

### कानून की इन मुख्य बातों पर दें ध्यान

- नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं। ये समूह अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। इसका मतलब यह है कि अवैध प्रवासियों के इन समूहों को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने घाटी पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**श्रीनगर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार और निर्वाचन आयोग के नौ अन्य अधिकारियों की टीम का सोमवार को कोई औपचारिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि समीक्षा प्रक्रिया के तहत टीम मंगलवार को नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करेगी।

### अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी तीन लोगों की मौत, कई घायल

**जोन्सबोरो (अमेरिका)।** अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जोन्सबोरो में घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना में हमलावर की भी मौत हुई है। घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रहे विमान में लगे झटके, 50 घायल

**सिडनी।** सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। मीडिया के मुताबिक, लताम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला।

### बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में सात लोगों को किया गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में म्यांमार के तीन नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने कहा- खुफिया सूचना के आधार पर आरडीएस बंगतलांग जंक्शन के पास एक पिकअप ट्रक में सवार सात लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 2.86 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा तथा 4.7 करोड़ म्यांमार क्यात जब्त किया है। नकदी लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए गए पिकअप ट्रक को भी जब्त किया गया है। असम राइफल्स ने बताया है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन, जंगनान भारत का हिस्सा नहीं

## चीन ने कहा-सीमा विवाद अभी हल नहीं हुआ है, भारत को विकास का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। उनके इस दौरे के बाद चीन बौखला गया है।

चीन ने उनके इस दौरे को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने अधिकार का दावा करते हुए कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल ही होंगे। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि भारत ने हमेशा उसके इन दावों को खारिज किया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को हुई अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि चीन-भारत सीमा प्रश्न अभी तक हल नहीं हुआ है। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शनिवार को दौरा

पीएम मोदी ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। इस सुरंग का रणनीतिक रुप से काफी महत्व है। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर बनी 825 करोड़ की सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सड़क सुरंग माना जा रहा है।

### अरुणाचल पर अपना दावा करता है ड्रैगन




भारत-चीन के बीच जिन क्षेत्रों को लेकर विवाद है, उनमें अरुणाचल प्रदेश भी है। चीन का दावा है कि भारत जिस इलाके को अरुणाचल प्रदेश बताता है वो दक्षिण तिब्बत है। और इस पर उसका अधिकार है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। 1962 में यहां हमला कर उसने अरुणाचल के एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया था। साल 2021 में उसने अरुणाचल की सीमा से लगे 15 स्थानों के नाम बदल दिए थे।

### अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

चीन पहले भी इस तरह के दावे करता रहा है। हालांकि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन द्वारा इस इलाके का नामकरण करने के ड्रैगन के कदम को भी खारिज कर दिया था। भारत ने इस तरह के कदमों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

## गाजा में युद्धविराम की फिर कोशिश करेगा अमेरिका: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को रमजान से पहले दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय को बधाई दी।



उन्होंने अपने संदेश में इस्राइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका इजराइल के बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते के तहत गाजा में कम से कम छह हफ्ते के तत्काल युद्धविराम के लिए काम करना लगातार जारी रखेगा।

बाइडन ने कहा, हम स्थायी और दूरगामी स्थिरता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। हम इजराइल-फिलिस्तीन के बीच दो राष्ट्र समाधान पर भी सहमति की कोशिशें जारी रखेंगे, ताकि फलस्तीन और इस्राइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। स्थायी शांति का यही इकलौता रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जमीन, हवाई मार्ग और समुद्र के माध्यम से गाजा में ज्यादा से ज्यादा मानवीय सहायता मुहैया कराने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का नेतृत्व करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह पवित्र महीना चिंतन और एक नई शुरुआत का समय है।

# राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की प्रथम महिला का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है।

देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। मीडिया के अनुसार, आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं।



### गार्सेटी ने एक हजार वीजा आवेदकों का किया साक्षात्कार

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक हजार पर्यटक वीजा आवेदकों के साक्षात्कार के लिए शनिवार यानी की नौ मार्च को अपने दरवाजे खोले। फिंगरप्रिंट के सत्यापन प्रक्रिया में सहायता करने के लिए राजदूत एरिक गार्सेटी ने दूतावास टीम की कमान संभाली। यह 2024 में आयोजित 'सुपर सैटरडे' वीजा प्रसंस्करण कार्यक्रम का हिस्सा है। मुंबई वाणिज्य दूतावास ने भी नौ मार्च को अपने दरवाजे खोल दिए थे।



## बर्फ का पहाड़ बना बाधा...





**मनाली:** अटल टनल यातायात के लिए बंद है, लेकिन आपात स्थिति के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। भारी हिमपात होने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पहाड़ी हिस्सों में जगह जगह हिमस्खलन हो रहा है। अटल टनल के उत्तरी पोर्टल के पास हुए हिमस्खलन से मनाली केलंग राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्फ हटाते सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी और कार्यकर्ता। ● एजेंसी

## अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया सम्मानित

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है।

न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदु ल्यू और मेघा देसाई को सम्मान दिया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

# नदारद कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरों को काम पर रखा, कार्रवाई

आईजोल, एजेंसी



• लालडुहोमा सरकार ने तीन हजार सरकारी कर्मचारियों पर की कार्रवाई

मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है ।

पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं।

मीडिया के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया।

## हरियाणा के रेवाड़ी में वाहनों की टक्कर से 6 की मौत, कई घायल

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य छह लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे।

जो खाटू श्याम से लौट रहे थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई जैसे-तैसे साथ में आए लोगों ने एक दूसरे को संभाला। रेवाड़ी के पास एसयूवी ने पीछे से टक्कर मार दी। शादी से लौट रहे एसयूवी में सवार भी घायल हुए हैं।

**विज्ञान** एक दशक पहले से ही वैज्ञानिक दूरबीनों के निर्माण की जुगत में लगे हैं, अब एनएसएफ की आर्थिक मदद पर निर्भर


# सबसे बड़ी दूरबीनों का निर्माण अधर में लटका, भारत की 10% हिस्सेदारी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन दुनिया की सबसे बड़ी दो दूरबीनों (टीएमटी व जीएमटी) का भविष्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) ने अपेक्षित आर्थिक मदद देने से इंकार कर देने के चलते महत्वाकांक्षी परियोजना का सपना फिलहाल अधूरा है।

टीएमटी परियोजना में भारत की दस फीसदी की हिस्सेदारी है। करीब एक दशक पहले से खगोलशास्त्री दोनों प्रमुख दूरबीनों के निर्माण के जुगत में लगे हुए हैं। जिसमें एक का नाम विशाल मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) है, जबकि दूसरे का नाम तीस मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) है। टीएमटी उत्तरी गोलार्ध में अध्ययन करेगी और जीएमटी दक्षिणी गोलार्ध की कमान संभालेगी। टीएमटी में भारत की भागीदारी है। इन दोनों दूरबीनों का निर्माण राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की आर्थिक मदद पर निर्भर है। एनएसएफ 1.6 बिलियन डॉलर बजट देने को तैयार है। मगर खर्चा इससे कहीं अधिक होना है। यह दोनों शक्तिशाली दूरबीनें हैं, जो आधुनिक खगोल विज्ञान को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दूरबीनें खोज की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान होंगी। मगर जितना बजट दिया जा रहा है, उससे एक दूरबीन ही बन सकती है। जिससे वैज्ञानिकों का दोनों गोलार्द्धों में खोज की दिशा का समावेश संभव नही है। दोनों दूरबीनों का निर्माण कार्य चल रहा है और किसी भी एक दूरबीन का कार्य बीच में छोड़ा नही जा सकता है। जिस कारण अमेरिकी खगोल विज्ञान समुदाय बेहद चिंतित है विशालकाय मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) का निर्माण कार्य चिली के रेगिस्तान में चल रहा है, इसकी लागत लगभग 2.54 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) हवाई में मौना के नामक एक पर्वत में लगाए जाने की योजना बनाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इस दूरबीन को लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फ़िलहाल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।



टीएमटी व जीएमटी दूरबीन का डिजाइन।

### तेजी से चल रहा टीएमटी उपकरणों का निर्माण

टीएमटी में 492 दर्पण खंडों में से 100 का कार्य समाप्त हो चुका है। इस दूरबीन का व्यास 30 मीटर है। जीएमटी 8.4 मीटर व्यास की होगी। यह दोनों ऑप्टिकल दूरबीनें हैं। पृथ्वी की सतह पर इतनी बड़ी दूरबीन अभी तक स्थापित नही की जा सकी हैं। टीएमटी निर्माण में भारत की हिस्सेदारी का कार्य कोविड से पहले ही डिजाइन किया जा चुका है। टीएमटी हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में 12 गुना अधिक क्षमतावान होगी। बता दें, 13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फिलाहल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

# कावेरी का पानी कर्नाटक का है, तमिलनाडु का नहीं

• जल संकट के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर लगाई रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं।

कृष्णराज सागर के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, अभी किसी भी कीमत पर कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने का सवाल ही नहीं उठता है। कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और आलोचना के बीच, शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि कावेरी का पानी बेंगलुरु के लिए है, न कि पड़ोसी राज्य के लिए। जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे शिवकुमार ने कहा, अब किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने का सवाल ही नहीं है, हमने नहीं छोड़ा है...तमिलनाडु में कितना पानी जाता है, इसका हिसाब है। अगर आज पानी छोड़ा जाए तो वहां तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे।



### हमने कई कठोर कदम उठाए हैं: शिवकुमार

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है। हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है।